


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 209 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.5 2081 सोमवार, 21 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## बारामूला में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी मार गिराया

श्रीनगर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला के उरी सेक्टर में शनिवार देर रात सुरक्षाबलों ने सीमापार से घुसपैठ कर रहे एक आतंकी को मार गिराया। घटना कमालकोट इलाके की है। सुरक्षाबल अन्य आतंकियों को ढूंढने के लिए ऑपरेशन चला रहे हैं।

इससे पहले पुंछ में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 3 ग्रेनेड और 1 पिस्तौल भी बरामद की गई है। सेना के अधिकारियों ने बताया ये दोनों जम्मू-कश्मीर गजनवी फोर्स नाम के संगठन से जुड़े हाइब्रिड आतंकी हैं। हाइब्रिड आतंकी आम नागरिकों की तरह ही इलाके में रहते हैं, लेकिन चोरी-छिपे आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होते हैं या आतंकियों की सहायता करते हैं।

# पीएम ने 7 एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स इनॉग्रेट किए

## 3 नए एयरपोर्ट, 6100 करोड़ खर्च होंगे, 2.3 करोड़ पैसेंजर्स को फायदा



नई दिल्ली/वाराणसी, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 5 राज्यों के 7 एयरपोर्ट से जुड़े 6100 करोड़ रुपये के अलग-अलग प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इसमें उत्तर प्रदेश के सहारनपुर, मध्य प्रदेश के रीवा और छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में नए एयरपोर्ट का उद्घाटन भी शामिल है। इन तीनों एयरपोर्ट के शुरू होने से पैसेंजर्स अराइवल की क्षमता सालाना 2.3 करोड़ बढ़ जाएगी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के वाराणसी में मौजूद लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे के विस्तार के साथ-साथ नए टर्मिनल भवन की आधारशिला भी रखी गई। ये 2870 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होगा।

वहीं, आगरा एयरपोर्ट पर 570 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले सिविल एन्क्लेव की भी आधारशिला रखी गई। बिहार के दरभंगा एयरपोर्ट पर 910 करोड़ और पश्चिम बंगाल के बागडोगरा एयरपोर्ट पर 1550 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले सिविल एन्क्लेव का भी शिलान्यास हुआ।

इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से अभी यहां हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। इसमें देश और यूपी के विकास को नई ऊंचाई देने वाले प्रोजेक्ट हैं। आज यूपी-बिहार-पश्चिम बंगाल-एमपी और छत्तीसगढ़ में अलग-अलग एयरपोर्ट का शुभारंभ भी हुआ है। इसमें बाबतपुरा एयरपोर्ट के अलावा आगरा और सहारनपुर का सरसावां एयरपोर्ट भी शामिल है।

## एक लाख नौजवानों को राजनीति में लाऊंगा

### ये परिवारवादी मानसिकता को मिटाने का अभियान, काशी में 6700 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास

वाराणसी, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को अपने लोकसभा क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। एयरपोर्ट पर सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उनका स्वागत किया। मोदी एयरपोर्ट से सीधे शंकरा आई हॉस्पिटल पहुंचे और बटन दबाकर इसका उद्घाटन किया। शंकराचार्य स्वामी शंकर विजयेंद्र सरस्वती से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

इसके बाद शहर के सिगरा स्टेडियम पहुंचे और स्टेडियम का मॉडल देखा। यहां मोदी के मंच पर पहुंचते ही 'हर-हर महादेव' के नारे लगाए। यहां उन्होंने 6700 करोड़ की 23 परियोजनाओं की सौगात दी। इसके बाद उन्होंने भोजपुरी में कहा, आज फिर बनारस के घर आवे का मौका मिलल हौ।

इस मौके पर मोदी ने कहा हमारी काशी अब खेलों का भी बहुत बड़ा केंद्र बनती जा रही है। सिगरा स्टेडियम अब नए रंग रूप में आपके सामने है। नए स्टेडियम में राष्ट्रीय प्रतियोगिता से लेकर ओलंपिक तक की तैयारियों के इंतजाम हो गए हैं। यहां खेलों की आधुनिक सुविधाएं बनी हैं। काशी के नौजवानों और खिलाड़ियों का समार्थ्य क्या है।

ये हमने सांसद खेल प्रतियोगिता के दौरान हमने देखा है। अब पूर्वांचल की हमारी बेटा-बेटी का बड़ा खेल की तैयारी की अच्छी सुविधा मिल गइल है। >14

# 30 विमानों को धमकी

## केंद्र ने डीजीसीए प्रमुख को हटाया

### एनआईए और आईबी से रिपोर्ट मांगी, एविएशन सिक्योरिटी चीफ बोले- हमारा आसमान सुरक्षित

नई दिल्ली/मुंबई, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश में यात्री विमानों को मिल रही धमकी का सिलसिला लगातार जारी है। शनिवार को 30 से ज्यादा विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके चलते विमानों की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फिर पूरी जांच पड़ताल के बाद विमानों को रवाना किया गया। इसके चलते सैकड़ों यात्री घंटों परेशान हुए। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी से डिटेल रिपोर्ट मांगी है। सीआईएसएफ, एनआईए और आईबी को भी रिपोर्ट देने को कहा गया है। वहीं, देर शाम केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने डीजीसीए प्रमुख विक्रम देव दत्त को पद से हटाते हुए कोयला मंत्रालय में सचिव बना दिया। इस बदलाव को धमकी वाले मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है।

वहीं, एक साथ 30 धमकियां मिलने के बाद विमान कंपनियों के बड़े अधिकारियों ने ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के अफसरों से मुलाकात की। ब्यूरो के डायरेक्टर जनरल जुल्फिकार हसन ने उन्हें भरोसा दिलाया कि भारतीय आकाश पूरी तरह सुरक्षित है।

विमान में बम होने की सूचना मिलने पर फ्लाइट को अपने निर्धारित एयरपोर्ट के बजाय नजदीकी हवाई अड्डे पर उतारा जाता है। इससे ईंधन की खपत तो ज्यादा होती ही है, विमान की दोबारा जांच करने, यात्रियों को होटलों में ठहराने और उन्हें उनके मंजिल तक पहुंचाने के लिए व्यवस्था करनी पड़ती है।

इन सब पर करीब 3 करोड़ रुपये तक खर्च हो जाते हैं। इस हफ्ते विस्तारा, एअर इंडिया, इंडिगो, अकासा, स्पाइसजेट, स्टार एयर और अलायंस एयर की 70 से ज्यादा घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को धमकी मिल चुकी है।

# महाराष्ट्र भाजपा ने 99 कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी की

## डिप्टी सीएम फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले कामठी से चुनाव लड़ेंगे



मुंबई, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को बीजेपी ने 99 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की। इनमें 6 सीटें एसटी और 4 सीटें एससी के लिए हैं। वहीं, 13 सीटों पर महिलाओं को टिकट दिया गया है।

डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण पश्चिम से चुनाव लड़ेंगे। महाराष्ट्र बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी सीट से टिकट दिया गया है। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को भोकर विधानसभा से उतारा गया है। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को कोलाबा से और नितेश राणे को कंकावली से टिकट मिला है। नार्वेकर शिवसेना और एनसीपी विधायकों की सदस्यता खत्म नहीं करने को लेकर विपक्ष के निशाने पर रहे हैं। नितेश राणे मुस्लिम विरोधी बयानों को लेकर अभी विवादों में हैं।

महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। चुनाव नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। 20 नवंबर को ही नांदेड़ लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव होगा। इसके प्रत्याशी का ऐलान अभी नहीं हुआ है।

महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को 2024 को खत्म हो रहा है। महाराष्ट्र में महायुति यानी शिवसेना, भाजपा और एनसीपी अजित पवार गुट की सरकार है। एंटी इनकम्बेंसी और 6 बड़ी पार्टियों के बीच बंटने वाले वोट को साधना पार्टी के लिए बड़ी चुनौती होगी।

2024 लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 सीटों में इंडिया गठबंधन को 30 और एनडीए को 17 सीटें मिलीं। इनमें भाजपा को 9, शिवसेना को 7 और एनसीपी को सिर्फ 1 सीट मिली। भाजपा को 23 सीटों का नुकसान हुआ। 2019 लोकसभा चुनाव से एनडीए को 41 सीटें मिली थीं। 2014 में यह आंकड़ा 42 था। यानी आधे से भी कम।

2024 लोकसभा चुनाव के हिसाब से भाजपा 60 सीटों के आसपास सिमट जाएगी।

# बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में 10वीं गिरफ्तारी

## नवी मुंबई से भगवंत सिंह पकड़ा गया, मर्डर के लिए हथियार लेकर उदयपुर से मुंबई आया था



मुंबई, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में 10वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। नवी मुंबई इलाके से आरोपी भगवंत सिंह को पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि भगवंत सिंह एक आरोपी के साथ हथियार लेकर उदयपुर से मुंबई गया था। वह शुरू से ही शूटर्स और साजिशकर्ताओं के संपर्क में था।

मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की 15 टीमें अलग-अलग एंगल से मामले की जांच कर रही हैं। एक दिन पहले 19 अक्टूबर को पांच आरोपियों को पकड़ा गया था। पुलिस ने डोंबिवली से नितिन सप्रे, पनवेल से रामफुल चंद कनौजिया, संभाजी किशोर पारधी, प्रदीप दत्तू थोम्ब्रे और चेतन पारधी को अंबरनाथ से गिरफ्तार किया था। ये सभी लोग मुख्य साजिशकर्ता शुभम लोनकर और मास्टरमाइंड मोहम्मद जीशान अख्तर के संपर्क में थे। ये दोनों अभी फरार हैं। कोर्ट ने सभी को 25 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड में भेज दिया है। 12 अक्टूबर की रात को बाबा सिद्दीकी की उनके बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस गैंग ने ली है। गैंग ने बाबा के मर्डर का कारण बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान को बताया है। सलमान को आज भी ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है।



# रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास तेज धमाके से दहले लोग

## > एफएसएल टीम ने एकत्र किए नमूने




नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में रविवार को धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाके की आवाज सीआरपीएफ स्कूल की दीवार से सुनाई दी थी। धमाके के बाद धुएं का गुबार भी दिखाई दिया। डीसीपी रोहिणी अमित गोयल ने बताया कि एक्सपर्ट को बुलाया। मौके पर पहुंची एफएसएल टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं।

रोहिणी के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि धमाके के कारणों का पता लगाने के लिए एक्सपर्ट्स को बुलाया गया। यह स्पष्ट नहीं है कि धमाका किस प्रकार का था और इसका स्रोत क्या है। डीसीपी ने कहा कि विशेषज्ञ टीम ही स्थिति की विस्तृत जानकारी दे पाएगी। क्राइम ब्रांच स्पेशल सेल स्पेशल स्टाफ सब मौके पर पहुंचे। वहीं, घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड विभाग को सुबह करीब 7:50 बजे दी गई, जिसके बाद तुरंत दो दमकल गाड़ियां भेजी गईं। हालांकि, अभी तक दीवार में आग लगने या क्षति की कोई जानकारी नहीं मिली है। टीम लगातार इलाके में सर्चिंग कर रही हैं।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि सुबह 7:47 बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें कॉलर ने बताया कि सीआरपीएफ स्कूल सेक्टर-14 रोहिणी के पास बहुत शोर के साथ एक विस्फोट हुआ है। थानाप्रभारी/पीवी एवं स्टाफ मौके पर पहुंचे, जहां स्कूल की दीवार क्षतिग्रस्त होने के साथ दुर्गंध आ रही थी। पास की दुकान और दुकान के पास खड़ी कार के शीशे क्षतिग्रस्त पाए गए। कोई घायल नहीं हुआ है।

**एफएसएल की टीम ने नमूने एकत्र किए**

मौके पर क्राइम टीम, एफएसएल टीम और बम निरोधक दस्ता पहुंचा। धटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई है। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर है। विस्फोट के कारणों पर गौर किया जा रहा है। स्पेशल सेल के सूत्र के मुताबिक मौके पर स्पेशल सेल की टीम भी मौजूद है। आसपास कई सीसीटीवी के फुटेज को खंगालने में जुटी है। रोहिणी जिला के डीसीपी समेत अन्य अधिकारियों द्वारा ये शख्त निर्देश दिया गया है कि कोई भी सीसीटीवी का कोई भी क्लिप लीक नहीं होना चाहिए। वहीं, एफएसएल टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं। धमाके की आवाज सुनकर इलाके के लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। एक स्थानीय निवासी ने कहा, सुबह करीब 7.30 बजे थे जब हमने बहुत तेज आवाज सुनी। हमें लगा कि पास में एक ए ल पी जी सिलेंडर फट गया है। हमने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को मामले की जानकारी दी। कई दुकानों के शीशे टूट गए।

**'मेरी खिड़की के शीशे टूट गए'**

पास में रहने वाले राकेश गुप्ता ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। गुप्ता ने कहा, जो कुछ हुआ है उसे लेकर हम बहुत भ्रमित हैं। पुलिस टीमें जांच कर रही हैं। विस्फोट स्थल के बहुत करीब धूप के चश्मे की दुकान चलाने वाले सुमित ने कहा, मेरी खिड़की के शीशे टूट गए। मेरी दुकान के अंदर सब कुछ जमीन पर गिर गया। यह बहुत तेज विस्फोट था।

**शुरुआती तफ्तीश करने पहुंची एनआईए की टीम**

केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए की टीम शुरुआती तफ्तीश करने और सबूतों से जुड़े इनपुट इकठ्ठा करने मौके पर पहुंची है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इस मामले में तफ्तीश का जिम्मा कुछ दिनों के बाद जांच एजेंसी एनआईए को भी सौंपा जा सकता है। फिलहाल स्पेशल सेल और रोहिणी जिला पुलिस के द्वारा इस मामले की तफ्तीश की रिपोर्ट के बाद मंगलवार तक इस मामले में लिया जा सकता है। तफ्तीश संबंधित आगे का फैसला आतंकी साजिश या कोई बड़े वारदात की संभावना के मद्देनजर ही लिया जा सकता है। एनआईए को केस ट्रांसफर किया जाएगा। किसी भी बड़े अपराधिक वारदात/आतंकी घटना या संदिग्ध बम विस्फोटक से संबंधित इनपुट्स की जानकारी मिलने के बाद शुरुआती तफ्तीश के लिए एनआईए को पहुंचना ये एक एसओपी यानी प्रोटोकॉल का हिस्सा होता है।

# 'एच1बी वीजा अब बीती बात'

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर कही बड़ी बात



नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत-अमेरिका संबंधों में अब एच1बी वीजा की चर्चा बीते दिनों की बात हो गई है। नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में एक बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि अब भारत अमेरिका के बीच संबंधों का फोकस आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी है। पीयूष गोयल हाल ही में अमेरिका के दौरे से लौटे हैं। अपने दो दिवसीय अमेरिका दौरे में पीयूष गोयल ने न्यूयॉर्क में विभिन्न कंपनियों के सीईओ के साथ बैठक की।

**अमेरिका में विभिन्न कंपनियों के सीईओ से मिले पीयूष गोयल**

अमेरिका में सीईओ के साथ बैठक में केंद्रीय मंत्री ने मोदी सरकार द्वारा किए गए सुधारों, भारत में विदेशी निवेश बढ़ाने, खासकर फार्मास्यूटिकल और हीरा सेक्टर में निवेश बढ़ाने पर चर्चा हुई। भारत में हीरा उद्योग के लिए सूरत एक प्रमुख केंद्र है। ऐसे में सूरत में विदेशी निवेश पर भी चर्चा हुई। अमेरिका दौरे पर पीयूष गोयल ने वहां के करीब 30 बिजनेस लीडर्स से मुलाकात की। पीयूष गोयल अमेरिका दौरे पर वॉशिंगटन भी गए और वहां सीईओ फोरम के 17 सीईओ के साथ बैठक की। इस बैठक में फोरम के पुनर्गठन पर चर्चा हुई। पीयूष गोयल के अमेरिका दौरे पर विभिन्न समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर हुए।

पीयूष गोयल ने अमेरिका दौरे पर लघु और मध्यम आकार के उद्यमों के साथ ही थिंक टैंक, शिक्षकों और सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के साथ भी बैठकें की। गोयल ने बताया कि उनकी बैठकों में नकारात्मक एजेंडा नहीं था और दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने पर बात हुई। दोनों देशों के बीच स्वच्छ ऊर्जा विकास, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, डिजिटल दूरसंचार और रक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संभावित साझेदारी की भी चर्चा हुई। भारतीय रुपये और अमेरिकी डॉलर के बीच एक स्थिर विनिमय दर निर्धारित करने के बारे में भी बातचीत हुई, जिससे द्विपक्षीय व्यापार को लाभ हो सकता है।

## डोडा में महसूस हुए भूकंप के झटके, रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 3.7

श्रीनगर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के डोडा में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। पिछले 29 घंटों में यह दूसरी बार है, जब लोगों को झटके महसूस हुए हैं। रविवार सुबह 11 बजकर 21 मिनट पर भूकंप के झटकों से डोडा दहल गया।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 3.7 मापी गई है। भूकंप का केंद्र धरती के नीचे 5 किलोमीटर की गहराई में अक्षांश 33.00 डिग्री उत्तर और देशांतर 75.94 डिग्री पूर्व में मिला है। भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं आई है। 29 घंटों के भीतर दूसरी बार धरती डोली। इससे पहले शनिवार को डोडा में 4.3 तीव्रता का भूकंप आया था। करीब सवा 6 बजे जम्मू कश्मीर में डोडा की चिनाबा घाटी में जोरदार झटके लगे थे।

## कन्नड़ अभिनेता किच्चा सुदीप की मां का निधन, 86 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस



नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। कन्नड़ अभिनेता और टेलीविजन होस्ट किच्चा सुदीप की मां सरोजा संजीव का रविवार, 20 अक्तूबर को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। सरोजा संजीव ने सुबह करीब 7 बजे जयनगर के अपोलो अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां वह उम्र से संबंधित स्वास्थ्य जटिलताओं का इलाज कराने के लिए भर्ती थीं। सरोजा की तबीयत सुबह में ज्यादा बिगड़ गई। तमाम कोशिशों के बाद भी डॉक्टर्स किच्चा सुदीप की मां को नहीं बचा सके।

**अंतिम क्षणों में मां के साथ थे किच्चा सुदीप**

अपने परिवार के साथ घनिष्ठ संबंध रखने वाले अभिनेता किच्चा सुदीप को प्रशंसकों, सहकर्मियों और कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के लोगों से व्यापक से संवेदनाएं मिली हैं। सोशल मीडिया पर अभिनेता की मां के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का तांता लगा हुआ है। कन्नड़ सिनेमा में अपने व्यापक प्रभाव के लिए जाने जाने वाले किच्चा सुदीप कथित तौर पर अपनी मां के अंतिम क्षणों में उनके साथ थे। सरोजा संजीव लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं और हाल के हफ्तों में उनकी हालत बिगड़ गई थी। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सुदीप के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने सुदीप और सरोजा की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, 'अभिनेता किच्चा सुदीप की मां श्रीमती सरोजा के निधन की खबर सुनकर दिल टूट गया। मैं प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शाश्वत शांति मिले और भगवान सुदीप और उनके परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## 'केजरीवाल कहते थे खुद डुबकी लगाऊंगा'

### यमुना में जहरीले झाग देख बुरा भड़क गईं स्वाति मालीवाल



नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली में रविवार सुबह लगातार तीसरे दिन यमुना नदी में जहरीला झाग देखने को मिला। इस मामले पर अब सियासत काफी तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद ने अपनी ही सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि साल 2021 में कहा था कि यमुना को इतना साफ कर दूंगा कि 2025 से पहले मैं उसमें खुद ही डुबकी लगाने जाऊंगा। उनका इशारा दिल्ली के पूर्व सीएम और आप मुखिया अरविंद केजरीवाल की तरफ था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। उसमें उन्होंने कहा, 'यमुना के किनारे बैठी अब भी वो चिड़िया कहती है कि सपने हसीन दिखाए थे सरकार ने पर आज भी मेरी यमुना जहर पीकर बहती है। वादा था यमुना को शुद्ध बनाएंगे पहली डुबकी खुद लगाएंगे। डुबकी चाहे अब मत लगाओ, अहंकार छोड़ो काम पर लग जाओ।' इसके अलावा स्वाति मालीवाल ने आगे कहा, '2021 में बोले थे यमुना को इतना साफ कर दूंगा कि 2025 से पहले मैं खुद डुबकी लगाने जाऊंगा। 2025 आने वाला है, यमुना मां इंतजार कर रही हैं।'

# आप बोली-भाजपा यूपी से यमुना में गंदा पानी छोड़ रही

## बीजेपी ने कहा-1 हजार करोड़ प्रदूषण टैक्स कलेक्ट किया था, उसका क्या हुआ

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली में रविवार सुबह लगातार तीसरे दिन यमुना नदी में जहरीला झाग देखने को मिला। आप ने एक स्टेटमेंट जारी करते हुए कहा-भाजपा यूपी से यमुना में गंदा पानी छोड़ रही है, जिसके कारण दिल्ली में पानी में झाग बन रहा है। एक तरफ दिल्ली में आप वॉर लेवल पर प्रदूषण से निपटने में लगी है। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा गंदी राजनीति कर रही है।

इसके जवाब में ईस्ट दिल्ली से भाजपा सांसद हर्ष मल्होत्रा ने कहा- आप सरकार ने 1 हजार करोड़ रुपए प्रदूषण के टैक्स के रूप में कलेक्ट किए थे। आतिशी को बताना चाहिए कि उस फंड का क्या हुआ। जब यमुना का पानी दिल्ली में आता है, तब इसका ऑक्सीजन लेवल 9 रहता है। जब दिल्ली से निकलता है तब ऑक्सीजन लेवल 0 हो जाता है। दिल्ली में अलग-अलग ड्रेनेज पॉइंट पर मौजूद ड्रेनेज प्लांट काम नहीं कर रहे।

**भाजपा के 3 आरोप**

अरविंद केजरीवाल सरकार ने यमुना की सफाई को लेकर सिर्फ झूठ और भ्रम फैलाया है। उपराज्यपाल ने यमुना की सफाई के लिए कदम उठाए तो केजरीवाल सरकार ने उन्हें रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। केजरीवाल ने कहा था कि वे 2025 तक यमुना नदी पूरी तरह से साफ कर दी जाएगी। जब लोग यमुना नदी के पानी में छठ पूजा का त्योहार मनाएंगे, तो उन्हें किन बीमारियों का सामना करना पड़ेगा?

यमुना की सफाई के लिए आए सारे पैसे विज्ञापनों पर खर्च कर दिए। यमुना नदी की सफाई हमेशा से आप के लिए एक राजनीतिक मुद्दा रहा है, प्राथमिकता नहीं। जहरीली राजनीति दिल्ली में जहरीली हवा और पानी का कारण है।

**आप का जवाब- प्रदूषण के लिए यूपी-हरियाणा जिम्मेदार**

आप नेता रीना गुप्ता ने भाजपा के आरोपों को जवाब देते हुए कहा- जल प्रदूषण और वायु प्रदूषण के मुद्दे प्रशासनिक सीमाओं को पार कर जाते हैं। हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में 30 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 70 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में 30 प्रतिशत की कमी देखी गई है। दिल्ली के लगभग 300 किलोमीटर के दायरे में एक एयरशेड है। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार कहा है कि इस मुद्दे को हल करने के लिए सभी राज्य सरकारों को मिलकर काम करने की जरूरत है। हालांकि, केवल दिल्ली और पंजाब में आप सरकारें ही इससे सक्रिय रूप से निपट रही हैं।

**झाग को लेकर दिल्ली सरकार का एक्शन**

दिल्ली में यमुना नदी में झाग को लेकर दिल्ली जल बोर्ड ने 18 अक्टूबर को मीटिंग की थी। इसमें छठ पूजा के दौरान झाग न रहे, इसे लेकर चर्चा की गई। दरअसल, हर साल ओखला के कालिंदी कुंज में बैराज पर छठ पूजा के दौरान नदी में डुबकी लगाने के लिए सैकड़ों भक्त आते हैं।

# 'हमारे निरंतर प्रयासों का नतीजा'-बुजुर्गों के स्वास्थ्य बीमा को जीएसटी के दायरे से बाहर करने पर बोली ममता



कोलकाता, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने जीवन बीमा पॉलिसियों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम को जीएसटी के दायरे से बाहर करने का फैसला किया। केंद्र के इस फैसले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि यह फैसला राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार आम लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए करो में कटौती करने को लेकर दबाव में है।

**ममता बनर्जी ने दी प्रतिक्रिया**

एक अधिकारी ने बताया कि राज्य मंत्रिस्तरीय पैनल ने आम लोगों को टैक्स में कटौती का समर्थन किया। आम लोगों के लिए पांच लाख तक कवरेज वाले स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम को भी जीएसटी के दायरे से बाहर किया जा सकता है। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में अगले महीने होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में किया जाएगा। स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी को लेकर निर्णय लेने वाले जीओएम ने शनिवार को बैठक की। उन्होंने इस बैठक में पांच लाख से अधिक स्वास्थ्य बीमा 18 फीसदी जीएसटी लगता रहेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने कहा, हमारे निरंतर प्रयासों का लाभ मिलता दिख रहा है। केंद्र सरकार को देखकर ऐसा लग रहा है कि स्वास्थ्य और जीवनबीमा पर 18 फीसदी जीएसटी के फैसले को वापस लेने के लिए जबाव बनाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने अगस्त में वित्त मंत्री को लिखे एक पत्र की प्रति भी साझा की। उन्होंने कहा, मैंने केंद्रीय वित्त मंत्री को चिट्ठी लिखी थी। मैंने उन्हें चेतावनी दी थी कि स्वास्थ्य और चिकित्सा बीमा पर 18 फीसदी जीएसटी लगाने का उनका फैसला कमजोर व्यक्तियों को अपने बीमा कवरेज को सुरक्षित बनाने से रोकेगा। ममता बनर्जी ने आगे कहा, यह हमारी तरफ से लगातार दबाव के कारण हुआ है। हमारे नेता जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से खड़े हुए हैं। हमारे सांसद लड़ रहे हैं। हमारी वित्त मंत्री ने भी अच्छा संघर्ष किया।

### *संजय राउत का बीजेपी और चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप*

# मिलीभगत से मतदाता सूची में कर रहे गड़बड़ी



मुंबई, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। ऐसे में यहां के राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। इस बीच, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सांसद संजय राउत ने भाजपा और चुनाव आयोग को लेकर बड़ी बात कह दी। उन्होंने भाजपा पर चुनाव आयोग की मिली भगत से राज्य में मतदाता सूची से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाएगा।

**भाजपा फर्जी वोट बांट रही: राउत**

संजय राउत ने कहा, 'वे (भाजपा) चुनाव आयोग की मदद से मतदाता सूची में गड़बड़ी करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा करीब 150 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है और वह उन लोगों को ढूंढ रही है, जिन्होंने महा विकास आघाड़ी को वोट दिया है और उनके स्थान पर फर्जी मतदाताओं को वोट दे रहे हैं।' उन्होंने कहा कि हम इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाएंगे और लोगों को बताएंगे कि देश में क्या हो रहा है। साथ ही आरोप लगाया, 'केंद्रीय मंत्री अमित शाह चुनाव के बाद भी महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। मगर हम ऐसा नहीं होने देंगे। उद्धव ठाकरे ने आज एक विशेष बैठक बुलाई है और हम एक महत्वपूर्ण फैसला लेंगे।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महाराष्ट्र और झारखंड में मतदाता सूचियों में विसंगतियां हैं। उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र और झारखंड की मतदाता सूची में गड़बड़ियां हैं। उन्होंने हरियाणा में भी कोशिश की। हमने उन्हें लोकसभा में हराया और वे विधानसभा चुनाव में भी हार रहे हैं।'

**23 को होगा पार्टियों का फैसला**

इस बीच, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सिर्फ एक महीने के साथ, सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और विपक्षी महा विकास अघाड़ी दोनों ने अपनी चुनावी तैयारी तेज कर दी है, जो अपने घटकों के बीच सीट बंटवारे की घोषणा करने की दिशा में काम कर रहे हैं।राज्य में 20 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। भाजपा नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि सीट बंटवारे को लेकर चर्चा अंतिम चरण में है।

# खबरें जरा हटके

## शख्स की हैं 4 बीवियां और 2 प्रेमिकाएं, बैठे-बैठे खाता है सबकी 'कमाई', पैदा करना चाहता है 54 बच्चे!



आपने दुनिया में अलग-अलग किस्म के लोगों के बारे में सुना होगा. अपने देश में अगर कोई पति, पत्नी की कमाई खा रहा हो, तो उसे समाज ताने मार-मारकर हैरान कर देता है. खुद भी कोई पुरुष ऐसा चाहता नहीं है लेकिन जापान के एक आदमी ने एक नहीं बल्कि 6-6 महिलाओं से रिश्ता रखा हुआ है और वे सब मिलकर उसे पाल रही हैं. साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक रायुता वातानाबे नाम के इस शख्स की ज़िंदगी अलग ही लेवल पर है. वो 10 साल से कोई काम नहीं करता और अपनी 4 पत्नियों और 2 प्रेमिकाओं की कमाई खाता है. इतने पर भी उसकी तमन्ना है कि उसके 54 बच्चे हों. आपको बता दें कि उसे 10 बच्चे हो भी चुके हैं.

रायुता वातानाबे नाम के इस शख्स की उम्र 36 साल है और वो होकाइडो में रहता है. इस शख्स की कहानी सोशल मीडिया पर वायरल है, क्योंकि इसने पिछले 10 साल से कोई नौकरी नहीं की है और अपनी 4 पत्नियों और 2 प्रेमिकाओं की कमाई पर पल रहा है. उसके कुल 10 बच्चे हैं और इनमें से वो तीन पत्नियों और 2 बच्चों के साथ रहता है. वो अपने घर में खाना बनाने से लेकर बच्चे संभालने तक का सारा काम करता है. उसके घर का महीने का खर्च करीब 5 लाख 4 हज़ार से कुछ ज्यादा है, जो उसकी पत्नियों और गर्लफ्रेंड्स में बांटा जाता है. वातानाबे की 4 पत्नियां हैं, जिनमें से एक उनके साथ नहीं रहती. इसके अलावा सोशल मीडिया के ज़रिये उसने 2 प्रेमिकाएं भी बना रखी हैं. 6 साल पहले वातानाबे को उसकी प्रेमिका ने धोखा दे दिया था, जिसके बाद उसने डेटिंग ऐप से अलग-अलग लड़कियों को डेट करना शुरू कर दिया. उसका कहना है कि हर पत्नी का अलग कमरा है और वे एक-दूसरे से जलती नहीं हैं.

## ये क्या हो गया जज साहब? जिस पत्नी की हत्या के जुर्म में पति ने काटी 4 साल जेल...वह तो निकली जिंदा



बिहार के भोजपुर जिले की यह खबर ड्रामा, थिलर और संस्पेंस से भरपूर है. यहां एक महिला की एक लड़के के साथ शादी होती है. महिला का पति उससे खूब मारपीट करता है. महिला अपने पति से परेशान होकर मायके अपने माता-पिता के पास चली आती है. दो महीने बाद उसकी मां का निधन हो जाता है. कलयुगी पिता अपनी ही बेटी पर बुरी नजर रखने लगता है. पिता की हरकतों से परेशान और पति की मार से तंग होकर महिला आत्महत्या के लिए रेलवे स्टेशन पहुंच जाती है. यहां उसे एक व्यक्ति बचा लेता है और अपने साथ चलने को कहता है. दोनों एक मंदिर में जाकर शादी कर लेते हैं.

इधर, महिला के पति को लगा कि बेटी मर गई है और उसने अपने दामाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करवा दिया. पुलिस ने महिला के पहले पति को उठा लिया और जेल में बंद कर दिया. कुछ दिनों बाद एक लावारिस लाश मिली और पिता ने उसे अपनी बेटी का शव बताकर पहचान कर ली. इसके बाद मुकदमा चला और हत्या के जुर्म में युवक को सजा हो गई. 4 साल बाद वही महिला पुलिस को जिंदा मिल जाती है. बिहार के आरा की रहने वाली धर्मशिला देवी जनकपुरिया गांव के अवध बिहारी सिंह की पुत्री है. उसका विवाह छपरा जिले के दीपक कुमार के साथ हुआ था. कुछ दिनों तक तो सब ठीक चला लेकिन बाद में दीपक धर्मशिला से खूब मारपीट करने लगा. पति की प्रताड़ना से तंग आकर वह मायके अपने पिता अवध बिहारी के पास चली आई, लेकिन उसकी किस्मत ही खराब थी कुछ दिनों बाद उसकी मां का निधन हो गया. धर्मशिला की मां के निधन के बाद उसका पिता अवध बिहारी सिंह उस पर बुरी नजर रखने लगा, यह धर्मशिला ने पुलिस को दिए बयान में बताया है. इन सब चीजों से परेशान होकर धर्मशिला ने आत्महत्या करने की सोची और वह रेलवे स्टेशन की तरफ से पटरियों की ओर जाने लगी. सामने से ट्रेन को आते देख एक युवक ने धर्मशिला को बचा लिया.

## मर चुका था सांप, शख्स ने 'मुंह से सांस' देकर किया ज़िंदा, वीडियो देख चौंके लोग-'भाई तू महान आदमी है'



सोशल मीडिया पर हम यूं तो बहुत से वीडियो रोज़ ही देखते हैं, पर कुछ वीडियो ऐसे भी होते हैं, जो हमें ठहरने पर मजबूर कर देते हैं. एक ऐसा ही वीडियो इस वक्त वायरल हो रहा है, जिसमें आप एक शख्स को वो करते हुए देखेंगे, जो शायद ही पहले कभी देखा हो. ये वीडियो सोशल मीडिया पर खासा वायरल है. सांप को देखकर भागने वालों की कोई कमी नहीं है, लेकिन क्या उसके भी दुख-दर्द को समझने वाले लोग हैं. आज हम आपको एक ऐसे ही शख्स का वीडियो दिखाएंगे, जिसने मरते हुए सांप को सांसें दे दीं. ये वीडियो गुजरात के वडोदरा का है, जहां एक लड़का एक मरे हुए सांप को अपने मुंह से सीपीआर देकर उसकी सांसें वापस लाने की कोशिश कर रहा है. वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं एक फुटभर का ज़हरीला चेकरयुक्त कीलबैक सांप रेंगने में बिल्कुल असमर्थ है. वो बेहोशी की स्थिति में है. ऐसे में वहां पहुंचे एक वन्यजीव बचावकर्ता यश तड़वी ने सांप की गर्दन पकड़ी और बिना हिचकिचाहट उसका मुंह खोलकर उसमें सांसें देनी शुरू कर दी. पहले तो ये व्यर्थ लगी लेकिन करीब 3 मिनट बाद सांप ने हरकत करनी शुरू कर दी. सांप को होश आने के बाद उसे पुनर्वास के लिए स्थानीय वन विभाग को सौंप दिया गया.

सुविचार

कभी भी आपने आप को किसी ज्यादा और किसी से कम मत समझो क्योंकि हर एक प्राणी में ईश्वर का वास है।

# चेरलापल्ली सैटेलाइट टर्मिनल 430 करोड़ रुपये की लागत से विकसित : किशन रेड्डी

## केंद्रीय मंत्री ने नव विकसित चेरलापल्ली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया



हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी चेरलापल्ली में नव विकसित सैटेलाइट टर्मिनल स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान इटेला राजेंद्र सांसद, मलकाजगिरी, अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे, सत्य प्रकाश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, भारतेश कुमार जैन, मंडल रेल प्रबंधक, सिकंदराबाद मंडल और अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी उपस्थित थे।

मीडिया कर्मियों से बात करते हुए, जी किशन रेड्डी ने कहा कि चेरलापल्ली सैटेलाइट टर्मिनल को 430 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक तकनीक के साथ विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्टेशन को आधुनिक सुख-सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जैसे एग्जीक्यूटिव लाउंज, वेटिंग हॉल, स्लीपिंग पॉड्स, कैफेटेरिया, रेस्तरां, टिकट बुकिंग काउंटर, लिफ्ट, एस्केलेटर, फुट ओवर ब्रिज, ईवी चार्जिंग पॉइंट आदि। उन्होंने कहा कि स्टेशन के विकास के दौरान विभिन्न पर्यावरण अनुकूल पहल की गई हैं, जैसे 500 पेड़ों का स्थानांतरण, वर्षा संचयन गड्ढे, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, सोलर पैनल, एलईडी लाइट और 5,500 पेड़ों का प्रतिपूरक वनीकरण आदि। उन्होंने बताया कि चेरलापल्ली

स्टेशन पर 98 प्रतिशत कार्य पूरे हो चुके हैं और शेष कार्यों को जल्द ही पूरा करने की योजना है। उन्होंने कहा कि कुल 19 लाइन क्षमता वाली दस नई लाइनें जोड़ी गई हैं। उन्होंने कहा कि चेरलापल्ली स्टेशन जुड़वां शहरों के लोगों के लिए बेहद फायदेमंद होगा और सिकंदराबाद, हैदराबाद और काचीगुडा स्टेशनों पर भीड़भाड़ को कम करेगा। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने तेलंगाना राज्य में नई लाइनों, दोहरीकरण, तिहराकरण, चौगुनाकरण, विद्युतीकरण आदि सहित विभिन्न रेलवे परियोजनाओं के विकास को मिशन मोड पर शुरू किया है। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तेलंगाना राज्य के 40 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सिकंदराबाद स्टेशन का 715 करोड़ रुपये की लागत से विश्व स्तरीय मानकों के साथ पुनर्विकास किया जा रहा है और इसे 2025 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि स्वदेशी रूप से विकसित कवच सुरक्षा प्रणाली भी तेलंगाना राज्य में रेलवे नेटवर्क में स्थापित की जा रही है और इससे ट्रेन संचालन की सुरक्षा बढ़ेगी। इस अवसर पर बोलते हुए सांसद ईटेला राजेंद्र ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेलंगाना राज्य ने हाल के वर्षों में अभूतपूर्व बुनियादी ढांचे का विकास किया है। उन्होंने चेरलापल्ली रेलवे स्टेशन को हवाई अड्डे के बराबर विकसित करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री और रेल मंत्रालय को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि नव विकसित स्टेशन जुड़वां शहरों के क्षेत्र में यात्रियों के लिए एक बड़ी सुविधा होगी और इसे एक प्रतिष्ठित दर्जा मिलेगा। जब यह परिचालन शुरू होगा तो आसपास के क्षेत्रों के लोगों को इस गतिविधि से बहुत लाभ होगा।

इससे पहले, एससीआर के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने नव विकसित चेरलापल्ली रेलवे स्टेशन की मुख्य विशेषताओं के बारे में मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चेरलापल्ली स्टेशन को मौजूदा टर्मिनलों पर भीड़भाड़ को कम करने और जुड़वां शहर क्षेत्र में ट्रेन सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए शहर क्षेत्र के पूर्वी हिस्से में विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि नए स्टेशन को 9 उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म, 2 फुट ओवर ब्रिज, 5 एस्केलेटर और 5 लिफ्ट प्रदान किए गए हैं। इस परियोजना को वर्ष 2018 में मंजूरी मिल चुकी है और कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## तुम्मला ने विरोध प्रदर्शन को लेकर बीआरएस की आलोचना की

खम्मम, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर उनके विरोध प्रदर्शन को लेकर तीखा हमला किया है। रविवार को यहां मीडिया से बात करते हुए मंत्री ने याद दिलाया कि पिछली बीआरएस सरकार ने 7,600 करोड़ रुपये रोक रखे थे, जिसे बाद में कांग्रेस सरकार ने रैतु बंधु योजना के तहत मंजूरी दे दी। उन्होंने रैतु बंधु की आड़ में मशीनीकरण, फसल बीमा और ड्रिप सिंचाई जैसे प्रमुख कृषि कार्यक्रमों की उपेक्षा करने के लिए बीआरएस की आलोचना की। उन्होंने केसीआर सरकार पर कृषि ऋण माफी पर "मगरमच्छ के आंसू" बहाने का आरोप लगाया। तुम्माला ने कहा, सत्ता में रहते हुए बीआरएस ने किसानों के साथ अन्याय किया। इसके विपरीत, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने देश में अभूतपूर्व कृषि ऋण माफी लागू की है। उन्होंने दावा किया कि किसान बीआरएस के विरोध प्रदर्शनों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं और आरोप लगाया कि केसीआर सरकार ने गैर-खेती योग्य भूमि पर भी रैतु बंधु लाभ प्रदान करके हजारों करोड़ रुपये सार्वजनिक धन का गबन किया है।

# सिकंदराबाद में तनावपूर्ण शांति

## 150 से ज्यादा सुरक्षाकर्मियों को किया गया है तैनात * पूरे मंदिर क्षेत्र में बैरिकेडिंग




हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद क्षेत्र में घंटाघर के पास स्थित मुत्यालम्मा मंदिर में कथित तोड़फोड़ और अपवित्रता के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के एक दिन बाद रविवार को क्षेत्र में असहज शांति बनी हुई है। शांति भंग करने की कोशिश कर रहे असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। मंदिर और आस-पास के इलाकों में अर्धसैनिक बल और टास्क फोर्स के अधिकारियों सहित 150 से ज्यादा सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है।

पूरे मंदिर क्षेत्र में बैरिकेडिंग कर दी गई है और लोगों को उस क्षेत्र से गुजरने की अनुमति नहीं दी जा रही है। यहां तक कि स्थानीय लोगों को भी रोका जा रहा है और यह प्रमाण दिखाने के बाद ही उन्हें जाने दिया जा रहा है कि वे उस क्षेत्र में रहते हैं।

पुलिस ने मंदिर के पास स्थित दुकानों को बंद कर दिया है और वाहनों को मार्ग से गुजरने की अनुमति नहीं दे रही है। दिलसुखनगर के कुछ युवाओं ने मंदिर क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें रोक दिया गया और वापस भेज दिया गया। उनका दावा है कि वे हर हफ्ते मंदिर जाते हैं और वे बस शांतिपूर्ण तरीके से प्रार्थना करना चाहते थे और स्थल से चले जाना चाहते थे।

स्थानीय लोगों ने शिकायत की कि पुलिस कर्मियों की मौजूदगी तथा विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों के सदस्यों के आने से उन्हें परेशानी हो रही है। मंदिर के पास रहने वाले श्रीनिवास चारी ने कहा कि हम चाहते हैं कि सरकार मूर्ति के अपमान के कारण शुरू हुए संकट को खत्म करे। हम शांति चाहते हैं। हम एक सप्ताह से अधिक समय से परेशान हैं।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने शनिवार को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान करते हुए आरोप लगाया था कि राज्य सरकार राज्य में हिंदू मंदिरों पर हमलों को रोकने में लापरवाह रही है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने बताया कि राज्य के सभी जिला केंद्रों में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह विरोध प्रदर्शन मूर्ति पर कथित हमले की खबरों के बाद किया जा रहा है, जिससे भक्तों और स्थानीय लोगों में व्यापक गुस्सा है।

महाराष्ट्र के इंजीनियरिंग स्नातक सलमान सलीम ठाकुर उर्फ सलमान ने 14 अक्टूबर को तड़के सिकंदराबाद के मुत्यालम्मा मंदिर के गर्भगृह में कथित तौर पर प्रवेश किया और मंदिर की मुख्य मूर्ति को अपवित्र कर दिया, जिसके बाद स्थानीय लोगों, हिंदू संगठनों और भाजपा ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## ऑटोरिक्शा चालक ने किया आत्महत्या का प्रयास

### पेद्दापल्ली पुलिस स्टेशन के सामने हुई घटना से हड़कंप

पेद्दापल्ली, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार को पेद्दापल्ली पुलिस स्टेशन के सामने ऑटोरिक्शा चालक रहमान ने आत्महत्या का प्रयास किया, जब पुलिस ने उसका ऑटोरिक्शा पुलिस स्टेशन में शिफ्ट कर दिया। रहमान ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्महत्या करने की कोशिश की। सतर्क पुलिस ने उसकी कोशिश को नाकाम कर दिया और उसे पुलिस स्टेशन के अंदर ले गई।

रहमान के अनुसार, शनिवार रात को पुलिस ने बिना कारण बताए उनके ऑटोरिक्शा को थाने ले गई। इसके अलावा, पुलिस ने उन पर चोरी का आरोप लगाते हुए उनका वीडियो भी बनाया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने चोरी के एक मामले में ऑटोरिक्शा को जब्त किया है।

# स्थानीय लोगों ने मुसी नदी में मगरमच्छ देखा



हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार को हैदराबाद में सालार जंग संग्रहालय के पास मुसी नदी में एक मगरमच्छ देखा गया, जिससे निवासियों में चिंता फैल गई। रिपोर्ट के अनुसार, निवासियों का मानना है कि मगरमच्छ पहले ही चार आवारा कुत्तों को खा चुका है। मुसी नदी, जहां सालार जंग के पास मगरमच्छ देखा गया था, धोबी घाट तक बहती है जहां कई लोगों ने छोटी-छोटी धुलाई की सुविधाएं स्थापित की हैं। अब तक, किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है, और कोई भी अधिकारी यह पुष्टि करने के लिए घटनास्थल पर नहीं पहुंचा है कि सरीसृप वास्तव में मगरमच्छ है या नहीं या उसे सुरक्षित करने और ले जाने के लिए नहीं।

2022 में इसी तरह की एक घटना में, अत्तापुर इलाके में मुसी नदी के किनारे एक बड़ा मगरमच्छ देखा गया था। यह सरीसृप एक चट्टान पर धूप सेंकते हुए पाया गया था, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से कई लोग इकट्ठा हुए थे। फिर 2020 में, पुरानापुल के निवासियों ने मुसी नदी के किनारे एक मगरमच्छ देखा गया था।

# जीओ 29 को रद्द करने की मांग करने वाले हिरासत में

### गांधी भवन के बाहर करने जा रहे थे प्रदर्शन

### सुबह ही भारी संख्या में पहुंच गई थी पुलिस



हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने बेरोजगार युवकों पर अपनी सख्ती जारी रखी और रविवार को यहां गांधी भवन में तनाव की स्थिति पैदा हो गई, क्योंकि कई लोगों को तेलंगाना कांग्रेस मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करने से रोक दिया गया, जिसमें राज्य सरकार से जीओ 29 को रद्द करने की मांग की गई।

उस्मानिया यूनिवर्सिटी ज्वाइंट एक्शन कमेटी के तत्वावधान में बेरोजगार युवाओं ने गांधी भवन पर विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया था। परेशानी को भांपते हुए सुबह-सुबह ही कार्यक्रम स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था।

युवाओं ने तर्क दिया कि जब वे अपने छात्रावासों में जीओ 29 के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, तो पुलिस ने शुक्रवार और शनिवार को कई युवाओं को पीटा और उनके साथ मारपीट की। पुलिस की इस बर्बरता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए ओयूजेएसी नेता मोतीलाल नाइक ने घोषणा की थी कि वे गांधी भवन में विरोध प्रदर्शन करेंगे लेकिन ओयूजेएसी नेताओं और ग्रुप-I के उम्मीदवारों के गांधी भवन पहुंचने से पहले ही पुलिस ने उन्हें कांग्रेस कार्यालय की ओर बढ़ने से रोक दिया और हिरासत में ले लिया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में ओयूजेएसी नेता मोतीलाल नाइक यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि पुलिस ने उन पर लाठियां बरसाईं और उन्हें दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा है। उन्होंने सभी बेरोजगार युवाओं से अपने-अपने स्थानों पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का आग्रह किया। यह केवल आरक्षण के मुद्दे पर नहीं बल्कि संवैधानिक अधिकारों के बारे में भी था। उन्होंने कहा कि जीओ 29 एससी, एसटी और बीसी उम्मीदवारों के आरक्षण के खिलाफ है।

बेरोजगार युवाओं की मांगों को पूरा करने में विफल रहने के कारण राज्य सरकार को सभी वर्गों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने शनिवार को यहां बीसी कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर के आवास पर कुछ मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान मंत्रियों ने युवाओं द्वारा उठाई गई मांगों पर चर्चा की और यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया कि किसी भी समुदाय के उम्मीदवारों के साथ कोई अन्याय नहीं होगा। इस संबंध में सोमवार से ग्रुप I मुख्य परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है।

## ग्रुप 1 परीक्षा पर बीजेपी ने संदेह पैदा किया : महेश कुमार गौड़




हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने कहा कि ग्रुप 1 परीक्षा पर बीजेपी ने संदेह पैदा करने का काम किया। इसमें बीआरएस की मिली भगत है। छात्रों को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीसी के एक बच्चे के रूप में मैं आपसे वादा करता हूं और आश्वासन देता हूं कि चयन प्रक्रिया में कहीं भी गड़बड़ी नहीं होगी। आरक्षित वर्ग के साथ कोई अन्याय नहीं हुआ है। ये हमारी पार्टी और सरकार से आश्वासन है।

उन्होंने कहा कि जिओ 29 से नुकसान महज़ एक मिथक है। बीजेपी धरना-प्रदर्शन कर रही है। बीआरएस नियुक्तियों के नाम पर सत्ता में आई थी। बताओ दस साल में टीएसपीएससी से कितनी नौकरियां दीं? दस साल में 35 हजार नौकरिया। नोटिफिकेशन के माध्यम से दी गईं। आप हमारे बारे में बात कर रहे हैं जो सटीक मध्यवर्ती परिणाम नहीं दे सकते। उन्होंने केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री बंडी संजय से पूछा आपको अपने जीवनकाल में कितनी नौकरियां मिलीं?

आप बेरोजगारों की बात कर रहे हैं। 10 साल में 70 हजार नौकरियां देने वाले बीआरएस में क्या ईमानदारी है? क्या कांग्रेस का दस महीने में 50 हजार नौकरियां देने का वादा है..? क्या बीआरएस ने एक भी ग्रुप 1 को नौकरी दी.. आपको कई सालों से नौकरी नहीं दी गई और अब आप धरना दे रहे है। उन्होंने नौजवानों से कहा कि लोगों के बहकावें में आकर गलत कदम ना उठाएं।

# सियोल यात्रा पर उठे सवाल : मुसी और कोरियाई परियोजनाओं में समानताओं से अधिक अंतर



मुसी



चेओन्येचेओन



हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुसी नदी विकास परियोजना को लेकर राज्य सरकार की प्राथमिकताओं पर व्यापक आलोचना की परवाह किए बिना, कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित लगभग 20 लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल नदी तट विकास का अध्ययन करने के लिए सियोल, दक्षिण कोरिया का दौरा कर रहा है। दौरे के दौरान, प्रतिनिधिमंडल चेओन्येचेओन का दौरा करेगा और 2005 में शुरू किए गए रिवरफ्रंट विकास कार्यों का अध्ययन करेगा और यही वह बात है जो सवाल उठाती है। दोनों परियोजनाओं में समानताओं से ज़्यादा अंतर हैं।

मुसी नदी के विपरीत, चेओन्गगेचेओन एक जलधारा है। मुसी नदी लगभग 250 किलोमीटर तक बहती है, जबकि चेओन्गगेचेओन लगभग 13 किलोमीटर की दूरी तय करती है और जुंगनानचेओन से मिलती है, जो हान नदी से जुड़ती है और पीले सागर में मिल जाती है।

चेओन्येचेओन रिवरफ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के बारे में सबसे दिलचस्प बात यह है कि नदी के किनारे किसी भी घर या संरचना को नहीं तोड़ा गया। इसके विपरीत, मुसी नदी के किनारे विभिन्न क्षेत्रों में कई घरों को पहले ही ध्वस्त कर दिया गया है और निवासियों को पिल्लेगुडिसेलु, चंचलगुडा और अन्य क्षेत्रों में डबल बेडरूम वाले घरों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने आईटी मंत्री डी श्रीधर बाबू और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 13 अगस्त को चेओन्यचेओन रिवरफ्रंट का दौरा किया था। सड़क एवं भवन मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि परियोजना का अध्ययन करने के लिए सभी दलों के विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल सियोल ले जाया जाएगा।

दिलचस्प बात यह है कि चेओन्येचेओन रिवरफ्रंट परियोजना पर करीब 2,300 करोड़ रुपये खर्च किए गए। इसकी तुलना मुसी परियोजना से करें। राज्य सरकार मुसी नदी के पुनरुद्धार परियोजना को बड़े पैमाने पर शुरू करना चाहती है और इसके लिए मेनहार्ट सहित 5 कंपनियों के एक संघ के साथ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए 141 करोड़ रुपये का समझौता किया गया है।

चेओन्गगीचेओन रिवरफ्रंट परियोजना 2003 में शुरू हुई और 2005 में पूरी हुई। परियोजना शुरू करने से पहले, धारा के ऊपर बनाया गया एक फ्लाईओवर ध्वस्त कर दिया गया था क्योंकि खंभे डूब रहे थे और यातायात की समस्याओं से बचने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में वैकल्पिक सड़कें बनाई गई थीं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि गंदे पानी के प्रवाह को रोकने और धारा में उपचारित पानी के प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए कई स्थानों पर सीवरेज उपचार संयंत्र स्थापित किए गए थे। सौंदर्यीकरण कार्यों के तहत, आगंतुकों के लिए सुंदर स्ट्रीट लाइट और अन्य सुविधाएं प्रदान की गईं।

## सरकारी मीडिया प्रतिनिधिमंडल का दौरा क्यों?

### गलत प्राथमिकताओं पर उठ रहे सवाल

हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार द्वारा पत्रकारों के एक दल को दक्षिण कोरिया के सियोल में अध्ययन दौरे पर भेजने के निर्णय से नया विवाद खड़ा हो गया है तथा कई लोग सरकार की गलत प्राथमिकताओं पर सवाल उठा रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य सियोल में चेओन्यचेओन रिवरफ्रंट विकास का अध्ययन करना है, लेकिन अध्ययन दौरे के लिए नौकरशाहों, इंजीनियरों और विशेषज्ञों के बजाय पत्रकारों को भेजने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में एक संसद सदस्य, एक विधायक, सूचना एवं जनसंपर्क आयुक्त, मीडिया एवं संचार निदेशक तथा विभिन्न मीडिया संगठनों के 16 पत्रकार शामिल हैं। वे यात्रा अवधि को छोड़कर चार दिनों तक सियोल में रहेंगे।

लोग, विशेषकर नेटिजन्स, सवाल उठा रहे हैं कि नगर नियोजन, शहरी विकास, पर्यटन और अन्य विभागों से एक भी अधिकारी, इंजीनियर और विशेषज्ञ को टीम में शामिल क्यों नहीं किया गया। सरकार पर कटाक्ष करते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने सियोल में रिवरफ्रंट विकास का अध्ययन करने के लिए विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों, जलविज्ञानियों, इंजीनियरों और नौकरशाहों की एक टीम भेजने के लिए राज्य सरकार की व्यंग्यात्मक रूप से सराहना की। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि वे उत्कृष्ट परिणाम लेकर आएंगे और 1.5 लाख करोड़ रुपये (लगभग 18 बिलियन अमेरिकी डॉलर) सार्वजनिक धन खर्च करने को उचित ठहराएंगे।

# बिहार में उप चुनाव के प्रत्याशियों का नाम घोषित

## बेलागंज-रामगढ़ के उम्मीदवार कौन बने




पटना, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा उपचुनाव का नोटिफिकेशन जारी हो चुकी है। प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज के बाद अब महागठबंधन ने अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। महागठबंधन ने विचार विमर्श के बाद इमामगंज से रोशन कुमार मांझी, बेलागंज से विश्वनाथ कुमार सिंह, रामगढ़ से अजीत कुमार सिंह और तरारी से राजू यादव को प्रत्याशी बनाया है। महागठबंधन लालू प्रसाद यादव के मार्गदर्शन एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा महागठबंधन के नेताओं के साथ विचार-विमर्श कर उपचुनाव में महागठबंधन की ओर से बनाये गये सभी चार उम्मीदवारों के नामों की संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की गई।

बिहार में जनता बदलाव चाहती है इस अवसर पर संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, भाकपा माले के राज्य सचिव कॉमरेड कुणाल, सीपीआई के कॉमरेड रामलाला सिंह, वी.आई.पी. के प्रदेश अध्यक्ष बालगोविन्द, सी.पी.आई.एम के कॉमरेड अरूण कुमार मिश्रा ने संबोधित किया। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने महागठबंधन के सभी नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि महागठबंधन पूरी एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में जायेगी। नेताओं ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल है और जनता के हितों के खिलाफ काम कर रही है। बिहार में जनता बदलाव चाहती है और लोगों ने परिवर्तन का मन बना लिया है। चारों विधान सभा के सीटों पर महागठबंधन की जीत होगी।

**अजीत सिंह को रामगढ़ विधानसभा सीट**

इधर, रविवार दोपहर दो नामों की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब होने लगी। इसमें पहला नाम है जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी और राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के छोटे बेटे अजीत सिंह की। अजीत सिंह ने नाम की घोषणा उनके बड़े भाई व बक्सर से राजद सांसद सुधाकर सिंह ने की। उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि उनके छोटे भाई अजीत सिंह को रामगढ़ विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। इधर, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ने इमामगंज सीट पर अपना उम्मीदवार तय किया है। केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने दिया अपनी बहू दीपा मांझी को सिंबल दिया है। दीपा मांझी हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन की पत्नी हैं।

**पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी पर जदयू का भरोसा**

रविवार को बेलागंज विधानसभा सीट पर जदयू ने पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी को अपना उम्मीदवार बनाया है। हालांकि कुछ दिन पूर्व जदयू नेत्री सह पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के घर पर एनआईए की कार्रवाई हुई थी।

उक्त कार्रवाई में जांच एजेंसी की टीम को तीन करोड़ रुपए कैश और हथियार बरामद किया गया था। उक्त मामला पूरे बिहार में जमकर चर्चा हुई थी। जदयू के आला कमान ने पूर्व में हुई बिहार विधानसभा चुनाव में पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी को अतरी विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया था। लेकिन पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी को हार का सामना करना पड़ा था। एक बार फिर जदयू के आला कमान ने पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी पर भरोसा कर बेलागंज विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया है।

# व्यापारी के बेटे की हुई हत्या पर प्रियंका गांधी ने सरकार पर साधा निशाना, कही न्याय दिलाने की बात




बहराइच, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। सराफा व्यवसायी शोभित कौशल की हत्या में इंतहा की हदें पार की गईं। आरोपियों ने ऐसी क्रूरता बरती कि जिसने भी उसके शव को देखा उसके रोंगटे खड़े हो गए। व्यवसायी के शरीर पर एक के बाद एक चाकू से 12 से ज्यादा वार किए गए। शव देखकर यही कयास लगाए जा रहे हैं कि हत्यारे तब तक उसके शरीर पर चाकू मारते रहे, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। सभी लोग आरोपियों के एनकाउंटर की मांग कर रहे हैं।

झाड़ियों में पड़े व्यवसायी के शव को जब पुलिस ने बाहर निकाला तो उसका शरीर पूरी तरह से चाकू से छलनी किया गया था। गला चाकू से रेता गया था। पेट से लेकर सीने तक में 12 से ज्यादा वार किए गए थे। उसकी हत्या इतनी बेरहमी से की गई, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसकी आंत तक बाहर निकल आई थी। ऐसे में जाहिर है कि आरोपी सराफा व्यवसायी किसी बात से इतना ज्यादा चिढ़े थे कि उसकी क्रूर तरीके से हत्या की। जैसे ही शव मिलने की जानकारी हुई, वैसे ही घटनास्थल पर व्यापारियों व क्षेत्रीय लोगों का मजमा जुट गया। शव देखकर हर कोई हैरान और स्तब्ध था। सीओ डलमऊ अरुण कुमार नौहवार कहते हैं कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

**प्रियंका गांधी ने फेसबुक पर की पोस्ट पर लिखा**

उत्तर प्रदेश के सर्राफा व्यापारी राकेश कौशल के बेटे शोभित के अपहरण और हत्या का समाचार अत्यंत हृदयविदारक है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। उत्तर प्रदेश में बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि शोभित का अपहरण उनकी दुकान से किया और हत्या कर दी। रायबरेली की जनता में इसे लेकर जबरदस्त आक्रोश है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। सराफा व्यवसायी शोभित कौशल की हत्या की स्क्रिप्ट हत्या आरोपियों ने पहले ही तैयार की थी। इसका तनिक भी अंदाजा व्यवसायी को नहीं था। शोभित की जान पहचान पहले से ही आरोपियों से थी।

# गर्लफ्रेंड को नींद की गोली खिलाई, रेप किया फिर हत्या

## कानपुर में करवाचौथ के बहाने होटल बुलाया बोला-घंटों वेटिंग में जाती थी कॉल

कानपुर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुझे शक था कि मेरी गर्लफ्रेंड किसी और से बात करती है। घंटों कॉल वेटिंग पर रहती थी। वह मुझे इग्नोर करने लगी थी। उसने मुझे धोखा दिया। इसलिए मैंने उसे होटल में बुलाकर कोल्डड्रिंक में नींद की गोली मिलाकर पिला दी। इसके बाद जबरदस्ती की, फिर चाकू से गला रेत कर मार दिया। मुझे मर्डर पर कोई पछतावा नहीं है।

यह बातें छात्रा की हत्या के आरोपी प्रियांशु त्रिपाठी ने पुलिस पूछताछ में कही। आरोपी ने शनिवार को कानपुर के एक होटल में छात्रा को बुलाकर रेप किया, इसके बाद मर्डर करके थाने में सरेंडर कर दिया। आज यानी 20 अक्टूबर को छात्रा के शव का पोस्टमॉर्टम होगा। पुलिस ने मामले में रेप और मर्डर की एफआईआर दर्ज की है।

## अलीगढ़ में प्लॉट के लिए पत्नी को मार डाला

अलीगढ़, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। अलीगढ़ के रोरावर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने संपत्ति के विवाद में पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद अरोपी ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन किया और कहा कि पत्नी की हत्या कर दी है। आकर लाश ले जाओ। आरोपी की बात सुनकर पुलिस हरकत में आ गई और तत्काल क्षेत्रिय पुलिस मौके पर पहुंची। जब पुलिस ने आरोपी के घर पहुंचकर देखा तो महिला की लाश उसके बेड पर पड़ी हुई थी और आरोपी वहीं पर बैठा हुआ था। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# जिनके घर रेड कर एनआईए ने तीन करोड़ बरामद किया था, उन्हें जदयू ने इस विधानसभा से दिया टिकट

गया, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के चार विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होना है। जिनमें गया जिले के बेलागंज और इमामगंज विधानसभा सीट खाली होने के बाद उपचुनाव होना है। इन दोनों सीटों पर जन सुराज पार्टी ने पहले ही अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। वहीं रविवार को बेलागंज विधानसभा सीट पर जदयू ने पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी को अपना उम्मीदवार बनाया है। हालांकि कुछ दिन पूर्व जदयू नेत्री सह पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी के घर पर एनआईए की कार्रवाई हुई थी। उक्त कार्रवाई में जांच एजेंसी की टीम को तीन करोड़ रुपए कैश और हथियार बरामद किया गया था। इस मामले की पूरे बिहार में जमकर चर्चा हुई थी।



अतरी विधानसभा से मिली थी हार जदयू के आला कमान ने पूर्व में हुई बिहार विधानसभा चुनाव में पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी को अतरी विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया था। लेकिन पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी को हार का सामना करना पड़ा था। एक बार फिर जदयू के आला कमान ने पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी पर भरोसा कर बेलागंज विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया है। जदयू जिलाध्यक्ष द्वारिक प्रसाद ने कहा कि 23 अक्टूबर को बेलागंज विधानसभा में एनडीए के वरीय नेता जनसभा को संबोधित करेंगे। 24 अक्टूबर मनोरमा देवी अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगी। बेलागंज विधानसभा क्षेत्रों में चर्चा है कि जहानाबाद के सांसद डा. सुरेंद्र प्रसाद यादव के पुत्र राजद के युवा नेता विश्वनाथ यादव के बीच कांटे की टक्कर होगी। पिछले तीन महीने से अधिक समय से उपचुनाव को लेकर मनोरमा देवी के पुत्र रॉकी यादव बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे।

**इमामगंज से रौशन मांझी के नाम की घोषणा**

इधर, महागठबंधन ने बेलागंज विधानसभा सीट विश्वनाथ यादव के नाम की घोषणा है। वहीं इमामगंज विधानसभा सीट पर राजद ने गया जिला परिषद के पूर्व चेयर रौशन मांझी की नाम की घोषणा की है। रौशन मांझी पूर्व में जदयू में प्रदेश के नेता रहे हैं। लेकिन लोकसभा चुनाव के दौरान रौशन मांझी ने राजद का दामन थामा था।

लोकसभा चुनाव में इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में राजद प्रत्याशी अभय कुशवाहा को जीतने में अहम भूमिका निभायी थी। उसके बाद से ही इमामगंज विधानसभा सीट से रौशन मांझी के नाम का चर्चा था। मालूम हो कि 23 नवंबर को मतों की गिनती होगी।

### बीएनएस से दर्ज केस में यूपी का पहला फैसला

# अलीगढ़ में बच्ची से रेप; दुष्कर्मी को 20 साल की सजा; 29 दिन में जजमेंट

अलीगढ़, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। अलीगढ़ में 11 साल की बच्ची से रेप के दोषी को कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। यह जजमेंट कोर्ट ट्रायल शुरू होने के महज 29 दिनों में आया है, जो बीएनएस यानी भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज एफआईआर में यूपी का पहला फैसला है। स्पेशल जज पॉस्को एडीजे सुरेंद्र मोहन राय की कोर्ट ने फैसला सुनाया है। जिसमें पड़ोसियों की गवाही, डिजिटल साक्ष्य भी कोर्ट में पेश किए गए। 50 हजार रुपए के आर्थिक दंड की धनराशि में से 40 हजार रुपए पीड़ित परिवार को दिए जाएंगे।

**टॉफी के बहाने घर ले जाकर बच्ची से की थी दरिंदगी**

एडीजीसी महेश सिंह ने बताया- यह घटना 19 जुलाई की दोपहर की है। 21 सितंबर को कोर्ट ट्रायल शुरू हुआ और 19 अक्टूबर को कोर्ट ने फैसला सुनाया। अतरौली क्षेत्र के एक मोहल्ले में बच्ची चारपाई पर बैठी थी। तभी पड़ोस का रहने वाला भारत भूषण उर्फ सोनू आया। उसने 11 साल की मानसिक विक्षिप्त बच्ची को टॉफी और 10 रुपए देने का लालच दिया और अपने घर ले गया। इसके बाद छत में जाकर अश्लील हरकत की और उसके साथ दुष्कर्म किया। मुहल्ले में ही रहने वाले एक व्यक्ति ने उसकी हरकत देख ली थी। उसका वीडियो बना लिया था। इसके बाद उसने शोर मचा दिया और पकड़ने के लिए दौड़ा।

# 'शराब के धंधे में राजद के लोग'

## हिंदू जागरण यात्रा को लेकर भी खूब बोले डिप्टी सीएम विजय कुमार



मुज्जफरपुर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। उपमुख्यमंत्री वियज कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार की सरकार नशे के खिलाफ और शराबबंदी को मजबूत करने को लेकर है। हम लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। जहरीले शराब से मौत के मामले में सरकार संवेदनशील है और कार्रवाई भी कर रही है।

**जहरीले शराब से हुई मौत पर सरकार गंभीर**

डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार जब से शराबबंदी कानून को राज्य में लागू करवाई है, तब से इसके पक्ष में रही है। शराब पर रोक भी लगाई गई है। कई बड़ी गिरफ्तारी भी की गई है। अब इसको खत्म करने का सवाल भी पैदा नहीं होता है। यह कानून सभी दल की सहमति से बनी थी और इसमें आरजेडी, कांग्रेस, माले, जेडीयू और बीजेपी भी शामिल थी, लेकिन हमारा कहना है कि बिहार में शराब के धंधेबाज में ज्यादातर राजद के लोग शामिल है और यह जानकारी भी आती रहती है। राजद के लोग इसको लेकर काम करते हैं। गोपालगंज में तो राजद वालों ने अपने एक उम्मीदवार भी शराब माफिया को बना दिया था, जिसका हमने खूब विरोध भी किया था।

बिहार के सीमांचल क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के द्वारा किए जा रहे हिंदू जागरण यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि यह तो सनातन धर्म की संस्कृति है कि हिंदू अपने धर्म की रक्षा के लिए काम करे। इससे किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हमारी महान सनातन संस्कृति का अधिकार है कि सबके हित की भावना की ध्यान में रखते हुए अपने धर्म की रक्षा के लिए काम करे। इसमें तो कोई धर्मनिरपेक्षता की बाधा नहीं आती है। जिस तरह से कुछ खास क्षेत्र में हिंदू की संख्या में जागृति की कमी और हिंदू की संख्या में कमी आई है। इसको लेकर के जागृत करना कोई गलत नहीं है।

**उपचुनाव में एनडीए की जीत तय है**

डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि उपचुनाव में हमारी जीत सभी सीट पर होगी यह सुनिश्चित है। उन्होंने कहा है कि बिहार में जिस सीट पर एनडीए का उम्मीदवार होगा, वहीं जीत होगी। क्योंकि जनता हमारे साथ में खड़ी है और जनता का विश्वास भी हम लोगों ने जीता है।

## तीन लाख की नशीली दवा के साथ दो संदिग्ध गिरफ्तार, पुलिस ने कड़ाई से की पूछताछ

कैमूर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। कैमूर जिले के मोहनिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 3 लाख की नशीली दवा के साथ दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए मोहनिया डीएसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि हम लोगों को गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोहनिया बस स्टैंड में कुछ नशीली दवाओं का कारोबार करते हैं। गिरफ्तार संदीप कुमार व पंकज कुमार से जब गहन तरीके से पूछताछ की गई तो उनके निशान देही पर रोहतास जिला के रहने वाले नरेंद्र कुमार के पास से भी 60 प्रतिबंध इंजेक्शन पाया गया। जहां तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा।

## पुलिस ने 23 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर को किया गिरफ्तार, दो का है आपराधिक इतिहास

रोहतास, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। रोहतास जिले के डेहरी पुलिस मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रोहतास एसपी रौशन कुमार ने प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर डेहरी मुफस्सिल थाने की पुलिस ने डेहरी के पाली पुल के समीप से स्विफ्ट कर के साथ तीन गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से पुलिस ने 22 किलो 941 ग्राम गांजा बरामद किया है। वहीं रोहतास एसपी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार गांजा तस्करों ने बताया कि उड़ीसा से कम कीमतों पर गांजा खरीद कर उत्तर प्रदेश के वाराणसी सप्लाई करने का कार्य करते थे। जिन्हें रोहतास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार तीनों गांजा तस्करों में से दो का अपराधिक इतिहास लंबा चौड़ा रहा है। गिरफ्तार गांजा तस्कर सासाराम के मुरादाबाद अयोध्या सिंह उर्फ माला, दिनारा का रहने वाला विशाल पाल एवं औरंगाबाद जिले के बारुण थाना क्षेत्र के दिग्धी गांव का रहने वाला अरुण कुमार कुशवाहा है।

# तेजस्वी आपके सइयां हैं क्या : पत्रकार पर भड़के पप्पू यादव

## लॉरेंस बिश्नोई पर यू-टर्न, पहले कहा-गैंग को खत्म कर देंगे, अब-सवाल पूछने से रोका




पटना, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव शनिवार को मीडिया पर भड़क गए। पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जहां वो पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को लेकर किए गए सवाल पर नाराज हो गए और पत्रकार से ही पूछ डाला कि क्या तेजस्वी यादव आपके सईयां हो गए हैं। वहीं 6 दिन में लॉरेंस बिश्नोई गैंग को लेकर भी उनके सुर बदले नजर आए। 6 दिन पहले, 24 घंटे में गैंग के नेटवर्क को खत्म कर देने की बात करने वाले पप्पू यादव लॉरेंस से जुड़े सवाल करने से भी पत्रकारों को रोकते नजर आए। दरअसल, शनिवार को पटना स्थित आवास पर पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने छपरा-सीवान में हुए जहरीली शराब पीने से मौत को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि 113 लोगों की अब तक मौत हो चुकी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक पत्रकार ने तेजस्वी यादव से जुड़ा सवाल किया और कहा कि क्या आपको तेजस्वी फोबिया हो गया है। इस बात पर सांसद भड़क गए और पत्रकार से कहा कि 'क्या तेजस्वी आपके भतार हो गए हैं। या सईयां हो गए हैं। सांसद के इस रिएक्शन पर वहां मौजूद मीडिया वाले हंस पड़े। फिर भी किसी ने सवाल पूछ दिया। उसके बाद पप्पू यादव का जवाब था- "नहीं, ये सब बात मत पूछिए। मैंने पहले ही मना कर दिया था कि ये सब बात नहीं पूछेंगे। मैंने पहले ही आपको कह दिया था कि लॉरेंस बिश्नोई पर कोई सवाल नहीं पूछिएगा।

# इमरजेंसी में आने वाले मरीजों का करें बेस्ट ट्रीटमेंट

## *लखनऊ में सीएस ने मेडिकल संस्थानों के प्रमुख के साथ की बैठक*



लखनऊ, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों और अस्पतालों में मरीजों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के मकसद से रविवार को लखनऊ में एक अहम बैठक हुई। लोक भवन में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में हुई बैठक में विशेष रूप से इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को क्वालिटी ट्रीटमेंट देने को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए। मेडिकल संस्थानों के प्रमुखों के साथ हुई बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि मरीजों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में उत्तर प्रदेश शासन का सर्वाधिक फोकस है। प्रदेश में तेजी से हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम हो रहा है। हेल्थ सेक्टर में बहुत सारा निवेश हुआ है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग कर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जाया। एसजीपीजीआई, केजीएमयू, राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, बलरामपुर, सिविल और लोकबंधु अस्पतालों में बेड की उपलब्धता स्थिति को पब्लिक डोमेन में डाला जाए। उन्होंने संस्थान के प्रमुखों से कहा कि शासकीय अस्पतालों और संस्थानों में बेस्ट डॉक्टर्स व इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्याप्त मात्रा में स्टाफ उपलब्ध है। उच्च स्तरीय निजी चिकित्सा संस्थानों में शासकीय अस्पतालों और संस्थानों से सेवानिवृत्त डॉक्टर कार्य करते हैं।

# सिपाही पत्नी का कत्ल : ढूंढने का नाटक... लाश की पहचान से इनकार

## फिर कांस्टेबल पति ने कबूला सच; बताया क्यों मारा




मुरादाबाद, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुरादाबाद के कटघर इलाके में देवापुर गांव के पास रामगंगा के किनारे मिले सिर कटे शव की पहचान के बाद पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में उसके पति और एक रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है। मृतक यूपी पुलिस ने कांस्टेबल थी, जबकि उसका पति भी सिपाही पद पर है। दरअसल, मुरादाबाद की कटघर पुलिस ने मृतका के फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर पहचान कराने का प्रयास किया था। रामपुर के सिविल लाइंस थाने की पुलिस के पास भी मृतका के फोटो पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने सिपाही को फोटो दिखाए, लेकिन उसने पहचानने से इनकार कर दिया। इससे रामपुर पुलिस का सिपाही पर शक गहरा गया। मृतका के मायके वालों को बुलाकर महिला का शव दिखाया तो उन्होंने पहचान कर ली। बिजनौर के चांदपुर थाना इलाके के दरबड़ निवासी रिंकी की मां हरवती देवी ने बताया कि उसकी बेटी रिंकी और सोनू ने 2013 में शादी की थी।

दोनों रामपुर में तैनात थे। दोनों एक ही साथ पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। हरवती ने बताया कि सोनू रिंकी पर शक करता था कि उसके गांव निवासी ओमपाल से संबंध हैं। इसी बात को लेकर सोनू उसकी बेटी का उत्पीड़न करता था। आए दिन उसके साथ झगड़ा करता था। रिंकी ने अपनी मां से पति की शिकायत की थी। हरवती ने बताया कि उसने 14 अक्टूबर को अपनी बेटी से बात करने का प्रयास किया, लेकिन उसके नंबर पर कॉल नहीं जा रही थी। सोनू को कॉल की तो उसने बताया कि रिंकी घर छोड़कर चली गई है। इस मामले में गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई है। 16 अक्टूबर को मायके वाले रामपुर पहुंच गए थे। 18 अक्टूबर को एक महिला के शव मिलने की सूचना रामपुर पुलिस के पास पहुंची। पुलिस ने सिपाही सोनू को महिला के फोटो दिखाए, लेकिन उसने पहचानने से इन्कार कर दिया और पत्नी को ढूंढने का नाटक करता रहा। हालांकि, रिंकी के मायके वालों की शिनाख्त के बाद पुलिस ने सोनू को दबोच लिया। मां की हत्या और पिता के जेल जाने के बाद अब दंपती के बच्चों आरव और अक्षित का भविष्य अंधेरे में है। बिजनौर के चांदपुर थाना क्षेत्र के रायपुर खादर निवासी सोनू रामपुर में अभिसूचना इकाई की विशेष शाखा में तैनात था।

# भाजपा ने जारी की छह उम्मीदवारों की सूची, तालडांगरा से महिला उम्मीदवार



बंगाल विधानसभा उपचुनाव

कोलकाता, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की छह विधानसभा सीटों पर आगामी 13 नवंबर को उपचुनाव होने जा रहे हैं। इसकी तैयारियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं। केंद्रीय बलों की मदद से यह मतदान होने वाला है। चुनाव आयोग द्वारा मतदान की तारीखों की घोषणा के बाद सबसे पहले शनिवार को भाजपा ने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। भाजपा ने छह विधानसभा क्षेत्रों में एक सीट पर महिला उम्मीदवार को टिकट दिया है।

भाजपा ने सिताई विधानसभा क्षेत्र में दीपक कुमार राय को अपना उम्मीदवार बनाया है। जबकि, मदारीहाट से राहुल लोहार उम्मीदवार होंगे। नैहाटी से पार्टी ने रूपक मित्रा को मैदान में उतारा है। हावड़ा से बिमल दास पार्टी के प्रत्याशी होंगे। पार्टी के मुताबिक, मेदिनीपुर क्षेत्र में शुभजीत राय इस बार मैदान में होंगे। जबकि, तालडांगरा में अनन्या राय चक्रवर्ती मुकाबला करेंगी। मेदिनीपुर से तृणमूल कांग्रेस की विधायक जून मालिया 2021 में जीतकर विधायक बनीं थीं। गत लोकसभा चुनाव में वे सांसद बनीं, इसलिए यह सीट खाली हुई है। इसी तरह से 2021 विधानसभा चुनाव में भाजपा के मनोज तिग्गा मदारीहाट से विधायक बने थे। गत लोकसभा चुनाव में वे अलीपुदुआर से सांसद बने। हाड़वा से तृणमूल कांग्रेस के हाजी नुरु इस्लाम विधायक थे, जो 2024 लोकसभा चुनाव में बरीशहाट से तृणमूल कांग्रेस के सांसद बने। हालांकि कुछ समय पहले ही उनका निधन हो गया है। बशीरहाट संसदीय सीट भी खाली हो गई है, लेकिन फिलहाल यहां पर उपचुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। नैहाटी से तृणमूल कांग्रेस के पार्थ भौमिक विधायक थे। उन्होंने 2024 में बैरकपुर से लोकसभा का चुनाव लड़ा और वे सांसद बने। उनके इस्तीफे के बाद नैहाटी की सीट खाली हुई है।

इसी तरह से सिताई से तृणमूल कांग्रेस के जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया विधायक थे। वे इस बार लोकसभा में कूचबिहार से सांसद बने, जिस कारण यह सीट भी खाली हुई है। 2021 में तालडांगरा से तृणमूल के अरूप चक्रवर्ती विधायक बने थे। 2024 लोकसभा चुनाव में वे बांकुड़ा से चुनाव लड़े और सांसद बने। इस कारण इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। बंगाल भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद शमिक भट्टाचार्य ने कहा, भाजपा के कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ तैयारी में जुट गए हैं। चुनाव नतीजे चौंकाएंगे। इस बार बंगाल की जनता तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाने के मूड में है। लोगों में सरकार के प्रति भारी गुस्सा है। अगर लोग निर्भय होकर मतदान केंद्र तक पहुंच पाए तो तृणमूल कांग्रेस कहीं दिखाई नहीं देगी। भाजपा की सीटों में इजाफा हो रहा है। 24 को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के भी आने की उम्मीद है। उनके आने से कार्यकर्ताओं का उत्साह और बढ़ जाएगा।

## भगोड़े आतंकवादी के सूची में शामिल हुआ संदीप सिंह

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत और कनाडा के बीच एक बार फिर कूटनीतिक विवाद अपने चरम पर है। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा के साथ कूटनीतिक विवाद के बीच भारत ने कनाडाई सीमा सेवा एजेंसी (सीबीएसए) के अधिकारी, संदीप सिंह सिद्धू को निर्वासन के लिए मांगे गए भगोड़े आतंकवादियों की सूची में शामिल किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक संदीप सिंह सिद्धू के पाकिस्तान में सक्रिय खालिस्तान आतंकवादी लखबीर सिंह रोडे और अन्य आईएसआई गुर्गों से भी संबंध हैं। इन लोगों ने 2020 में बलविंदर सिंह संधू की हत्या में भूमिका निभाई थी। शौर्य चक्र से सम्मानित बलविंदर सिंह संधू पंजाब में उग्रवाद के दौरान खालिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ सक्रिय हुए थे। उन्होंने अमेरिका और कनाडा में सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के नेतृत्व में खालिस्तान जनमत संग्रह का विरोध किया था।

# कश्मीर मैराथन में सीएम उमर 2 घंटे में 21किमी दौड़े

### स्ट्रेस मिटाने के लिए ड्रग्स की जरूरत नहीं, दौड़ काफी है



श्रीनगर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर यूनियन टैरिटरी के पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के 4 दिन बाद रविवार को उमर अब्दुल्ला कश्मीर हाफ मैराथन रेस में दौड़े। श्रीनगर के पोलो स्टेडियम से मैराथन को हरी झंडी दिखाने के बाद उन्होंने 21 किलोमीटर की दौड़ 2 घंटे में पूरी की। उमर अब्दुल्ला ने X पर लिखा। आज खुद से खुश हूं। स्ट्रेस मिटाने के लिए ड्रग्स की जरूरत नहीं होती है। एक अच्छी दौड़ उत्साह और जोश से भरने के लिए काफी होती है, चाहे वह एक किलोमीटर की दौड़ हो या एक मैराथन हो। नशा मुक्त जम्मू और कश्मीर के लिए दौड़ना शुरू करना चाहिए।

उमर ने कहा- 21 किलोमीटर की दौड़ 5 मिनट 54 सेकंड प्रति किलोमीटर की औसत गति से पूरी की। अपने जीवन में कभी 13 किलोमीटर से ज्यादा नहीं दौड़ा था। आज मैं बस चलता रहा, अपने जैसे दूसरे शौकिया स्प्रिटंर्स के उत्साह से प्रेरित होकर दौड़ता रहा। कोई ट्रेनिंग नहीं थी। कोई प्लानिंग नहीं थी। रास्ते में सिर्फ एक केला और एक-दो खजूर खाए।

**उमर बोले-कश्मीर में दिल्ली से एयर क्वालिटी बेहतर**

एक पोस्ट में दिल्ली में हुई हाफ मैराथन को लेकर जानकारी दी गई थी। उस पोस्ट में एक शख्स कहते नजर आ रहा था कि दिल्ली में काफी प्रदूषण है। इसका जवाब देते हुए उमर अब्दुल्ला ने X पर लिखा- अगली बार कश्मीर मैराथन में भाग लेने आइए, एयर क्वालिटी बेहतर होगी और सीन भी काफी सुंदर है। उमर ने कश्मीर मैरथन के दौरान कहा- इस दौड़ का सबसे बढ़िया हिस्सा मेरे घर के पास से दौड़ना था, जिसमें परिवार और दूसरे लोग मेरा उत्साहवर्धन करने के लिए बाहर थे। उन्होंने कहा कि दूसरों के साथ दौड़ना बहुत मजेदार था। रास्ते में बहुत सारी सेल्फी और वीडियोज भी लिए। उमर ने कहा- मुझे अपॉइंटमेंट के लिए कुछ रिक्वेस्ट भी मिली। रास्ते में लोगों की नौकरियों से जुड़ी एक या दो समस्याएं भी सामने आईं। कुछ पत्रकार इंटरव्यू लेने की उम्मीद में मेरे साथ दौड़ने की कोशिश कर रहे थे।

# मुकेश अंबानी ने किए बदरीनाथ-केदारनाथ धाम के दर्शन, भोग के लिए दान दिए पांच करोड़ रुपये



देहरादून, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। मशहूर उद्योगपति मुकेश अंबानी आज उत्तराखंड पहुंचे। सुबह वह अपनी प्राइवेट विमान से जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वह हेलीकॉप्टर से बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुए। यहां बीकेटीसी के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इसक बाद उन्होंने धाम में दर्शन कर पूजा अर्चना की। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सीईओ विजय थपलियाल ने बताया कि मुकेश अंबानी ने बदरीनाथ धाम में भोग के लिए दो करोड़ 51लाख रुपये की धनराशि का दान दिया। वहीं, इसके बाद वह केदारनाथ धाम दर्शन के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा केदार की पूजा अर्चना कर दो करोड़ 51लाख की धनरशि दान की। दोपहर बाद दर्शन के बाद वह वापस मुंबई के लिए रवाना होंगे। बता दें कि अंबानी परिवार की भगवान बदरीनाथ और केदारनाथ धाम से अपार आस्था है। मुकेश अंबानी सपरिवार प्रत्येक वर्ष बदरीनाथ और केदारनाथ धाम दर्शन के लिए पहुंचते हैं। वहीं, अनंत अंबानी बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। मुकेश अंबानी के परिवार की ओर से बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में सालों से भोग के लिए धनराशि भी दी जाती है।

## बरेली से आ रहे दंपती समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

रुद्रपुर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के रुद्रपुर में पुलभट्टा पुलिस ने दंपती सहित तीन स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। तीनों के कब्जे से एक किलो 58 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के अनुसार, पकड़ी गई स्मैक की कीमत करीब तीन करोड़ है। इनमे एक आरोपी शानू निवासी फतेहगंज पश्चिमी बरेली, काशीपुर निवासी दंपती खुर्शीद और आसमा को स्मैक सप्लाई करता था। शानू अब तक जिले में तीन साल में 30 किलोग्राम स्मैक सप्लाई कर चुका है। तीनों लोग वेगनार कार से बरेली से जिले में आ रहे थे। इस दौरान चेकिंग के समय पूछताछ में तीनों को स्मैक के साथ पकड़ा गया।

# भोपाल में भूतपर्व सैनिकों की रैली में शामिल हुए सीएम

### अब शहीद की बहन-बेटी के विवाह में सरकार देगी 51 हजार रुपए; मुख्यमंत्री ने की कई घोषणाएं



भोपाल, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। भोपाल के बैरागढ़ स्थित श्री ईएमई सेंटर में आयोजित भूतपूर्व सैनिकों की रैली में सीएम डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। 6 सालों के बाद भोपाल में यह कार्यक्रम हुआ। जिसमें 102 इंजीनियर रेजिमेंट के सैनिकों ने अपने जौहर का प्रदर्शन किया। सीएम ने सैनिकों के करतब देखकर उनकी तारीफ की। कार्यक्रम में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएम डॉ. मोहन यादव ने की। इस दौरान एससीएस होम एसएन मिश्रा और सेना के अधिकारी मौजूद थे।

**शहीद की पत्नी के साथ माता-पिता को भी मिलेगी आधी सम्मान निधि**

इस कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादव ने भूतपूर्व सैनिकों, शहीदों की विधवाओं, परिजन के लिए कई बडे.ऐलान किए। सीएम ने कहा- शहीद के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि एकमुश्त दी जाती थी। लेकिन उसमें कठिनाई ध्यान में आई थी कि परिवार में वारिस के नाते से कानूनन ये माना जाता था कि पत्नी के अलावा और किसी को राशि नहीं दे सकते। हमने संशोधन कर दिया कि आधी राशि पत्नी को देंगे और आधी माता पिता को देंगे। कई बार घर में जवान बेटी होती है और ऐसी घटना में उसका दोबारा विवाह करना हो कई और कारण होते हैं। कि इस राशि में हक किसका होगा। इसलिए हमने इसमें संशोधन किया है।


**'मध्यप्रदेश के त्रिपाठी नौसेना का नेतृत्व कर रहे हैं'**

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा- हमारे मप्र से निकलकर देश की नौसेना का नेतृत्व दिनेश कुमार त्रिपाठी कर रहे हैं। इससे ज्यादा गर्व की क्या बात हो सकती है। आकाशवाणी का एक पंचरंगी प्रोग्राम आता था। उसमें रसरंग के साथ गानों का प्रसारण होता था। वीरता के कितने रस हो सकते हैं, उनका आज आनंद मैं ले रहा था। वर्तमान की जीत का आधार भूतपूर्व सैनिक होता है। वो वर्तमान की सेना का हौसला बुलंद करता है।

सीएम ने कहा- हम जिस संस्कृति को मानते हैं। उसमें आने और जाने का क्रम भी नियत है, लेकिन आने और जाने के क्रम में जो मौका हमें परमात्मा देता है। उसमें हम अपने जीवन को धन्य बनाएं। ये सामान्य व्यक्ति के लिए होता है। आप तो दो कदम आगे वाले लोग हैं। जो 142 करोड़ लोगों का जीवन धन्य बनाते हैं।

# सिक्किम की महिला के शरीर में 12 साल से कैंची

### पति बोला-डॉक्टरों ने 2012 में ऑपरेशन के दौरान छोड़ी, तब से पत्नी दर्द में रहीं



गंगटोक, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिक्किम की एक 45 साल की महिला के एब्डोमेन से 12 साल पहले छोड़ी गई कैंची को निकाला गया है। उसके पति ने बताया कि महिला ने 2012 में सिक्किम की राजधानी गंगटोक में सर थुटोब नामग्याल मेमोरियल अस्पताल में एपेंडिक्स की एक सर्जरी कराई थी। इसके बाद महिला की एपेंडिक्स का दर्द खत्म हो गया था।


हालांकि, कुछ दिनों बाद उन्हें फिर से पेट में दर्द होने लगा। कई डॉक्टरों को दिखाने के बाद भी दर्द बंद नहीं हुआ। वह 12 साल तक इस परेशानी से जूझती रही। 8 अक्टूबर 2024 हम फिर से वही अस्पताल में गए, जहां एक्स-रे के दौरान पता चला कि पत्नी के एब्डोमेन में सर्जिकल कैंची है। यह 2012 में हुए ऑपरेशन के दौरान छोड़ी गई थी। पति ने बताया कि एक्सरे जांच के बाद फिर से पत्नी की सर्जरी हुई, जिसमें कैंची को निकाला गया। उनकी हालात अब स्थिर है और वह धीरे-धीरे स्वस्थ्य हो रही हैं। डॉक्टरों की लापरवाही की खबर फैलने के बाद अस्पताल के खिलाफ नाराजगी जाहिर की गई है। अस्पताल प्रशासन के खिलाफ जांच भी शुरू की गई है।

**डॉक्टरों की लापरवाही के पिछले 2 मामले**

भोपाल केयर हॉस्पिटल में महिला की सर्जरी के दौरान डॉक्टर ने पेट में कैंची छोड़ दी। सर्जरी के करीब चार महीने बाद महिला के पेट में तेज दर्द हुआ तो उन्होंने जांच कराई। डॉक्टर ने एक्स-रे की सलाह दी। एक्स-रे रिपोर्ट में पता चला कि महिला के पेट में कैची है, तब मामले का खुलासा हुआ।

# श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर से बर्तन की चोरी

### हरियाणा से चार लोगों को हिरासत में लिया गया



तिरुवनंतपुरम, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। केरल में तिरुवनंतपुरम के श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर से कांसे का बर्तन चुराने के आरोप में हरियाणा से चार लोगों को हिरासत में लिया गया। इस पारंपरिक बर्तन को स्थानीय भाषा में उरुली के नाम से जाना जाता है। इसका उपयोग पुराने समय में पूजा करने के लिए किया जाता था। लोग इसे गुप्त तहखानों में रखते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और हरियाणा पुलिस की मदद से उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि, उन्होंने इस मामले में ज्यादा जानकारी नहीं दी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, आरोपियों में से एक डॉक्टर है और उसके पास ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता है। उनके और दो-तीन महिलाओं के एक समूह ने पिछले हफ्ते मंदिर का दौरा किया था। उन्होंने गुरुवार को मंदिर में चोरी की। मंदिर से बरंतन गायब होने के बाद मंदिर प्रबंधकों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से आरोपियों को ढूंढ निकाला। सूत्रों ने बताया कि आरोपियों को बाद में स्थानीय पुलिस की मदद से हरियाणा में ट्रेस किया गया और बाद में पुलिस में उन्हें हिरासत में ले लिया। आरोपियों को आज दिन में तिरुवनंतपुरम लाने की संभावना है। बता दें कि इस मंदिर में पुलिस चौबीसों घंटे पहरा देती है। सबसे सुरक्षित माने जाने वाली मंदिर में चोरी की घटना ने सुरक्षाकर्मियों को चौंका दिया।

# कन्नूर एडीएम नवीन बाबू की मौत पर तेज हुई सियासत

### कांग्रेस ने सीएम विजयन की चुप्पी पर उठाए सवाल



तिरुवनंतपुरम, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। केरल में कन्नूर के पूर्व एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट (एडीएम) नवीन बाबू की आत्महत्या मामले में सियासत तेज हो गई है। सीएम पिनराई विजयन की चुप्पी पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के प्रमुख के सुधाकरन और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने पूछा कि मुख्यमंत्री इस मामले पर चुप क्यों हैं? उन्होंने नवीन बाबू के परिवार को लेकर संवेदना भी नहीं जताई। बता दें कि कन्नूर एडीएम नवीन बाबू ने कथित तौर पर आत्महत्या की है। इस मामले में माकपा नेता पीपी दिव्या पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा है।

**कांग्रेस ने उठाए सवाल**

कन्नूर के पूर्व एडीएम नवीन बाबू को एक ईमानदार और अच्छा अधिकारी बताते हुए केरल कांग्रेस नेता सुधाकरन ने आरोप लगाया कि सरकार मामले की जांच करने में ढिलाई बरत रही है। इसके साथ ही वीडी सतीशन ने दावा किया कि विजयन और उनका कार्यालय बाबू की कथित आत्महत्या के पीछे के दोषियों को बचाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि माकपा ने बाबू को भ्रष्ट दिखाने और कन्नूर जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष दिव्या को बचाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए।

**सतीशन का आरोप**

वहीं सतीशन ने ये भी आरोप कहा कि जब दिव्या ने बाबू के खिलाफ सार्वजनिक रूप से आरोप लगाए तो विजयन चुप क्यों रहे। उन्होंने कहा कि कन्नूर के पूर्व एडीएम के खिलाफ लगाए गए आरोपों के पीछे एक साजिश है। दिव्या पर गुरुवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था और देर रात सीपीआई (एम) ने उन्हें कन्नूर जिला पंचायत अध्यक्ष के पद से हटा दिया।

**दिव्या पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप**

स्थानांतरण के बाद उनके विदाई समारोह में दिव्या ने बाबू पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था, जिसके बाद उन्होंने अपने आवास पर आत्महत्या कर ली थी। इस घटनाक्रम के बाद राज्य में विवाद पैदा हो गया है। विपक्षी कांग्रेस और भाजपा ने दिव्या की गिरफ्तारी की मांग की है। उधर, पतनमथिट्टा के कलक्ट्रेट में कई मंत्रियों, वरिष्ठ नौकरशाहों व सहकर्मियों ने नवीन को अंतिम विदाई दी।

## तीन साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप में बुजुर्ग गिरफ्तार

कोलकाता, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में पूर्वी बर्धमान जिले के काटोया में एक वरिष्ठ नागरिक को तीन साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया था। रविवार को आरोपी को जिला अदालत में पेश किया जाएगा। पब्लिक प्रॉसिक्यूटर आगे की पूछताछ के लिए उसकी पुलिस हिरासत की मांग करेंगे। आरोपी को पॉक्सो एक्ट 2012 की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता की मां के अनुसार, आरोपी ने मेरी तीन साल की बेटी को बिस्कुट खिलाने के लिए अपने घर बुलाया। उसने इसका फायदा उठाकर मेरी बेटी का यौन शोषण किया। वह बहुत रोती हुई घर वापस आई और उसने मुझे बताया कि उसके साथ क्या हुआ है।

## 'मम्मी-पापा मेरी कोई गलती नहीं थी'-टीचर की धमकी के बाद 11वीं के छात्र ने लगाई फांसी

राजकोट, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'मम्मी-पापा मेरी कोई गलती नहीं थी, मैंने टीचर को यह विश्वास दिलाने की बहुत कोशिश की कि मैं पेपर घर से लिखकर नहीं लाया था. फिर भी उन्होंने...' गुजरात के राजकोट में टीचर की मानसिक प्रताड़ना के बाद 11वीं क्लास के छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. छात्र ने आत्महत्या से पहले अपने माता-पिता के लिए एक नोट और वीडियो मैसेज छोड़ा है, जिसमें छात्र ने सुसाइड के पीछे की वजह बताई है. पुलिस ने आकस्मिक मौत का केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है. दरअसल, यह दुखद घटना राजकोट के लोधिका तालुका के मोटावाड़ा गांव की है. 11वीं क्लास के छात्र ने टीचर की धमकी से परेशान होकर सुसाइड कर लिया. छात्र ने सुसाइड से पहले नोट और एक वीडियो रिकॉर्डिंग टीचर की मानसिक प्रताड़ना का जिक्र किया है. छात्र ने कहा कि टीचर ने उसे परीक्षा में नकल के लिए पुलिस को सौंपने की धमकी दी थी. जेल जाने के डर से छात्र ने आत्महत्या की.

# गैंगस्टर पर हर साल 40 लाख रुपये खर्च करता है परिवार

### चचेरे भाई ने बताया कैसे पड़ा लॉरेंस नाम



नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। सलमान खान को धमकी देने का मामला हो, या फिर एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या, पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या, सभी मामलों में एक ही समान बात है और वो है जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई। लॉरेंस फिलहाल गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। अब लॉरेंस के एक चचेरे भाई ने खुलासा किया है कि परिवार लॉरेंस पर हर साल 40 लाख रुपये खर्च करता है ताकि जेल में उसे किसी तरह की तकलीफ न हो।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लॉरेंस के चचेरे भाई रमेश बिश्नोई ने बताया कि उनके परिवार ने कभी नहीं सोचा था कि पंजाब यूनिवर्सिटी से कानून का स्नातक लॉरेंस अपराधी बन जाएगा। रमेश ने कहा कि 'हमारा परिवार हमेशा से ही संपन्न रहा है। लॉरेंस के पिता हरियाणा पुलिस में कॉन्सटेबल थे और उनके पास गांव में 110 एकड़ जमीन थी। लॉरेंस हमेशा से ही महंगे कपड़े और जूते पहनने का शौकीन रहा। अभी भी परिवार उस पर हर साल जेल में 35-40 लाख रुपये खर्च करता है।'

**कैसे पड़ा लॉरेंस नाम?**

रमेश ने बताया कि पंजाब के फिरोजपुर में जन्मे लॉरेंस का असली नाम बलकरण बरार है, लेकिन वह अपने स्कूल के दिनों में ही लॉरेंस बन गया था। बताया जाता है कि लॉरेंस की आंटी ने उसे लॉरेंस नाम रखने की सलाह दी थी और कहा था कि ये नाम ज्यादा बेहतर लगता है। हाल के वर्षों में लॉरेंस बिश्नोई का नाम कई हाई प्रोफाइल मामलों से जुड़ा है। जिनमें फिल्म अभिनेता सलमान खान को धमकी देने और उनके घर पर फायरिंग का मामला हो या फिर मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हाल ही में की गई हत्या का मामला, सभी में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम सामने आया है। इससे पहले पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का आरोप भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर ही लगा था। इतना ही नहीं कनाडा की सरकार ने भी आरोप लगाया है कि भारतीय एजेंट्स लॉरेंस बिश्नोई गैंग के साथ मिलकर खालिस्तानी कट्टरपंथियों को निशाना बना रहा है।

# भारतीय टीम की हार के विलेन

भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु के टेस्ट में न्यूजीलैंड की कीवी टीम ने वह बुरी दुर्गति की है जिसकी कल्पना किसी भारतीय ने नहीं की होगी। नतीजतन, न्यूजीलैंड की टीम आठ विकेट से जीत गई। मेहमान बन कर आई टीम न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम और उनके फैंस को बेंगलुरु टेस्ट में बहुत निराश किया है। टॉम लेथम की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड की टीम ने रोहित सेना को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रगड कर रख दिया। बता दें कि इस टेस्ट मैच का टास भारत ने जीता और बल्लेबाजी का निर्णय लिया। भारत का यह निर्णय पहले ही दिन तब गलत साबित हो गया जब भारत पहली पारी में शर्मनाक सिर्फ 46 रन पर सिमट गया। ऐसी शर्मनाक संख्या लगभग चार दशकों में तो देखने को नहीं मिली थी। जवाब देने जब कीवी टीम उतरी तो उसने भारतीय गेंदबाजों की धुनाई करते हुए 402 रन बना डाले। तीसरी पारी में भारतीय बल्लेबाजों ने पलटवार करते हुए 462 रन बना दिए। लेकिन पहली पारी में हुई शर्मनाक बैटिंग की वजह से भारत न्यूजीलैंड को कोई बड़ा टारगेट नहीं दे पाया। न्यूजीलैंड ने 107 रन के टारगेट को 8 विकेट रहते हासिल कर लिया। ऐसे में इस हार के जो पांच खिलाडी खलनायक बन कर सामने आए हैं उनकी हर जगह आलोचना हो रही है। भारतीय टीम के सूरमा बल्लेबाज का तमगा लेने वाले केएल राहुल का बल्ला इस मैच में बिलकुल खामोश रहा। पहली पारी में वह डक पर आउट हुए तो दूसरी पारी में भी राहुल कोई कमाल नहीं दिखा सके और महज 12 रन बना कर पेवेलियन लौट गए। दिग्गज ऑलराउंडर मान कर रविचंद्रन अश्विन को इस टेस्ट में मौका दिया गया था जिसमें वह पूरी तरह फेल साबित हुए। पहली पारी में वह भी डक पर आउट हुए थे जबकि दूसरी पारी में मात्र 15 रन बना सके। वहीं पूरे टेस्ट में अश्विन ने सिर्फ 1 विकेट लिया और वह इतने महंगे साबित हुए कि पूरी बाजी ही पलट गई। पहली पारी में अश्विन ने 16 ओवर में 5.88 की इकॉनमी से 94 रन लुटाए जबकि दूसरी इनिंग में उन्हें गेंदबाजी का ज्यादा मौका नहीं मिला। इसी तरह स्टार और अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से बल्लेबाजी में जब सख्त जरूरत थी तो उनका बल्ला खामोश हो गया। वे भी बुरी तरह फ्लाप होते हुए पहली पारी में डक पर आउट हुए थे। वहीं दूसरी पारी में सिर्फ 5 रन बना पाए थे। गेंदबाजी में भी उन्होंने कोई खास जौहर नहीं दिखाया। दोनों पारी मिलाकर रविंद्र जडेजा सिर्फ 3 विकेट ले सके, जबकि उनसे बेहतर खेल की उम्मीद की जा रही थी। टीम इंडिया के तेज तर्रार गेंदबाज मोहम्मद सिराज का भी प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। मैच में महंगे साबित हुए अलग से। ऊपर से विकेट चटकाने में भी वे सफल नहीं हो सके। पहली पारी में उन्होंने 18 ओवर में 84 रन दिए और 2 विकेट लिए। दूसरी पारी में उन्होने 7 ओवर में 16 रन दिए और कोई भी विकेट नहीं लिया। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी इस मैच की दोनों पारियों में फ्लॉप रहे। पहली इनिंग्स में उन्होंने 13 रन बनाए। दूसरी पारी में जायसवाल अच्छे टच में दिख रहे थे। लेकिन 35 रन पर बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अपनी विकेट गंवा बैठे। दूसरी पारी में भारत को उनसे बड़ी पारी की काफी जरूरत थी। लेकिन जरूरत के वक्त वे भी फ्लाप ही साबित हुए। इन पांचों खिलाडियों ने जिस तरह का भद्दा प्रदर्शन किया वह किसी स्कूली टीम जैसा ही दिखा। नतीजतन भारत की जीत की उम्मीदों पर पानी फिर गया।

# एमएसपी की घोषणा, बाजारी ताकतों पर नियंत्रण जरुरी



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

बुवाई से पहले या बुवाई के समय फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि किसानों को कौन सी फसल लेना लाभकारी रहेगा इस पर सोच विचार कर निर्णय करने का अवसर मिल जाता है। पिछले कुछ सालों से केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ हो या रबी लगभग इनके बुवाई के समय ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी जाती है। इसे सरकार की सकारात्मक पहल भी कहा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छहों फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है जिससे किसानों के लिए यह फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके। दावों की माने तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 105 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 50 प्रतिशत अधिक है तो चना और जौ की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है। सरसों की लागत से 98 फीसदी तो मसूर की 89 प्रतिशत अधिक राशि तय की गई है। निष्कर्ष रुप से यह कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। एमएसपी की घोषणा करते समय सरकार ने लागत में खाद-बीज, कीटनाषक, सिंचाई पर व्यय के साथ ही मानव श्रम का भी समावेश किया गया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है। देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे तो ऐसी स्थिति में सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरें में लाया गया। कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में गेहूं, धान आदि 7 अनाज फसलें, 5 दलहनी, 7 तिलहनी, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रमुखतः राज्यों में सहकारी संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से एमएसपी की खरीद की जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में सहकारी संस्थाओं का विस्तृत और सीधे काश्तकारों की पहुंच का नेटवर्क है। अब ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन और फिर खरीद के बाद ऑनलाईन भुगतान व्यवस्था से पारदर्शिता आई है। पर सवाल अभी वहीं है कि जब तक बाजार में खासतौर से मण्डियों में एमएसपी फसलों के भाव घोषित एमएसपी दरों के समकक्ष नहीं आते तब तक खरीद जारी रहने से ही काश्तकारों को सही मायने में इस व्यवस्था का फायदा मिल सकता है।


# बाल अपराध और सोशल मीडिया



रघु ठाकुर

25 सितम्बर के अखबार और मीडिया पर चार खबरें बलात्कार या बच्चियों के साथ अपराध की चर्चा में हैं। इन सभी अपराधों की शिकार होने वाली बच्चियां कम उम्र और अधिकांश में अपराधी भी कम उम्र वाले हैं। ऐसी ही एक और खबर सोशल मीडिया पर आई है कि मध्यप्रदेश के सागर जिले में किसी स्कूल के एक छात्र ने छात्रा के साथ बलात्कार किया। पहली तीन खबरों का जो जिक्र मैंने किया है, वे भी मध्यप्रदेश में मुरैना, नर्मदापुरम और हरदा की हैं। आमतौर पर अपराध की घटनाएं अखबार में राज्य के पन्ने पर छपती हैं। इसलिए प्रदेश के बाहर अन्य प्रदेशों में हुई घटनाओं के बारे में सूचना कम मिल पाती है। अगर सारे देश के अखबार देखे जायेंगे तो शायद ही कोई प्रदेश बचेगा जहां ऐसी घटनाएं न घट रही हों। ये घटनाएं सूचनाएं भी हैं, साथ ही समाज व देश की राजनीतिक व्यवस्था व न्यायपालिका के लिए भी गहरा संदेश हैं। मैं नहीं जानता कि समाज, न्यायपालिका व राजसत्ता ने इन घटनाओं को मात्र एक अपराध के रूप में देखा है या फिर इनके गहरे निहितार्थ को समझने का प्रयास भी किया है। यह जानना भी कठिन है क्योंकि इन तीनों के साथ किसी का भी कोई सीधा संवाद सम्भव नहीं। इनकी प्रतिक्रिया जानना भी कठिन है। लगभग हर मीडिया, चौनल और अखबारों के एक दो पेज या बड़ा हिस्सा धर्म के नाम पर, कर्मकांड और उपदेश के लिए सुरक्षित रहता है जिनमें धर्मगुरुओं के भारी भारी शब्दों के उपदेश भी मोटे अक्षरों में छपते हैं। परंतु ये खबरें इन धर्मगुरुओं के ऊपर कोई प्रभाव डालती नहीं दिखती। कई बार ऐसा लगता है कि ये धर्मोपदेशक शायद अपना ही उपदेश पढ़ते हैं और अपनी ही फोटो देखते हैं। इन गंभीर अपराधों की खबरों को जो धर्म और समाज दोनों से जुड़ी हैं वे या तो पढ़ते नहीं हैं या फिर पढ़ कर उन्हें दृष्टि से ओझल कर देते हैं। उन पर प्रतिक्रिया करना तो दूर की बात है। शायद वे जानते हैं कि निर्गुण धार्मिक उपदेश देना सुरक्षित कार्य और सगुण बोलना सत्ता, व्यवस्था और समाज की नाराजगी को मोल लेना है। एक अलिखित समझौता सा धर्मगुरुओं, राजनेताओं और समाज के बीच है कि जो होता है वह होता रहे, तुम अपनी गति से आगे बढ़ो, हम अपने उपदेश देते रहेंगे। शायद यह साहस गांधी में ही था कि वे अपनी प्रार्थना-सभाओं में उन घटनाओं पर सगुण टिप्पणी करते थे जो समाज, देश और दुनिया को किसी न किसी रूप में प्रभावित करती थी। मेरी राय में इस पर भी विचार होना चाहिए कि आखिर इन घटनाओं के पीछे क्या कारण हैं। वे क्यों हल नहीं की जा सकतीं। मेरी वर्षों से यह राय बनी है कि समाज में निरंतर बढ़ रहे अपराध के पीछे आबादी की वृद्धि - व्यवस्था की असफलता या पक्षधरता- और नई मशीनी सभ्यता और तकनीक भी बड़े कारण हैं। आबादी की चर्चा इसलिए कि आबादी की वृद्धि का बोझ देश और प्रद्धति पर इतना बढ़ चुका है कि वह इंसान की मानवीय जरूरतों की पूर्ति करने में भी असफल हो रही है। आज अगर देश में कुछ वर्षों में ही सामाजिक मान्यता के बगैर लड़के और लड़कियां का सहजीवन, जिसे श्लिव इन रिलेशनशिप्य कहा जाता है, लाखों की संख्या में पहुंच चुका है तो क्या इसका एक कारण आबादी की वृद्धि नहीं है? जवान बच्चों के पास अगर अपनी मानवीय जरूरतों की पूर्ति के लायक स्थान नहीं होंगे, वे विधिवत शादी और विवाह के बाद रहने के लिए जरूरी स्थान भी नहीं पा सकेंगे तो यह सहजीवन का चलन बढ़ेगा। भले ही समाज की बहुसंख्या अभी इसे अस्वीकार करे। शारीरिक संबंध बनाने की इंसानी भूख और स्थानाभाव ने एक विद्रूत रूप लेना शुरू कर दिया है। बड़े शहरों के सार्वजनिक पार्क, होटल और यहां तक कि सार्वजनिक यातायात के वाहन, मेट्रो आदि भी अब भयावह रूप ले रहे हैं। मेरे कई सुशिक्षित मित्रों ने बताया कि दिल्ली के मेट्रो में चलना अब इसलिए कठिन हो रहा है कि भीड़ के अलावा लड़के लड़कियों के संबंध की अवस्था विद्रूत हो रही है। पूना के एक सार्वजनिक पार्क में मैंने स्वयं ऐसे दृश्य देखे हैं और पार्क के मुख्य दरवाजे पर जो रजिस्टर प्रतिक्रियाओं के लिए रखा था उसमें लिखा था कि इसका नाम बदल कर श्कुत्ता पार्क्य रखा जाये ताकि कम से कम उन महापुरुषों का सम्मान बना रहे। जिनके नाम पर पार्क बनाया गया है।आजकल जो बाल अपराध हो रहे हैं उनमें एक बड़ा कारण पोर्न-साइट्स का भी है। सोशल मीडिया पर जितने समूह हैं, विशेषतरू जो विज्ञापनों से चलते हैं, उनमें अधिकांश विज्ञापन अश्लील और नग्नता के होते हैं। यहां तक कि कुछ समूह जो वैचारिक संदर्भों या नाम से हैं, उनके भी समाचारों के अंदर के समाचारों में ऐसे ही चित्र नजर आते हैं। यह बाजार का व्यापारिक कौशल है या विज्ञापनदाताओं की आवश्यकता, या समूह चलाने वालों की आर्थिक लाचारी है, इसका ठीक उत्तर तो उन्हीं से मिल सकता है। पर यह निर्विवाद है कि बढ़ते बाल अपराधों में पोर्न-साइट्स और चाइल्ड पोर्नोग्राफी बड़ी हद तक जवाबदेह हैं। डिजिटल कम्पनियां भी अपने व्यापार के लिए पोर्नोग्राफी को न केवल बढ़ावा दे रही हैं बल्कि बड़े पैमाने पर बेच रही हैं। यूनिसेफ के अनुसार भारत के 43 करोड़ बच्चे नाबालिग हैं। छोटे घरों में जब वे अपने माता-पिता को यौन संपर्कों में देखते हैं तो उनके बाल-मन पर जो असर होता है वह भी उन्हें यौन क्रिया और संबंधों के बारे में प्रेरित करता है। एक अध्ययन के मुताबिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में से 97 फीसदी बच्चे औसतन 43 मिनट स्कूल में भी मोबाइल देखते हैं। सम्भव है कि इस समय में भी वे अधिकांश तौर पर ऐसे ही चित्र देखते हों। आजकल बच्चों में भी ड्रग्स का व्यापार बढ़ा है। ड्रग्स भी पोर्नोग्राफी के साथ बाल-अपराध का बड़ा कारण बन गई हैं। कहने को निजी कवच के विज्ञापन में गूगल ने औसतन पंद्रह अरब स्पैम और फिशिंग मैसेज को ब्लॉक किया है। गूगल एंड्रायड एप्स के दो सौ अरब स्कैनिंग के दावे किए हैं। परंतु इन दावों की कोई प्रामाणिकता नहीं है। भारत सरकार ने जो आईटी रूल्स 2011 व 2021 के तहत जो नये नियम बनाये हैं उनके अनुसार इंटरनेट कंपनियों को अपनी साइट्स पर से पोर्नोग्राफिक मैसेज हटाना चाहिए। यह नियम बनाना तो आसान था परंतु इन साइट्स पर से ये मैसेज हटाये गए या नहीं, इनका नियंत्रण व अध्ययन कैसे सम्भव हो सकता है। इसका कोई इलाज या तो इंटरनेट के मालिक खोज सकते हैं, उनकी कम्पनियों के शोधकर्ता तथा तकनीकी विशेषज्ञ खोज सकते हैं या फिर थोड़ा बहुत समाज, राजसत्ता या धार्मिक जमातें कर सकती हैं। अगर नाबालिग बच्चों पर पूर्णतरू मोबाइल की पाबंदी लगाई जाये तो यह भी सम्भव और व्यावहारिक नहीं लगता क्योंकि अब तो अनेक शैक्षणिक-सुरक्षात्मक कार्यों के लिए मोबाइल जरूरी हो गया है। दूसरे, अपनी नासमझी के तहत या कुछ लाचारी और अभ्यास के चलते मातायें खुद बच्चों को साल दो साल की उम्र से मोबाइल पकड़ा देती हैं। मैं अमूमन यात्राओं में देखता कि बच्चों को खाना खिलाने के लिए माताएं उन्हें मोबाइल देती हैं। मोबाइल देखते हुए बच्चे को खाना खिलाते हुए वह बहुत प्रसन्नता के साथ बताती हैं कि वह बिना मोबाइल देखे खाना नहीं खाता। वे अपने बच्चों में मोबाइल की लत पैदा कर रही हैं। अपने ही बच्चे के भविष्य को बर्बादी की ओर ले जा रही हैं। मेरी राय में बाल अपराधों व यौन अपराधों को रोकने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा सकते हैं सरकार और समाज, आबादी नियंत्रण पर प्रमुखता से ध्यान दें, वरना स्थितियां दिनों-दिन भयावह होंगी। भारत सरकार को भारत में ऐसी इंटरनेट व्यवस्था शुरू करनी चाहिए जिनमें मशीनी तौर पर ही पोर्नोग्राफी, स्पैम या फिशिंग मैसेज के माध्यम से अश्लील दृश्य न आ सकें। समाज व धार्मिक संस्थाओं को यह समझना होगा कि अब यह मामले केवल आपराधिक नहीं बल्कि समाज के विद्रूत होने के प्रमाण हैं। क्या राजनेता, सामाजिक नेता व धर्मगुरु यह खुले तौर पर कहने का व स्वीकारने का साहस करेंगे कि यह उनके लिए भी कसौटी है? 5-न्यायपालिका के निर्देश व आदेश कुछ आए हैं। परंतु यह बहुत स्पष्ट या कारगर हैं ऐसा नहीं लगता। तमिलनाडु न्यायपालिका ने इस पर रोक लगाने की याचिका के संबंध में जो निर्णय दिया था वह कानून की परिभाषा की दृष्टि से तो मैं नहीं कहता पर समाज जीवन की परिभाषा के अनुसार नितांत गलत था।

# प्रियंका को आसानी से नहीं दिया जा सकता वाक ओवर



अशोक भाटिया

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के अच्छे प्रदर्शन के बाद सबकी नजर इस पर थी कि राहुल गांधी किस सीट से लोकसभा में जाएंगे। राहुल इस बार उत्तर प्रदेश की रायबरेली और केरल की वायनाड संसदीय सीट से चुनाव जीते थे। ऐसे में उन्हें एक सीट छोड़नी थी। राहुल ने वायनाड सीट से इस्तीफा देते हुए रायबरेली सीट से अपनी सांसदी बनाए रखी। वायनाड से इस्तीफा देने के साथ ही कांग्रेस ने यह भी ऐलान कर दिया कि वायनाड सीट पर होने वाले उपचुनाव में प्रियंका गांधी वाड्रा उम्मीदवार होंगी। प्रियंका अगर वायनाड से चुनाव जीतती हैं तो संसद में गांधी-नेहरू परिवार एक नया कीर्तिमान रच देगा।लंबे इंतजार के बाद साल 2019 में प्रियंका गांधी जब सक्रिय राजनीति में आईं तभी से उनके चुनाव लड़ने को लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जाने लगे थे। कभी उनके लिए उत्तर प्रदेश की परंपरागत अमेठी सीट, तो कभी मां सोनिया गांधी की रायबरेली सीट तो कभी वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के दावे किए जाने लगे। लेकिन वह कभी भी चुनावी समर में नहीं उतरीं। हालांकि अब पार्टी ने प्रियंका गांधी वाड्रा को वायनाड सीट से उपचुनाव में उतारने का ऐलान कर दिया। अब तक खुद को चुनाव प्रचार तक सीमित रखने वाली प्रियंका अब पहली बार चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगी। प्रियंका अब अगर अपनी पहली चुनावी बाधा को पार कर लेती हैं तो संसदीय इतिहास में यह ऐतिहासिक क्षण होगा।यदि प्रियंका गांधी वायनाड से लोकसभा उपचुनाव जीत लेती हैं, तो यह पहली बार होगा कि जब गांधी-नेहरू परिवार से मां, बेटा और बेटी एक साथ संसद में होंगे। सोनिया गांधी इस समय राज्यसभा सांसद हैं तो राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। हालांकि इससे पहले कई बार इस गांधी-नेहरू परिवार के कम से कम 2 सदस्य एक समय में संसद में रहे हैं। पंडित जवाहर लाल नेहरू के प्रधानमंत्री रहने के दौरान उनके दामाद फिरोज गांधी लोकसभा सांसद रहे थे। फिरोज गांधी पहले 1952 में फिर 1957 में रायबरेली लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे। इस दौरान पीएम नेहरू भी लोकसभा सांसद (फूलपुर सीट) थे। इंदिरा गांधी पहली बार 1964 में राज्यसभा की सदस्य बनने के साथ अपने संसदीय करियर की शुरुआत की थी। जबकि उन्होंने 1967 में पहली बार लोकसभा चुनाव जीता था। 1980 के चुनाव में इंदिरा गांधी सांसद चुनी गईं थी तब उनके बेटे संजय गांधी भी अमेठी सीट से लोकसभा सांसद चुने गए थे। संसद में पहली बार गांधी-नेहरू परिवार से मां-बेटे की जोड़ी सांसद बनी थी। लेकिन कुछ महीने बाद एक विमान हादसे में संजय की मौत हो गई। ऐसे में यहां पर कराए गए उपचुनाव कराया गया। संजय गांधी के बड़े भाई राजीव गांधी ने 1981 में अमेठी सीट पर हुए उपचुनाव में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की और लोकसभा पहुंचे। तब इंदिरा गांधी भी लोकसभा सांसद थीं और उनके बेटे भी सांसद चुने गए थे। फिर साल 2004 में गांधी-नेहरू परिवार से मां-बेटे की जोड़ी फिर से संसद पहुंची। सोनिया गांधी रायबरेली से सांसद चुनी गईं और उनके बेटे राहुल गांधी ने अमेठी से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत करते हुए अपनी पहली चुनावी बाधा पार की।फिरोज और इंदिरा की दूसरी संतान संजय गांधी का परिवार भी लगातार राजनीति में बना हुआ है। संजय की पत्नी मेनका गांधी और उनके बेटे वरुण गांधी की जोड़ी भी संसद में 3 बार बनी रही। वरुण गांधी ने अपने चुनावी करियर की शुरुआत 2009 में पीलीभीत सीट से चुनाव जीतकर की। तब आंवला सीट से मेनका गांधी से सांसद चुनी गई थीं। 2014 में वरुण सुल्तानपुर से सांसद बने तो मां मेनका पीलीभीत से लोकसभा पहुंचीं। 2019 में वरुण पीलीभीत से तीसरी बार सांसद चुने गए तो मेनका ने सुल्तानपुर से जीत हासिल की। हालांकि 2024 में मेनका कड़े संघर्ष के बाद चुनाव हार गईं जबकि उनके बेटे को बीजेपी ने मैदान में नहीं उतारा था। दूसरी ओर, 2004 से लेकर अब तक सोनिया और राहुल के रूप में मां-बेटे की यह जोड़ी संसद में बनी हुई है। लेकिन इस समय सोनिया लोकसभा की जगह राज्यसभा की सदस्य हैं।अब ठीक 20 साल बाद 2024 में मां-बेटे की यह बेमिसाल जोड़ी एक कदम आगे बढ़ाते हुए अपने साथ एक बेटी को भी शामिल करने जा रही है। अब 19 नवंबर को वायनाड का उपचुनाव होने जा रहा है . कांग्रेस ने प्रियंका की चुनाव लड़ने की विधिवत घोषणा भी कर दी है . उपचुनाव में अगर प्रियंका जीत हासिल करती हैं तो सोनिया गांधी के परिवार के 3 सदस्य एक साथ संसद में दिखेंगे तो मेनका के परिवार का कोई सदस्य संसद में नहीं दिखेगा। पर इन सब बातों में एक पेच भी है ।वायनाड से प्रियंका को उम्मीदवार बना कर कांग्रेस इस जीत को आसान समझ रही है पर भाजपा इतनी आसानी से वाक ओवर भी नहीं देने वाली । भले ही गांधी परिवार का साउथ से भी पुराना रिश्ता रहा है। इंदिरा गांधी 1978 का उपचुनाव कर्नाटक के चिकमगलूर से जीतीं थीं। इसके बाद 1980 में इंदिरा ने आंध्र के मेडक सीट से जीत हासिल की। 1999 में सोनिया गांधी ने भी अपना राजनीतिक करियर दक्षिण से किया था। वे 1999 में अमेठी और कर्नाटक की बेल्लारी सीट से चुनाव लड़ी थीं और दोनों सीटों पर जीत हासिल की थी। हालांकि, बाद में बेल्लारी सीट उन्होंने छोड़ दी थी वायनाड से प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने के फैसले के बाद सोशल मीडिया समेत राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई थी कि इस सीट से भाजपा किसे उम्मीदवार बनाएगी। चर्चा ये भी थी कि बीजेपी तेज तर्रार नेता स्मृति ईरानी को वायनाड सीट से उतार सकती है। भले ही स्मृति ईरानी इस बार अमेठी से के एल शर्मा के सामने लोकसभा चुनाव हार गई हों, लेकिन 2019 में वे कांग्रेस के गढ़ अमेठी से राहुल गांधी को हरा चुकी हैं। ऐसे में भाजपा उन्हें इस सीट से उतार कर मुकाबला दिलचस्प बना सकती है। गौरतलब है कि भाजपा टिकटों को लेकर पहले भी चौंकाने वाले फैसले करते आई है। 1999 में जब सोनिया गांधी के बेल्लारी से डेब्यू करने की बात सामने आई थी, तब बीजेपी ने इस सीट से सुषमा स्वराज को टिकट देकर चुनावी मुकाबले को दिलचस्प बना दिया था। सुषमा ने इस सीट पर सोनिया गांधी को कड़ी टक्कर दी थी। हालांकि, वे इस चुनाव में हार गई थीं। सोनिया गांधी को 414000 वोट मिले थे। जबकि सुषमा स्वराज ने साढ़े तीन लाख से ज्यादा वोट हासिल किए थे। सोनिया गांधी इस चुनाव में करीब 56000 वोट से चुनाव जीत पाई थीं। एक चर्चा में माधवी लता का भी नाम आ रहा था । भाजपा की उस पर भी नज़र रह थी पर आखिरकार भाजपा ने वायनाड सीट से केरल की तेज तर्राट स्थानीय महिला नेता नव्या हरिदास को अपना प्रत्याशी बनाया है । नव्या हरिदास (39) कोझिकोड कॉरपोरेशन में दो बार पार्षद रह चुकी हैं और बीजेपी की पार्षद दल की नेता हैं ।

# आजाद हिन्द फौज के सेनानी



वीरेन्द्र सिंह परिहार

द्वितीय विश्व युद्ध में सिंगापुर अंग्रेजों का बड़ा गढ़ था। वहां 40 हजार हिन्दुस्तानी सैनिक जापानियों के युद्धबंदी बने। भारतीय क्रान्तिकारियों ने जिनमें रामबिहारी बोस प्रमुख थे, यह प्रस्ताव रखा कि इन सैनिकों को समझा-बुझाकर एक आजाद हिन्द फौज बनायी जाए जो भारत को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करने के लिए लड़े। 15 दिसम्वर 1942 की बात है अंग्रेजों को हिन्दुस्तानी सेना के तीन अफसर भूखे-प्यासे जान बचाने के लिए मलाया के जंगलों में भटक रहे थे इनमें एक जनरल मोहन सिंह भी थे। उनकी भेंट एक जापानी अफसर से हो गई। उसने कहा हम अंग्रेजों को एशिया से निकालकर बाहर करना चाहते हैं। एशिया, एशिया वालों का है, गोरे लोगों का यहां क्या काम? हम हिन्दुस्तान को मित्र बनाना चाहते हैं। आपके प्रसिद्ध क्रान्तिकारी रासबिहारी बोस आजाद हिन्द फौज बनाने में जुटे हैं। रामबिहारी बोस से मुलाकात होने पर लम्बे सोच-विचार के बाद यह तय हुआ कि आजाद हिन्द फौज बनायी जानी चाहिए। उनके साथ 54 साथियों ने आजाद हिन्द फौज बनाकर देश की आजादी के लिए मर-मिटने की शपथ ली। कैप्टन मोहन सिंह को इस फौज का प्रधान सेनापति बनाया गया। पर जापानी भी हिन्दुस्तानी सैनिकों को उसी तरह तोप का चारा बनाना चाहते थे, जैसे अंग्रेज बनाते रहे थे, इसपर मोहन सिंह ने कहा कि आजाद हिन्द फौज आजाद फौज है।

यदि वह आजाद नहीं रही तो भंग कर दी जाएगी। जापानियों ने इसी प्रश्न पर मोहन सिंह को जेल में डाल दिया। जनरल मोहन सिंह ने आजाद हिन्द फौज को भंग कर दिया। बाद में पनडुब्बी द्वारा नेता जी सुभाष जर्मनी से जापान पहुंचे। वह मोहन सिंह से मिले। आजाद हिन्द फौज का पुनः गठन किया गया। बाद में जापानी सेना और आजाद हिन्द फौज का तालमेल काफी संतोषजनक रहा। इम्फाल मोर्चे पर दोनों ने अद्भुत वीरता दिखाई। पर अंत में हार का मुँह देखना पड़ा। आजाद हिंद संघ की एक महिला शाखा बनाई गई और श्रीमती एम.ए. चिदम्बरम उसकी पहली अध्यक्ष चुनी गईं। सैनिकों की कमी को देखते हुए एक दिन नेता जी सुभाष ने श्रीमती चिदम्बरम और डॉ. लक्ष्मी स्वामिनाथन के सामने आजाद हिन्द फौज में एक महिला रेजीमेंट बनाने का सुझाव रखा। वे जोश से भरे दिन थे। श्रीमती चिदम्बरम और डॉ. लक्ष्मी तुरंत पास के महिला क्लब में गईं। वहां बहुत सी लड़कियॉ खेलकूद के लिए एकत्र हुई थी, उनके सामने फौज में भर्ती होने का सुझाव रखा गया तो वे इतनी प्रसन्न हुईं कि तुरंत भर्ती होने को तैयार हो गईं। डॉ. लक्ष्मी ने एक कागज पर भर्ती के लिए इच्छुक लड़कियों के नाम लिखे और उनके सामने हस्ताक्षर करने को कहा। इसी समय किसी ने सुझाव दिया कि आजाद हिन्द फौज की भर्ती के कागज पर स्याही से नहीं, खून से हस्ताक्षर होने चाहिए। सबने एक स्वर में कहा- हाँ-हाँ, खून से हस्ताक्षर होने चाहिए। डॉ. लक्ष्मी ऑपरेशन का चाकू ले आईं। उँगली में हल्का सा चीरा देकर खून में उस सेना के वचन-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इस महिला रेजीमेंट का नाम सन् 1857 के महासंग्राम की रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर 'रानी झांसी रेजीमेंट' रखा गया। यह संयोग था कि इस रानी झांसी का पहला कमांडर डॉ. लक्ष्मी स्वामिनाथन को बनाया गया। यद्यपि नेता जी ने कहा कि 'जब तक एक भाई भी जीवित है, तब तक कोई बहिन मोर्चे पर नहीं भेजी जाएगी। इम्फाल से वापस लौटते समय आजाद हिन्द फौज और जापानी सेनाएँ बहुत अस्त-व्यस्त होकर पीछे हटी थीं। कर्नल लक्ष्मी भी शत्रु सेना द्वारा पकड़ ली गईं। उनके स्थान पर कुमारी जानकीबाई थिंवर्स को रानी झांसी रेजीमेंट का कमांडर बनाया गया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान लीबिया में जर्मनी के फील्ड मार्शल रोमेल ने सन् 1941 में जोरदार आक्रमण करके अंग्रेजी सेनाओं पर ऐतिहासिक विजय प्राप्तकर हजारों सैनिकों को बंदी बना लिया था। इनमें अधिकतर हिन्दुस्तानी देशी सैनिक थे। नेता जी सुभाष ने इन सैनिकों में से कुछ को समझा-बुझाकर अपने देश की स्वाधीनता के लिए लड़ने को तैयार किया था। आजाद हिन्द फौज के सैनिकों का त्याग, शौर्य, निर्भीकता, बलिदान की भावना किसी से कम नहीं थी। वे लड़ते हुए इम्फाल तक पहुंच गए थे। परन्तु तभी जापान पर अमेरिका ने दो परमाणु बम गिराकर युद्ध समाप्त कर दिया, जापान के साथ ही आजाद हिन्द फौज भी हार गई।

इम्फाल तक आने और वहां से वापस लौटने में आजाद हिन्द फौज के दस हजार सैनिकों ने प्राण न्योछावर किए थे। कई सैनिक अंग्रेजों द्वारा पकड़े भी गए, इनमें सहगल, ढिल्लन, शाहनवाज प्रमुख थे। 'लाल किले से आई आवाज सहगल, ढिल्लन, शाहनवाज' यह नारा जिसे नवम्वर 1945 में बच्चे दिल्ली की गली-गली में लगा रहे थे। मेजर जनरल शाहनवाज, कर्नल प्रेम कुमार सहगल और कर्नल गुरुबख्स सिंह ढिल्लन आजाद हिन्द फौज के नेता इसलिए विख्यात हो गए कि अंग्रेजी सरकार ने इन तीनों पर राजद्रोह का मुकदमा चलाने का निश्चय किया था।

# एक तमाशा



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

देखिए, अब तक आपने बहुत जलवे देखे होंगे। नेता का जलवा, अभिनेता का जलवा, और कभी-कभी तो बिजली कटने पर मोमबत्ती का जलवा भी देख लिया होगा। लेकिन जो जलवा बाबा का है, वो नायाब है। ऐसा जलवा न तो संविधान में लिखा है, न ही धर्मशास्त्रों में। ये वो जलवा है जो सत्संग में 121 लोगों को सीधा स्वर्ग की एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ा देता है, और बाबा? अरे, बाबा तो अपना फरारी टिकट जेब में लिए आराम से धरती पर ही चहल-कदमी कर रहे हैं। अब बाबा जी को जाँच कमेटी के सामने पेश होना था। भाई, ये कमेटियाँ भी अजीब होती हैं, जिनमें कुछ लोग ऐसे बैठे होते हैं जिनके चेहरे पर "हम यहाँ क्यों हैं" का भाव स्थायी निवास बना लेता है। लेकिन बाबा लखनऊ के हज़रतगंज पहुँचे। हज़रतगंज? ये वही जगह है जहाँ कभी कबूतर भी फड़फड़ाते थे तो इंस्पेक्टर पूछता था, लाइसेंस है? और आज? आज तो बाबा का जलवा है। दुकानें बंद, सड़कें खाली, और भक्तों का जुलूस। बाबा जब अपनी सफेद चमचमाती फार्चूनर में उतरे, तो जैसे खुद मोक्ष वाहन से अवतरित हो रहे हों। सत्ताधारी पार्टी का झंडा लहरा रहा था, लेकिन बाबा के चेहरे पर वो भाव था जैसे कह रहे हों, झंडा-वंडा, पार्टी-वार्टी, ये सब संसार के मोह-माया हैं, असली शक्ति तो भक्तों के अंधविश्वास में है।"अब देखिए, चार्जशीट की बात चली थी। अरे भाई, ये बाबा हैं, चार्जशीट इनकी वाणी से भी पवित्र होती है। पुलिस की चार्जशीट में बाबा का नाम? हाँ है न! क्या मजाक कर रहे हो! चार्जशीट बाबा के सामने वैसे ही बेबस है जैसे बंद कमरे में मच्छर मारने वाला बैट। बाबा का नाम तो भक्तों के दिलों में लिखा है, पुलिस की फाइलों में नहीं। अब आते हैं हज़रतगंज के इंस्पेक्टर पर। ये वो इंसान हैं जो "अनुशासन" शब्द को लेकर वही भाव रखते हैं जो एक आलसी विद्यार्थी गणित की किताब को देखकर रखता है।

पी कैप लगाने का तो सवाल ही नहीं। उनका मानना है कि सिर पर टोपी से ज्यादा सिर में 'बुद्धि' होनी चाहिए, जो कि यहाँ दूर-दूर तक दिख नहीं रही। एक बार किसी वरिष्ठ अधिकारी ने टोपी न पहनने पर डाँट पिलाई थी, लेकिन उस डाँट का असर उतना ही रहा जितना गर्मी में बरसात की पहली बूंद का होता है – बस एक हल्का छींटा और फिर सब सामान्य। सरकारें आती हैं, जाती हैं। पार्टी का झंडा बदलता है, और बाबा के गाड़ी के मॉडल भी। लेकिन पुलिस का "इंस्पेक्टर" वही रहता है, बिल्कुल बाबा के भक्तों की तरह अडिग और अचंभित। ये इंस्पेक्टर तो पूरे जिले का इंस्पेक्टर है। लोग इनके बारे में कहते हैं कि "अनुशासन तो पुलिस की जान है," लेकिन अनुशासन को भी पता है कि इसका इंस्पेक्टर से कोई लेना-देना नहीं है।

# 1 नवंबर को दीपावली मनाना सही होगा




### विद्वानों ने बताई बड़ी वजह, क्या कहता है शास्त्र?

इस बार दीपावली कब मनेगी, इस सवाल पर से संशय अब खत्म हो गया है। इस साल अमावस तिथि को लेकर विद्वानों में चल रहे मतभेद पर अब विराम लग गया है। दरअसल दीपावली कब है इसे लेकर हैदराबाद में ज्योतिष और विद्वत परिषद की बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि दीपावली 31 अक्टूबर को नहीं बल्कि 1 नवंबर को ही मनाई जानी चाहिए।

**1 नवंबर को ही क्यों मनेगी दीपावली**

दीपावली की तिथि को लेकर चल रहे मतभेद को लेकर ज्योतिष और विद्वत परिषद की बैठक में 90 प्रतिशत पंचांगकारों ने इस बात पर समर्थन किया कि दीपावली 1 नवंबर को मनाया जाना उचित है। सिकंदराबाद के विट्ठल मंदिर के मुख्य पुजारी एवं ज्योतिषाचार्य पं. पढ़रीनाथ नर्सीकर ने बताया कि विद्वानों की एक राय बनी है कि 1 नवंबर को ही दीप पर्व मनाया जाना शास्त्र सम्मत है।

**क्या कहते हैं विद्वान**

पंडित पंढ़रीनाथ के अनुसार इस साल 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को, दोनों ही दिन अमावस्या तिथि प्रदोष काल में है। ऐसी स्थिति में धर्म शास्त्रों का कहना है कि दो दिन अमावस्या होने पर दूसरे दिन ही दीपावली मनाई जानी चाहिए। ऐसे में 1 नवंबर शुक्रवार को दीपावली मनाई जाएगी। इस दिन स्वाति नक्षत्र है। प्रीति और आयुष्मान योग रहेगा। इसमें देश के 150 से अधिक पंचागकारों में से 90 प्रतिशत ने 1 नवंबर को दीपावली पर सहमति जताई है। यही राय श्रीनाथ नितुरकर एवं वेदाचार्य पंडित धनंजय भारद्वाज, बाल किसन महाराज ने भी व्यक्त की है। इसी तरह श्रीनाथ ज्योतिष कार्यालय के युवा ज्योतिषाचार्य पं. गजानन कृष्ण महाराज एवं पंडित वासुदेव तिवारी ने भी बताया कि दीपावली की सही तिथि व मुहूर्त एक नवंबर को ही है।

इसके लिए उन्होंने सभी शास्त्रीय प्रमाणों का हवाला दिया। इसलिए एक नवंबर को ही दीपावली पूजन शास्त्र सम्मत है।

इस संबंध में मध्य प्रदेश के इंदौर में भी विद्वतजनों की एक बैठक हुई जिसमें सभी आचार्यों ने एक नवंबर को ही दीपावली मनाने की सलाह दी है। लेकिन राजस्थान के जयपुर में आयोजित विद्वानों की बैठक में निर्णय लिया गया है कि दीपावली 31 अक्टूबर को ही मनाने का शुभमुहूर्त है। इसलिए 31 अक्टूबर को ही मनाया जाना उचित है।

# कार्तिक मास से जुड़ी परंपराएं

### 15 नवंबर तक रहेगा कार्तिक मास, नदी स्नान और दीपदान के साथ दान-पुण्य करने की है परंपरा



अभी उत्सवों का महीना कार्तिक चल रहा है। इस साल कार्तिक की अमावस्या 1 नवंबर को दो दिन रहेगी। इस वजह से दीपावली की तारीख को लेकर मतभेद हैं। इस महीने की पूर्णिमा 15 नवंबर को मनाई जाएगी। जानिए कार्तिक मास से जुड़ी कुछ खास परंपराएं...

इस साल कार्तिक मास की अमावस्या 31 अक्टूबर की शाम से शुरू होगी और अगले दिन 1 नवंबर को करीब सूर्यास्त के समय ही खत्म हो जाएगी।

**कार्तिक मास में सूर्य पूजा के साथ करें दिन की शुरुआत**

ये समय ऋतु परिवर्तन का है। वर्षा ऋतु खत्म हो गई है और शीत ऋतु की शुरुआत हो रही है। इन दिनों में सुबह जल्दी जागना चाहिए और स्नान के बाद सूर्य पूजा के साथ दिन की शुरुआत करनी चाहिए।

सुबह देर तक सोने से दिनभर आलस बना रहता है। ठंड के दिनों में सुबह जल्दी उठेंगे तो आलस दूर होगा। सुबह-सुबह की ताजी हवा हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होती है। सुबह स्नान के बाद तांबे के लोटे में जल भरें और उसमें चावल, कुमकुम, लाल फूल डालें। ॐ सूर्याय नमः मंत्र जपते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करें। सुबह कुछ देर सूर्य की रोशनी में खड़े रहने से शरीर को विटामिन डी मिलती है।

**कार्तिक मास में तीर्थ दर्शन और नदी स्नान की है परंपरा**

हिन्दी पंचांग के आठवें महीने यानी कार्तिक में नदी स्नान, तीर्थ दर्शन का महत्व काफी अधिक है। इस महीने में गंगा, यमुना, नर्मदा, शिप्रा, कावेरी जैसी पवित्र नदियों में स्नान करने के लिए काफी अधिक भक्त पहुंचते हैं। अगर नदी में स्नान करना संभव न हो तो घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। अगर घर में गंगाजल भी नहीं है तो पवित्र नदियों का ध्यान करते हुए स्नान कर सकते हैं। कार्तिक में भगवान श्रीकृष्ण, शिव जी, विष्णु जी के पौराणिक मंदिरों में दर्शन-पूजन करना चाहिए। इस महीने में मथुरा, प्रयागराज, वाराणसी, उज्जैन, नासिक, देवघर जैसे पौराणिक महत्व वाले शहरों में दर्शन कर सकते हैं।

**कार्तिक मास में रोज करना चाहिए दीपदान**

कार्तिक मास में नदियों में दीपदान करने की परंपरा है। रोज शाम को भक्त पवित्र नदियों के किनारों पर दीपक जलाते हैं। इसके अलावा अपने घर के बाहर भी दीपक जलाना चाहिए। सूर्यास्त के घर के आंगन में तुलसी के पास भी दीपक जलाएं। घर के आसपास जो भी मंदिर हो, वहां दीपक जला सकते हैं।

**जरूरतमंद लोगों की करें मदद**

कार्तिक मास में जरूरतमंद लोगों को अपने सामर्थ्य के अनुसार अनाज, ऊनी वस्त्र, जूते-चप्पल, खाना, धन का दान जरूर करें। इस महीने में कई त्योहार मनाए जाते हैं, ऐसे में जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे तो वे लोग भी त्योहारों का आनंद ले पाएंगे।

**कार्तिक मास में करना चाहिए जीवन शैली में बदलाव**

कार्तिक मास से शीत ऋतु का असर शुरू हो जाता है। इसलिए इस महीने से जीवन शैली में सकारात्मक बदलाव करना चाहिए। इन दिनों में खान-पान को लेकर सर्तक रहें, ऐसी चीजें खाने से बचें, जिन्हें पचने में ज्यादा समय लगता है। सेहत बनाने के लिए ठंड का समय सबसे अच्छा माना जाता है, इसलिए कार्तिक मास में योग-प्राणायाम को अपनी डेली लाइफ का हिस्सा बनाएं। रोज सुबह कुछ देर घर के बाहर टहलें। सुबह जल्दी उठें और रात में जल्दी सोएं।

# बाथरूम में रखें यह एक चीज घर से वास्तु दोष होगा दूर



**बाथरूम में नमक रखने से जुड़े फायदे**

**1. बाथरूम में सेंधा नमक रखने से घर में सुख-शांति आती है, धन की कमी दूर होती है.**

**2. बाथरूम में सेंधा नमक रखने से घर में वातावरण शुद्ध होता है.**

**3. बाथरूम में सेंधा नमक रखने से वास्तु दोष दूर होता है.**

**4. बाथरूम में एक कोने में कटोरी में सेंधा नमक रखने से घर में खुशियां आती हैं.**

**5. बाथरूम में सेंधा नमक और फ़िटकरी रखने से घर में खुशियां आती हैं.**

वास्तु शास्त्र के अनुसार मंगलवार या शनिवार के दिन बाथरूम में नमक रखना बेहतर माना जाता है। मंगलवार को हनुमान जी का नाम लेकर बाथरूम में नमक रखने से हनुमान जी घर में प्रवेश होने वाली नकारात्मक ऊर्जा से रक्षा करते हैं। वहीं शनिवार के दिन शनि देवता का नाम लेते हुए बाथरूम में नमक रखते हैं तो शनि देवता प्रसन्न होते हैं और आपके घर में आने वाली नकारात्मक ऊर्जा को प्रवेश नहीं करने देते हैं। वास्तु शास्त्र के मुताबिक, बाथरूम में नमक रखने से कई फ़ायदे होते हैं। बाथरूम में नमक रखने से घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। घर में सुख-शांति आती है। खड़े नमक को टॉयलेट में डालकर बहाने से घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती और कोई भी नकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश नहीं करती है। यह नमक आपको 15-15 दिन के बाद बदलते रहना है।

**धन की कमी होती है दूर**

वास्तु के अनुसार बाथरूम के अंदर एक कांच की कटोरी में सेंधा नमक रखने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। ऐसा करने से घर से दरिद्रता भागती है। सेंधा नमक के पानी से स्नान करना बहुत शुभ माना जाता है। यह घर में सुख-शांति लाता है। यह वातावरण को शुद्ध करता है और इससे लक्ष्मी प्राप्ति के मार्ग खुल जाते हैं। नमक का उपाय घर में बरकत लाता है।

**इस दिशा में रखें नमक**

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए कांच के गिलास में पानी भरकर सेंधा नमक मिलाएं और इसे बाथरूम के नैऋत्य कोण, यानि दक्षिण-पश्चिम कोने में रख दें। ऐसा करने से पैसों का प्रवाह बढ़ता है। बाथरूम से जुड़ा वास्तु दोष दूर करने के लिए क्रिस्टल नमक को एक कांसे की कटोरी में रखें। ध्यान रखें कि यह कटोरी जहां भी हो वहां किसी का हाथ ना लगे। समय-समय पर नमक को बदलते रहें।

# दिवाली पर लक्ष्मी जी की आरती करनी चाहिए या नहीं?



त्योहारों के सीजन की शुरुआत हो चुकी है और नवरात्र व करवा चौथ के बाद सभी को 5 दनिों के महापर्व यानी दवािली के त्योहार का इंतजार है। हर वर्ष कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि के दिन दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। इस साल 1 नवंबर 2024, शुक्रवार के दिन मनाया जाएगा। इस विशेष दिन पर धन की देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा का विधान है। दवािली के दनि माता लक्ष्मी की पूजा का वशिेष वधिान होता है, लेकिन क्या लक्ष्मी पूजन के दौरान माता लक्ष्मी की आरती करनी चाहिए? वैसे तो लोग पूरे परिवार के साथ इस पूजन को करते हैं और पूजा वधिि में अक्सर आखिर में देवी-देवताओं की आरती गाई जाती है। लेकिन लक्ष्मी पूजन पर माता लक्ष्मी की आरती को लेकर अलग-अलग मान्यताएं हैं।

डॉक्टर गौरव कुमार दीक्षित बताते हैं कि दिवाली पर लक्ष्मी मां की आरती नहीं की जाती है। दिवाली के पूजन के दौरान आपको सिर्फ गणेश जी की और भगवान विष्णु जी की आरती ही करें। क्योंकि लक्ष्मी जी की आरती करने पर सभी लोग आरती पर खड़े हो जाते हैं और उसके बाद चले जाते हैं, वैसे ही अगर लक्ष्मी मां चली जाएगी तो आपके जीवन में धन की कमी आ जाएगी। इसलिए दवािली के पूजन में कभी भी लक्ष्मी मां की आरती नहीं गानी चाहिए। बलकि इस दिन लक्ष्मी माता का वधिि-वधिान से पूजन करना चाहिए। आप चाहें तो माता लक्ष्मी का मंत्र गा सकते हैं। इसके साथ ही आपको पूजा के दौरान साबुत सुपारी पर मौली (कलावा) लपेट कर उसे पूजा में रखना चाहिए। पूजा के बाद इसी सुपारी को लाल कपड़े में लपेटकर अपनी तिजोरी में रखें। ये माता लक्ष्मी का ही स्वरूप होती है। साथ ही माता लक्ष्मी की पूजा में साबुत धनिया जरूर रखना चाहिए।

1। ईशान कोण या उत्तर दिशा में साफ-सफाई करके स्वास्तिक बनाएं। उसके ऊपर चावल की ढेरी रखें। अब उसके ऊपर लकड़ी का पाट बिछाएं। पाट के ऊपर लाल कपड़ा बिछाएं और उसपर माता लक्ष्मी की मूर्ति या तस्वीर रखें। इस तस्वीर में गणेशजी और कुबेर की तस्वीर भी हो। माता के दाएं और बाएं सफेद हाथी के चित्र भी होना चाहिए।

2। पूजन के समय पंचदेव की स्थापना जरूर करें। सूर्यदेव, श्रीगणेश, दुर्गा, शिव और विष्णु को पंचदेव कहा गया है। इसके बाद धूप-दीप जलाएं। सभी मूर्ति और तस्वीरों को जल छिड़ककर पवित्र करें।

3। अब खुद कुश (घांस) के आसन पर बैठकर माता लक्ष्मी की षोडशोपचार पूजा करें। षोडशोपचार पूजा का अर्थ है, 16 क्रियाओं से पूजा करना। पाद्य, अर्घ्य, आचमन, स्नान, वस्त्र, आभूषण, गंध, पुष्प, धूप, दीप, नेवैद्य, आचमन, ताम्बुल, स्तवपाठ, तर्पण और नमस्कार। पूजन के अंत में सांगता सिद्धि के लिए दक्षिणा भी चढ़ाना चाहिए।

4। माता लक्ष्मी सहित सभी के मस्तक पर हल्दी, कुमकुम, चंदन और चावल लगाएं। फिर उन्हें हार और फूल चढ़ाएं। पूजन में अनामिका अंगुली (छोटी अंगुली के पास वाली यानी रिंग फिंगर) से गंध (चंदन, कुमकुम, अबीर, गुलाल, हल्दी आदि) लगाना चाहिए। इसी तरह उपरोक्त षोडशोपचार की सभी सामग्री से पूजा करें।

यदि हम छोटी पूजा करना चाहते हैं तो पंचोपचार पूजन विधि का पालन कर सकते हैं। जबकि लक्ष्मी माता की विस्तृत पूजा की इच्छा है तो उसके लिए षोडशोपचार पूजन विधि का पालन करें।

**दिवाली पर करें माता लक्ष्मी की पंचोपचार पूजन विधि**

**देवता को गंध (चंदन) लगाना तथा हलदी-कुमकुम चढ़ाना**

सबसे पहले अपने आराध्य को अनामिका से (कनिष्ठिका के समीप की उंगली से) चंदन लगाएं। फिर दाएं हाथ के अंगूठे और अनामिका के बीच चुटकीभर कर पहले हलदी, फिर कुमकुम देवता के चरणों में अर्पित करें।

**ये है माता लक्ष्मी का मंत्र**

**पूजा करते वक्त उनके मंत्र का जाप करें-**

**ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः**

**ॐ महालक्ष्म्यै नमो नमः धनप्रदायै नमो नमः विश्वजनन्यै नमो नमः**

**देवता को पत्र-पुष्प (पल्लव) चढ़ाना**

देवता को कागज, प्लास्टिक आदि के कृत्रिम और सजावटी फूल न चढ़ाएं। ताजे और सात्विक पुष्प चढ़ाएं। देवता को चढ़ाए जानेवाले पत्र-पुष्प न सूंघें। देवता को पुष्प चढ़ाने से पूर्व पत्र चढ़ाएं। विशिष्ट देवता को उनका तत्त्व अधिक मात्रा में आकर्षित करने वाले विशिष्ट पत्र-पुष्प चढ़ाएं, उदाहरण के लिए शिवजी को बिल्वपत्र तथा श्री गणेशजी को दूर्वा और लाल पुष्प। पुष्प देवता के सिर पर न चढ़ाकर उनके चरणों में अर्पित करें। डंठल देवता की ओर एवं पंखुड़ियां (पुष्पदल) अपनी ओर कर पुष्प अर्पित करें।

**देवता को धूप दिखाना**

देवता को धूप दिखाते समय उसे हाथ से न फैलाएं। धूप दिखाने के बाद विशिष्ट देवता का तत्त्व अधिक मात्रा में आकर्षित करने हेतु विशिष्ट सुगंध की अगरबत्तियों से उनकी आरती उतारें, उदाहरण के लिए शिवजी को हीना से तथा श्री लक्ष्मीदेवी की गुलाब से। धूप दिखाते समय तथा अगरबत्ती घुमाते समय बाएं हाथ से घंटी बजाएं।

**देवता की दीप-आरती करना**

दीप-आरती तीन बार धीमी गति से उतारें। दीप-आरती उतारते समय बाएं हाथ से घंटी बजाएं। 5। प्रसाद या नैवेद्य चढ़ाएं

पूजा करने के बाद प्रसाद या नैवेद्य चढ़ाएं। ध्यान रखें कि नमक, मिर्च और तेल का प्रयोग नैवेद्य में नहीं किया जाता है। प्रत्येक पकवान पर तुलसी का एक पत्ता रखा जाता है। इस दिन लक्ष्मीजी को मखाना, सिंघाड़ा, बताशे, ईख, हलवा, खीर, अनार, पान, सफेद और पीले रंग के मिष्ठान, केसर-भात आदि अर्पित किए जाते हैं। पूजन के दौरान 16 प्रकार की गुजियां, पपड़ियां, अनरसा, लड्डू, पुलहरा चढ़ाया जाता है। इसके बाद चावल, बादाम, पिस्ता, छुआरा, हल्दी, सुपारी, गेहूं, नारियल, धनिया अर्पित करते हैं। अंत में केवड़े के फूल और आम्रबेल का भोग अर्पित करते हैं।

**पूजा में दिशा का रखें ध्यानः**

पूजा करते समय मुख उत्तर या पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए। वास्तु शास्त्र के मुताबिक, घर का उत्तर-पूर्व कोना पूजा स्थल बनाने के लिए बहुत शुभ माना जाता है। पूजा स्थल साफ-सुथरा, अच्छी तरह से रोशनी वाला और अव्यवस्था से मुक्त होना चाहिए। दीपक का मुंह पूर्व दिशा में होना चाहिए।

पूजा कलश और अन्य पूजन सामग्री जैसे खील-पताशा, सिंदूर, गंगाजल, अक्षत-रोली, मोली, फल-मिठाई, पान-सुपारी, इलाइची आदि उत्तर-पूर्व में ही रखना शुभ होता है। पूजा कक्ष के दरवाज़े पर सिंदूर या रोली से दोनों तरफ़ स्वास्तिक बना देने से घर में नकारात्मक शक्तियां प्रवेश नहीं करतीं। वास्तु शास्त्र के मुताबिक, शंख ध्वनि और घंटानाद करने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं।



# शिवांगी जोशी को डेट कर रहे हैं कुशाल टंडन!



टीवी के फेमस स्टार्स कुशाल टंडन और शिवांगी जोशी एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस बात की पुष्टि खुद एक्टर ने की है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि वह अभी शादी नहीं करना चाहते हैं। लेकिन एक रिश्ते में हैं, जिसे धीरे-धीरे आगे बढ़ा रहे हैं। हालांकि, शिवांगी ने कुशाल के साथ डेटिंग की खबरों पर अभी तक कोई रिएक्शन नहीं दिया है।

कुशाल टंडन ने शिवांगी जोशी के साथ अपने रिश्ते और शादी के बारे में बात की। कुशाल ने कहा, 'मैं अभी शादी नहीं करना चाहता हूं। लेकिन हां, मैं एक रिश्ते में जरूर हूं। इसे हम धीरे-धीरे आगे बढ़ा रहे हैं। मेरी मां मुझे जल्दी शादी करते हुए देखना चाहती हैं। अगर उन्हें मौका मिले, तो वो आज ही मेरी शादी करवा देंगी।' कुशाल टंडन ने अपनी शादी के बारे में बात करते हुए कहा, 'मुझे मेरी लेडी लव मिल गई है। अब मेरे पेरेंट्स को मेरे लिए कोई लाइफ पार्टनर तलाश करने की जरूरत नहीं है और अगर बात शादी की है तो कभी भी कुछ भी हो सकता है।' कुशाल टंडन और शिवांगी जोशी टीवी सीरियल 'बरसातें- मौसम प्यार का' में नजर आए थे। दोनों की केमिस्ट्री को लोगों ने खूब पसंद किया। कहा जाता है कि शूटिंग के दौरान उनकी दोस्ती गहरी हो गई और फिर वे एक-दूसरे को डेट करने लगे। कुशाल टंडन इससे पहले गौहर खान को भी डेट कर चुके हैं। दोनों को बिग बॉस 7 में भी देखा गया था। हालांकि, एक साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद उनका ब्रेकअप हो गया।

## नल के बाद पंखा उखाड़ते दिखे सनी देओल



सनी देओल आज, 19 अक्तूबर को अपना 66वां जन्मदिन मना रहे हैं। सुपरस्टार की पाइपलाइन में कई चर्चित फिल्में हैं। सनी ने अगली फिल्म के लिए साउथ के सफल निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म से जुड़ा हर एक अपडेट प्रशंसकों का खासा ध्यान आकर्षित करता है। इसी बीच सुपरस्टार के जन्मदिन के खास अवसर पर अस्थाई शीर्षक 'एसडीजीएम' के नाम से चर्चा बटोरने वाली इस फिल्म का शीर्षक जारी हो गया है। साथ ही सुपरस्टार का फर्स्ट लुक पोस्टर भी सामने आ गया है। सनी देओल अपनी एक्शन से भरपूर भूमिकाओं और देशभक्ति विषयों के लिए जाने जाते हैं। वह 'गदर 2' के बाद कई फिल्म लाइनअप के साथ बड़ी सफलता का आनंद ले रहे हैं। उनके 66वें जन्मदिन पर, प्रशंसकों को उनकी अगली फिल्म के बारे में रोमांचक खबर मिली, जो गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित और 'पुष्पा' और 'रंगस्थलम' जैसी हिट फिल्मों के स्टूडियो मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित है। शुरू में 'एसडीजीएम' नाम से चर्चित इस फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'जाट' है। खबरों के अनुसार, फिल्म निर्माता 'जाट' के लिए गणतंत्र दिवस 2025 सप्ताहांत रिलीज का लक्ष्य बना रहे हैं, जिसकी आधिकारिक घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है। सोशल मीडिया पर, 'एसडीजीएम' के निर्माताओं ने सनी देओल के लिए एक विशेष जन्मदिन पोस्ट साझा किया। मैत्री मूवी मेकर्स ने अभिनेता के धाकड़ पोस्टर के साथ कैप्शन मे लिखा, 'बड़े पैमाने पर कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय परमिट वाले व्यक्ति का परिचय।' सनी देओल जाट के रूप में जुड़ गए हैं।'

# तमन्ना भाटिया से ईडी ने की पूछताछ



तमन्ना भाटिया से ईडी ने गुवाहाटी में एचपीजेड टोकन मोबाइल ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ की। एक्ट्रेस को एचपीजेड टोकन ऐप से जुड़े एक कार्यक्रम में सेलिब्रिटी अपीयरेंस के लिए पैसे मिले थे। इस ऐप के जरिए कथित तौर पर बिटकॉइन और क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर लोगों को चुना लगाया गया है।

तमन्ना भाटिया को एचपीजेड टोकन ऐप से जुड़े एक कार्यक्रम में 'सेलिब्रिटी अपीयरेंस' के लिए पैसे मिले थे। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि तमन्ना के खिलाफ कोई गंभीर आरोप नहीं हैं। उन्हें पहले भी बुलाया गया था, लेकिन काम की वजह से वह नहीं जा सकी थीं, इसलिए अब तमन्ना गुरुवार को असम के गुवाहाटी में ईडी के दफ्तर पहुंची थीं।

एचपीजेड टोकन एक मोबाइल ऐप है, जिसमें कई तरह के गेम्स हैं। आरोप है कि इस ऐप के जरिये लोगों को 57 हजार रुपये लगाने पर हर रोज 4 हजार रुपये देने का वादा करके करोड़ों रुपये ठगे गए। ठगी के लिए शेल कंपनियों के नाम पर फर्जी अकाउंट अलग-अलग बैंकों में खुले गए, जिनमें इन्वेस्टर्स से पैसे ट्रांसफर करवाए गए। उन पैसे को आरोपियों ने क्रिप्टो और बिटकॉइन में इन्वेस्ट किया और महादेव जैसी कई बेटिंग ऐप पर पैसा लगाया।

गौरतलब है कि तमन्ना भाटिया का नाम महादेव बेटिंग ऐप मामले में भी आ चुका है। एक्ट्रेस के अलावा इस मामले में रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर जैसे 17 स्टार्स से पूछताछ पिछले साल की गई थी। आरोप था कि उन सभी ने ऐप को प्रमोट किया था। इसके विज्ञापनों में दिखाई दिए थे।

## 'गंदी बात' ने बढ़ाईं एकता कपूर और मां शोभा की मुश्किलें, पोक्सो एक्ट के खिलाफ मामला दर्ज

ऑल्ट बालाजी की वेब सीरीज 'गंदी बात' में धड़ल्ले से बोल्ड कंटेंट परोसा गया। सीरीज को लेकर काफी विवाद भी हुआ। वहीं, अब इसकी निर्माता एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर मुसीबतों में फंस गई हैं। दोनों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। 'गंदी बात सीजन 6' के एक एपिसोड में नाबालिग लड़कियों के अश्लील सीन दिखाए गए। इसी कारण एप की पुरानी निर्माता एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है।

मुंबई के बोरीवली स्थित एमएचबी पुलिस थाने में स्थानीय नागरिक ने ऑल्ट बालाजी की पूर्व निर्माता एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इसमें दावा किया गया है कि फरवरी 2021 से अप्रैल 2021 के बीच 'ऑल्ट बालाजी' पर स्ट्रीम हुई वेब सीरीज 'गंदी बात' में नाबालिग लड़कियों के आपत्तिजनक सीन दिखाए गए। जानकारी हो कि सीरीज की स्ट्रीमिंग के बाद से ही बवाल मचा हुआ था। यही कारण है कि यह विवादित एपिसोड अब एप पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध नहीं है।



एकता कपूर की सीरीज को लेकर दर्ज हुई शिकायत में यह भी आरोप लगा है कि इसमें सिगरेट के विज्ञापन का इस्तेमाल करते हुए महापुरुषों और संतों का अपमान किया गया है। सीन को आपत्तिजनक और भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताने गया है। इतना ही नहीं सीरीज में कुछ ऐसे सीन के प्रदर्शन का भी आरोप लगा है, जो पोक्सो के नियमों का उल्लंघन करते हैं।

दृश्य को पोक्सो के अलावा इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000, वुमन प्रोहिबिशन एक्ट 1986 और सिगरेट्स-अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 जैसे कानूनों का भी उल्लंघन माना गया है। जानकारी हो कि 27 सितंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों से जुड़े आपत्तिजनक कंटेट को लेकर बड़ा फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को खारिज कर दिया था। दरअसल, मद्रास हाई की तरफ के कहा गया था इस तरह की एक्टिविटी को अपराध में शामिल नहीं जा सकता, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए फैसला सुनाया था कि बच्चों से जुड़े अश्लील कंटेंट को पब्लिश करना, डाउनलोड करना और देखना गुनाह के तहत आएगा।

# सलीम खान बोले–सलमान ने काले हिरण का शिकार नहीं किया

राइटर, एक्टर और फिल्म प्रोड्यूसर सलीम खान ने कहा कि उनके बेटे सलमान ने कभी काले हिरण का शिकार नहीं किया। उनकी माफी की कोई वजह ही नहीं है। लगातार धमकियां मिलती रहीं, इससे हमारी आजादी छिन गई।

लॉरेंस गैंग से मिल रही धमकियों के बाद सलीम खान ने शनिवार को एक इंटरव्यू में यह बात की। एनसीपी अजित गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की मुंबई में 12 अक्टूबर को हत्या कर दी गई थी। इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली है। सोशल मीडिया पोस्ट में गैंग के मेंबर ने लिखा था- सलमान खान की मदद करने करने वालों को छोड़ेंगे नहीं।

इसके बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। लॉरेंस गैंग चाहता है कि काला हिरण शिकार मामले में सलमान खान राजस्थान के बिश्नोई समाज से माफी मांग लें। काला हिरण शिकार केस अक्टूबर 1998 में राजस्थान के जोधपुर में हुआ था। तब वहां फिल्म ₹हम साथ-साथ हैं₹ की शूटिंग चल रही थी।

सलीम खान ने कहा, ₹सलमान को मिल रही ये धमकियां जबरन वसूली के अलावा कुछ और नहीं हैं। सलमान किससे माफी मांगे? आपने कितने लोगों से माफी मांगी है? कितने जानवरों की आपने जान बचाई है? माफी भी उससे मांगी जाती है, जिसके साथ आपने गुनाह किया हो, जिसके पैसे खा गए हो। ये तो एक्सटॉर्शन है। उन्होंने कहा, सलमान ने क्या कोई गुनाह किया है? आपने देखा है? आपको मालूम है? आपने जांच-पड़ताल की है? हमने तो कभी बंदूक भी इस्तेमाल नहीं की। सलमान ने कहा मैं तो था भी नहीं उस टाइम, उसको नहीं शौक जानवर मारने का...वह जानवरों से मोहब्बत करता है।' बाबा सिद्दीकी के मर्डर के 6 दिन बाद 18 अक्टूबर को सलमान को फिर से जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने खुद को लॉरेंस गैंग का मेंबर बताया है। यह धमकी मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल रूम को वॉट्सऐप मैसेज के जरिए भेजी गई है। सलमान खान ने खरीदी नई बुलेट प्रूफ कार मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि सलमान ने हाल में ही एक नई बुलेट प्रूफ कार खरीदी है। दावा किया गया है कि उन्होंने दुबई से 2 करोड़ की निसान पेट्रोल एसयूपी इम्पोर्ट करवाई है।





## राजामौली बाहुबली 3 बनाने की तैयारी में हैं

डायरेक्टर एस.एस. राजामौली फिल्म बाहुबली 3 बनाने की तैयारी कर रहे हैं। पुरानी दोनों फिल्मों की तरह इस फिल्म में लीड रोल में प्रभास ही करेंगे। इस बात का खुलासा फिल्म कंगुवा के प्रोड्यूसर ज्ञानवेल राजा ने किया है। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म कंगुवा का भी सीक्वल बनेगा। ज्ञानवेल ने कहा, 'बाहुबली 3 प्लानिंग के स्टेज में है। मुझे पिछले सप्ताह फिल्म मेकर्स के साथ चर्चा के दौरान पता चला। उन्होंने एक के बाद एक बाहुबली 1 और 2 बनाई। लेकिन अब वे लंबे गैप के बाद बाहुबली 3 बनाने की योजना बना रहे हैं।' ज्ञानवेल ने आगे कल्कि 2898 AD और सालार के सीक्वल का भी उदाहरण दिया, जिसे एक गैप के बाद बनाया जाएगा। ठीक इस तरह कंगुवा का भी सीक्वल बनेगा। कुछ समय पहले एक इवेंट के दौरान राजामौली से पूछा गया था कि क्या दो पार्ट आने के बाद फिल्म 'बाहुबली' की फ्रेंचाइजी आगे बढ़ेगी तो उन्होंने कहा था, 'बाहुबली' सिर्फ एनिमेटेड सीरीज में ही आगे नहीं बढ़ेगी बल्कि इन्हें अन्य मीडियम में भी आगे बढ़ाया जाएगा। अभी इस प्लेटफॉर्म पर उसके बारे में बात करने का सही समय नहीं है।' फिल्म 'बाहुबली' 2015 में रिलीज हुई ये फिल्म तेलुगु और साउथ सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। साथ ही ये भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी डब फिल्म भी रही।




## शाहरुख ने काजोल से एक्टिंग सीखने को कहा था

काजोल ने खुलासा किया है कि वो तीन फिल्में करने के बाद इंडस्ट्री छोड़ना चाहती थीं। लेकिन शाहरुख खान के एक सुझाव ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया था। शाहरुख ने उनसे कहा था कि उन्हें एक्टिंग सीखना चाहिए, ताकि वे इस प्रोसेस का आनंद ले सकें।

एक इंटरव्यू में काजोल ने फिल्म उधार की जिंदगी में अपनी एक्टिंग को याद किया। यह उनके करियर की तीसरी फिल्म थी, जिसे इन्होंने 18 साल की उम्र में किया था। इस वक्त शाहरुख ने उन्हें एक्टिंग की तकनीक सीखने की सलाह दी थी। एक्टर के सुझाव से काजोल बहुत सरप्राइज हो गई थी।

काजोल ने कहा, 'मुझे याद है कि मैंने फिल्म पूरी कर ली थी। उससे पहले शाहरुख ने कहा- तुम्हें पता है कि तुम्हें बस एक्टिंग



करना सीखना है। इस पर मैंने कहा- यह क्या है? वह किस बारे में बात कर रहा है? बेशक, मैं शानदार काम कर रही हूं।'

हालांकि काजोल को जल्द ही एहसास हो गया था कि फिल्म एक्टिंग उन्हें पसंद आ रही है। लेकिन कुछ ही समय में फिल्में करने से उनका मन भर गया।

इस बारे में उन्होंने कहा, 'मैंने फिल्म उधार की जिंदगी की थी। जब मैं फिल्म खत्म कर रही थी, तब मैंने मां से कहा था- तुम्हें पता है मां, मेरा काम हो गया है। साढ़े 18 साल की उम्र में मेरा काम खत्म हो गया। मैं अब और नहीं कर सकती। मैं अब और नहीं रो सकती। मैं अब ग्लिसरीन नहीं डाल सकती। मैं नहीं कर सकती। मैं अब ये फिल्में नहीं करना चाहती। मैं बस चार सीन और 10 गाने करना चाहती हूं। मैंने ऐसी 4 फिल्में साइन की थी। इसके बाद ही मैंने एक्टिंग की तकनीक सीखी।'



## साड़ी पहनकर छाईं आम्रपाली दुबे

भोजपुरी फिल्मों में अपने सधे हुए अभिनय से अलग और बेहतरीन मुक़ाम बना चुकी सुपरहिट अभिनेत्री आम्रपाली दुबे अभिनीत और डॉ महेश कुमार की फिल्म 'मातृ देवो भवः' की शूटिंग उत्तरप्रदेश के अम्बेडकर नगर में समाप्त हो गई है। अपने भाषा की मिठास और अपने बहुआयामी परिवेश और रंगबिरंगे संस्कृति से लोगों को दिलों पर राज करने वाली बहुचर्चित भाषा भोजपुरी का प्रेम भारत के विभिन्न प्रदेश के लोगों को भी लुभाने लगी है। इस कारण आए आज की तारीख में अब अन्य भाषाओं में काम करने वाले कलाकार भी भोजपुरी फिल्में करने के लिए आकर्षित होने लगे हैं।

उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर जिले के अकबरपुर टांडा और बरियावन क्षेत्र में फिल्म 'मातृ देवो भवः' की पूरी शूटिंग हुई है जहाँ भोजपुरी फ़िल्म जगत की सुपरस्टार अमरपाली दुबे अपने पूरे लाव लश्कर के साथ फ़िल्म शूट करने पहुँची थी। फिल्म 'मातृ देवो भवः' एक पति पत्नी के असीम प्रेम त्याग और बलिदान के साथ अपने परिवार के लिए मर मिटने की कहानी पर आधारित बहुत ही संवेदनात्मक प्रस्तुति है।

**'मातृ देवो भवः' की कास्ट**

भोजपुरी फिल्म 'मातृ देवो भव' में आम्रपाली दुबे के साथ डॉक्टर महेश कुमार, अनूप अरोरा मनोज टाइगर, देव सिंह, बबलू खान, संजय पांडे, हीरा यादव, रंभा साहनी, स्वीटी सिंह राजपूत, वहीं बाल कलाकार के रूप में आरव वर्मा, सायेशा नाटेकर और अगस्त्य के साथ एक गड्डी विशेष भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं । इनके अलावा भी कई अन्य दिग्गज कलाकार भी फ़िल्म में काम कर रहे हैं जिसमें अंबेडकर नगर जिला के बहुत सारे स्थानीय प्रतिभाशाली कलाकार भी काम किये हैं । फिल्म मातृ देवो भवः के निर्माता निर्देशक मछिंद्र चाटे पहली बार उत्तर प्रदेश में आकर फिल्म निर्माण किये हैं।

## बेटी को गुगल से चली तलाक की जानकारी- नीलम कोठारी

फैब्युलस लाइव्स वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स अपने तीसरे सीजन के साथ वापस आ गया है, जिसमें नीलम कोठारी भी नजर आ रही हैं। इस दौरान नीलम कोठारी ने अपने तलाक पर खुलकर बात की और बताया कि पहली शादी में उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा था।

इस दौरान नीलम कोठारी ने पहली बार ऋषि सेठिया से अपने तलाक के बारे में बात की। एकता कपूर से बात करते हुए, उन्होंने उस पल को याद किया जब उनकी बेटी अहाना ने उन्हें गूगल किया और पाया कि उनका तलाक हो चुका है, जिससे वह बुरी तरह टूट गई थीं।



बेटी ने नीलम कोठारी से पूछा था, ₹मां, आपने मुझे कभी नहीं बताया कि आप तलाकशुदा हैं। इतना सुनते ही मुझे झटका लगा। मैं हैरान रह गई। मेरे पास कोई शब्द नहीं थे। मैंने अहाना से कहा, ₹सबसे पहले, आपको कैसे पता चला?₹ तो उसने कहा, ₹नहीं, आप एक सेलिब्रिटी हैं और मेरे दोस्त और मैं आपके बारे में गूगल पर खोज रहे थे। सबसे पहली बात जो सामने आई वह यह थी कि आप तलाकशुदा हैं। आप शादीशुदा हैं।

नीलम कोठारी ने कहा कि मेरे दिमाग में पहली बात यह आई कि मैं नहीं चाहती कि मेरी बेटी को इस बारे में पता चले।₹ इसके बाद नीलम कोठारी ने अपने तलाक के बारे में बात की और कहा, मुझे भारतीय कपड़े पहनने, मांसाहारी भोजन छोड़ने और शराब न पीने के लिए कहा गया था। मुझे हर चीज से कोई दिक्कत नहीं थी।

नीलम ने कहा, मेरे हिसाब से लोग अपना नाम भी बदल लेते हैं, लेकिन अपनी पहचान बदलना, यह कुछ ऐसा है जिससे मैं सहमत नहीं थी। मैं एक ऐसे पॉइंट पर पहुंच गई, जहां मैंने खुद से सवाल किया, मैं इसे कैसे अनुमति दे रही हूं? मैं सुपरमार्केट में होती या दोपहर के भोजन के लिए बाहर जाती, और कोई मेरे पास आता और पूछता, ₹क्या आप अभिनेत्री नीलम हैं? मुझे मना करना पड़ता था।

नरगिस और राज कपूर का 'खूबसूरत रिश्ता'

बॉलीवुड के' शोमैन' राज कपूर का नरगिस के साथ गहरा रिश्ता था।






# आईटीआई के बाद रोजगार के कई अवसर, ये ट्रेड बन रहीं युवाओं की पसंद

**औद्योगिक** प्रशिक्षण संस्थान. यह एक कोर्स है, जिसे करने के बाद आप सरकारी या प्राइवेट क्षेत्र में नौकरी पा सकते हैं। आईटीआई में 6 महीने से लेकर 2 साल तक की डिप्लोमा कोर्स होते हैं। एडमिशन के लिए, योग्यता परीक्षा में मिले अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाती है। आईटीआई करने के बाद, आपको कई तरह की नौकरियों के लिए मौका मिल सकता है, जैसे कि भारतीय रेलवे, भारतीय सेना, पीडब्ल्यूडी सिचाई विभाग, और टेक्निकल एजुकेशन डिपार्टमेंट। इसमें प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास है। हर राज्य में ढेरों आईटीआई संस्थान मौजूद हैं।

### इंटीरियर डिजाइनर



इंटीरियर डिज़ाइनर के तौर पर, आपको लेआउट, फर्नीचर, रंग योजनाओं, बनावट, और अन्य तत्वों को डिजाइन करना होता है। आप ग्राहक की जरूरतों और नजरिए से मेल खाने वाली जगह बनाते हैं। यह कोर्स इन दिनों युवाओं को काफी भा रहा है। यह एक गैर-तकनीकी पाठ्यक्रम है।स

### मैकेनिक एग्रीकल्चर मशीनरी

कृषि उपकरण मैकेनिक, कृषि उपकरणों की मरम्मत, रखरखाव, और सर्विसिंग से जुड़े काम करते हैं। कृषि मशीनरी, जैसे कि ट्रैक्टर, कंबाइन, स्प्रेयर, हार्वेस्टर, वगैरह को कुशलतापूर्वक और प्रभावी तरीके से चलाने के लिए कृषि उपकरण मैकेनिक ज़िम्मेदार होते हैं। ये दो वर्षीय वोकेशनल कोर्स है।

### डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर कोर्स

यह एक साल का कोर्स है और इसे सीटीएस के तहत पढ़ाया जाता है। यह कोर्स एनएसटीआई और आईटीआई के नेटवर्क के जरिए देश भर में पढ़ाया जाता है। डीटीपी कोर्स में, ग्राफ़िक्स जैसे कि विज़िटिंग कार्ड, पत्रिकाएं, लोगो, कार्टून, और समाचार पत्र वगैरह को डिज़ाइन करने का तरीका सिखाया जाता है।

### मार्केटिंग एग्ज़ीक्यूटिव

मार्केटिंग एग्ज़ीक्यूटिव में डिप्लोमा कोर्स करने के लिए, 10वीं पास होना चाहिए। एक वर्षीय इस पाठ्यक्रम में कुल 18 क्रेडिट होते हैं। कंपनी के उत्पादों और सेवाओं को लक्षित दर्शकों तक पहुंचाना, टेलीविज़न स्पॉट या पत्रिका में विज्ञापन करना, डिजिटल मार्केटिंग के ज़रिए विपणन करना, विज्ञापन और संचार अभियान का आयोजन करना, प्रदर्शनियां और प्रचार कार्यक्रमों का आयोजन करना, बाज़ार अनुसंधान और विश्लेषण करना आदि करना होता है।

### रेडियोलॉजी टेक्नीशियन


यह कोर्स दो साल का डिप्लोमा कोर्स होता है। इस कोर्स में थ्योरी के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज में



भी ट्रेनिंग कराई जाती है। इस कोर्स में एंजियोग्राफ़ी, फ़्लोरोस्कोपी, एमआरआई, एक्स-रे, पीईटी, और सीटी स्कैन जैसी तकनीकों के बारे में पढ़ाया जाता है। रेडियोलॉजी टेक्नीशियन को रेडियोलॉजिक टेक्नोलॉजिस्ट भी कहा जाता है।

### इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक

आईटीआई इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक



कोर्स की अवधि दो साल की होती है, जिसमें 4 सेमेस्टर होते हैं। इस कोर्स के दौरान छात्रों को कई विषयों से परिचित कराया जाता है। इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक मरम्मत, मैकेनिकल इंस्ट्रूमेंट्स, इंडिकेटर इत्यादि जैसे विषय। इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक एक इंस्टालेशन, समस्या निवारण और इंस्ट्रूमेंटेशन की मरम्मत करने वाला व्यावसायिक ट्रेड है।

### कंप्यूटर हाईवेयर और नेटवर्किंग

आईटीआई में कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्क मेंटेनेंस कोर्स, एनसीवीटी द्वारा संचालित किया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद, आप कंप्यूटर हार्डवेयर तकनीशियन, हार्डवेयर इंजीनियर, डेस्कटॉप/लैपटॉप सपोर्ट तकनीशियन, सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर, नेटवर्क एडमिनिस्ट्रेटर, नेटवर्क सपोर्ट तकनीशियन जैसे पदों पर काम कर सकते हैं।

# देश में ड्रोन की मदद से आलू की स्मार्ट खेती करेंगे किसान, सीपीआरआई ने की सिफारिश



देश के किसान अब ड्रोन की मदद से आलू की स्मार्ट खेती करेंगे। केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) ने दो साल के सूक्ष्म परीक्षण के बाद आलू की फसल के लिए एग्री ड्रोन प्रबंधन की सिफारिश की है। सीपीआरआई के उत्तर प्रदेश के मोदीपुरम (मेरठ) और पंजाब के जालंधर क्षेत्रीय स्टेशनों पर दो साल से ड्रोन इस्तेमाल के परीक्षण किए जा रहे थे। इनमें पाया गया है कि ड्रोन के इस्तेमाल से फसल उत्पादन की लागत, समय और पानी की बचत होगी।

सीपीआरआई के परीक्षण से यह पुष्ट हो गया है कि ड्रोन से एक एकड़ में छिड़काव के लिए महज 10 लीटर पानी पर्याप्त है, जबकि परंपरागत तरीके से छिड़काव में 100 से 150 लीटर पानी की आवश्यकता रहती है। इतना ही नहीं, छिड़काव के लिए नैनो खाद अथवा कीटनाशकों की भी कम मात्रा में जरूरत रहती है। ड्रोन से छिड़काव करने वाले किसानों के स्वास्थ्य पर रसायनों के नुकसान का भी खतरा नहीं है। आलू की फसल 90 से 110 दिन की छोटी अवधि में तैयार होती है, जिसके चलते रोगों से बचाव के लिए बार-बार कीटनाशकों के इस्तेमाल की आवश्यकता पड़ती है।

परंपरागत तरीके से छिड़काव की अपेक्षा ड्रोन से छिड़काव सस्ता है। इतना ही नहीं, आलू की फसल पर ड्रोन से छिड़काव अधिक सटीकता और दक्षता से किया जा सकता है। परीक्षण में पौधे के तीन स्तरों ऊपर, मध्य और नीचे ड्रोन से निकलने वाली महीन बूंदों की कवरेज बेहतर पाई गई है। कृषि मंत्रालय ने सीपीआरआई और कृषि विवि को 2-2 ड्रोन दिए हैं।

परीक्षणों में आलू की फसल पर ड्रोन से कीटनाशकों का छिड़काव कारगर साबित हुआ है। ड्रोन से लागत और समय दोनों की बचत हो रही है, सटीकता और दक्षता भी अव्वल है। परीक्षण के आधार पर सीपीआरआई ने ड्रोन से छिड़काव की आधिकारिक सिफारिश की है।

## भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में अप्रेंटिस के 90 पदों पर भर्ती

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, गाजियाबाद ने डिप्लोमा अप्रेंटिस के पदों पर भर्ती निकाली है। ये पद मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस और अन्य सहित विभिन्न विषयों के लिए भरे जाएंगे। अप्रेंटिसशिप की अवधि एक वर्ष होगी।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :

एआईसीटीई या भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय में डिप्लोमा।

सिलेक्शन प्रोसेस :

रिटन एग्जाम के बेसिस पर

स्टाइपेंड :12,500 रुपए प्रति माह

आयु सीमा :

अधिकतम 25 साल

अधिकतम उम्र सीमा में एससी, एसटी को 5 साल और ओबीसी को 3 साल की छूट दी जाएगी।

ऐसे करें आवेदन :

ऑफिशियल वेबसाइट https://bel-india.in/ पर जाएं।

यहां उपलब्ध रिक्रूटमेंट लिंक पर क्लिक करें।

जरूरी डिटेल्स दर्ज करें।

होम पेज पर दिए गए लिंक पर जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।

आगे की जरूरत के लिए एक प्रिंटआउट लेकर रखें।

## केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में मेडिकल ऑफिसर के 345 पदों पर निकली भर्ती

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में मेडिकल ऑफिसर के पदों पर भर्ती निकली है। ये भर्तियां बीएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी और असम राइफल्स जैसे बलों में होंगी। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट recruitment.itbpolice.nic.in पर जाकर 14 आवेदन कर सकते हैं।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :एमबीबीएस की डिग्री।

संबंधित स्पेशेलिटी में पीजी डिग्री या डिप्लोमा होना चाहिए।

आयु सीमा : सुपर स्पेशलिस्ट मेडिकल ऑफिसर सेकेंड-इन-कमांड : 50 साल

स्पेशलिस्ट मेडिकल ऑफिसर डिप्टी कमांडेंट : 40 साल

मेडिकल ऑफिसर असिस्टेंट कमांडेंट : 30 साल

सिलेक्शन प्रोसेस :इंटरव्यू डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन फिजिकल टेस्ट

फीस :जनरल (यूआर), ओबीसी, ईडब्ल्यूएस : 400 रुपए

एससी, एसटी, एक्स सर्विसमैन, महिला उम्मीदवार : निःशुल्क

सैलरी :1, 23,100 - 2,18,200 रुपए प्रतिमाह।

ऐसे करें आवेदन :

ऑफिशियल वेबसाइट पर recruitment.itbpolice.nic.in जाएं।होम पेज पर What's New सेक्शन में भर्ती नोटिफिकेशन से संबंधित लिंक पर क्लिक करें। अगले पेज पर Click here लिंक पर क्लिक करें। अब पहले न्यू रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन करें। अन्य डिटेल्स भरकर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

फीस जमा करें। भरे हुए फॉर्म का एक प्रिंटआउट निकालकर रख लें।

# नौकरियों के मिल रहे कई अवसर, ये नई तकनीक पैदा कर रही है रोजगार

**आर्टिफिशियल** इंटेलिजेंस, बायोटेक्नोलॉजी, संधारणीय ऊर्जा और डिजिटल फाइनें उभरते क्षेत्र न केवल नए अवसर पैदा कर रहे हैं, बल्कि उद्योग जगत को नया आकार भी दे रहे हैं। इसीलिए फ्रेशर्स और कॉलेज के छात्र लगातार ऐसे अवसरों की खोज में रहते हैं, जो भारत में उभरते कॅरिअर ट्रेंड के साथ मेल खाते हों। ऐसे में इन क्षेत्रों में कॅरिअर बनाकर आप नवाचार, वास्तविक समस्याओं को सुलझाने और नई तकनीक सीखने में बाकियों से चार कदम आगे रहेंगे। इसके अलावा उभरते हुए क्षेत्रों में नौकरी करना आपकी रचनात्मकता, जिज्ञासा, शोध और कौशल को दर्शाती है। ऐसे कुछ बेहतरीन क्षेत्र हैं, जिनके विशेषज्ञों की मांग दुनिया भर में है।



### वीआर और एआर

वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) दो सबसे आशाजनक तकनीकें हैं, जिनकी मांग दुनिया में सर्वाधिक है। गेमिंग और मनोरंजन क्षेत्रों से लेकर 3डी मॉडलिंग और सोशल नेटवर्किंग तक, एआर और वीआर हर जगह अपनी जगह बना रहे हैं। यूआई और यूएक्स डिजाइनर इंजीनियर, वीआर गेम इंजीनियर, वर्चुअल रियलिटी डिजाइनर आदि के रूप में आप अपना कॅरिअर बना सकते हैं।

### कंप्यूटर फोरेंसिक

कंप्यूटर फोरेंसिक विशेषज्ञ का कार्य डिजिटल साक्ष्य ढूंढना और तैयार करना है, जिसका उपयोग किसी भी अदालती कार्यवाही, परीक्षण और आपराधिक जांच में किया जा सकता है। कंप्यूटर फोरेंसिक के क्षेत्र में जाने के लिए कंप्यूटर विज्ञान, साइबर सुरक्षा, आपराधिक न्याय या अन्य क्षेत्रों में स्नातक की डिग्री होना जरूरी है। कंप्यूटर फोरेंसिक से संबंधित कई ग्लोबल इंफॉर्मेशन एश्योरेंस सर्टिफिकेशन (जीआईएसी) कोर्स हैं, जिसे आप निजी संगठनों और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी जैसी सरकारी संस्थाओं से कर सकते हैं। इसके बाद विभिन्न शोध संस्थानों, सीबीआई, एनआईए आदि सरकारी विभागों में नौकरी के रास्ते खुल जाते हैं।

### एनएलपी इंजीनियर

एनएलपी इंजीनियर मशीनों को मानव भाषा की पहचान करने, व्याख्या करने और उत्पन्न करने में बनाते होते हैं। इस क्षेत्र में जाने के लिए आपके पास इंजीनियरिंग, डाटा साइंस या कंप्यूटर साइंस जैसे क्षेत्र में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। एनएलपी इंजीनियर बनकर आप अमेजन, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल, आईबीएम जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी कर सकते हैं।

### फिनटेक

फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी या फिनटेक शब्द का उपयोग आर्थिक क्षेत्र में विकसित की जा रही नई तकनीकों के लिए किया जाता है। इसमें पारंपरिक बैंकिंग सेवाओं में नई और तेज सेवाएं प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है। फिनटेक पेशेवर वित्त उद्योग को नया आकार देने के लिए डिजिटल भुगतान, ब्लॉकचेन और वित्तीय विश्लेषण में नवाचार करते हैं। आप एक्सेंचर, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज आदि में वेब डेवलपर, ब्लॉकचेन डेवलपर और एनालिस्ट के रूप में कॅरिअर बना सकते हैं।

## यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी में 200 पदों पर निकली भर्ती ; सैलरी 88 हजार तक

यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने प्रशासनिक अधिकारी-स्केल I जैसे स्पेशलिस्ट पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की ऑफिशियल वेबसाइट uiic.co.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :उम्मीदवारों के पास ग्रेजुएशन/ इंजीनियरिंग में डिग्री/ कॉमर्स में ग्रेजुएशन/ बैचलर डिग्री इन लॉ होना चाहिए।

आयु सीमा :21 - 30 वर्ष

सिलेक्शन प्रोसेस :

टियर - 1 एग्जाम

टियर - 2 एग्जाम

सैलरी :88,000 रुपए प्रतिमाह।

फीस :सामान्य / ईडब्ल्यूएस / ओबीसी : 100 रुपए

एससी, एसटी,पीडब्ल्यूबीडी, पीएसजीआई कंपनी के स्थायी कर्मचारी : 250 रुपए

ऐसे करें आवेदन :ऑफिशियल वेबसाइट uiic.co.in पर जाएं।

होमपेज पर प्रशासनिक अधिकारी पदों के आवेदन लिंक पर क्लिक करें।

खुद को रजिस्टर्ड करके लॉग इन करें।

फॉर्म भरें। फीस का भुगतान करके फॉर्म सब्मिट कर दें।

आगे की जरूरत के लिए फॉर्म का प्रिंटआउट निकाल कर रखें।

## यूपीएससी इंटरव्यू करना चाहते हैं क्लियर तो इन टिप्स को जरूर करें फॉलो

सिविल सेवा परीक्षा 2024 के लिए मेंस परीक्षा का समापन चुका है। जल्द ही संघ लोक सेवा आयोग रिजल्ट की घोषणा करेगा और इसमें पास होने वाले उम्मीदवार साक्षात्कार राउंड के लिए योग्य होंगे। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में अंतिम चरण व्यक्तित्व परीक्षण/आईएएस साक्षात्कार दौर होता है। यह दौर यूपीएससी बोर्ड द्वारा भावी आईएएस अधिकारी के चरित्र और विचार प्रक्रिया का आकलन करने के लिए आयोजित किया जाता है।

यूपीएससी साक्षात्कार के दौरान ऐसी कई चीजें हैं जिनका ध्यान देना आवश्यक है।

### अपने आवेदन पत्र को ध्यान से पढ़ें

अंतिम साक्षात्कार में अधिकतर प्रश्न आपके विस्तृत आवेदन पत्र के इर्द-गिर्द घूमते हैं। मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उम्मीदवार को अपने अब तक के शैक्षणिक सफर के साथ-साथ रोजगार, परिवार, आय के स्रोत आदि का विवरण डीएएफ में दर्ज करना होता है। इसलिए, उम्मीदवार को अपने डीएएफ से अच्छी तरह वाकिफ होना चाहिए।शिक्षा, शौक, पिछला कार्य अनुभव, सेवा वरीयता आदि जैसे क्षेत्रों से संबंधित प्रश्नों की अच्छी तरह तैयारी करें।

### बहस से बचें

बोर्ड आपको तर्कपूर्ण प्रश्नों से धोखा दे सकता है, जाल में न फंसें और बोर्ड के सदस्यों की राय को चुनौती न दें और उनके बयानों को सही करने का प्रयास न करें। इसके बजाय, अपने विचारों को सोच-समझकर और विचारपूर्वक व्यक्त करें। अपनी राय व्यक्त करते समय दूसरों की आलोचना करने या किसी व्यक्ति का समर्थन करने से बचें, अपनी राय संतुलित रखें और सुझाव दें। दूसरों की गलतियों पर ध्यान न दें। यदि आप गलत हैं, तो इसे स्वीकार करें और तुरंत माफी मांगें। अपने उत्तरों या विचारों को वैध कारणों के साथ तार्किक तरीके से समाप्त करें। अति-आत्मविश्वासी और आत्म-विश्वासी न बनें।

### अपने राज्य और जिले से संबंधित प्रश्न तैयार करें

अपने जिले और राज्य से संबंधित प्रश्नों की तैयारी करें। ये सबसे आम अपेक्षित प्रश्न हैं जो आपको अंतिम साक्षात्कार के दौरान मिल सकते हैं। इसलिए, आपको अपने राज्य, उसकी समस्याओं और उससे संबंधित कुछ सामान्य आँकड़ों जैसे; लैंगिक असमानता, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा प्रणाली, भ्रष्टाचार, लिंग अनुपात आदि के बारे में पता होना चाहिए। इसी तरह, पैनल आपसे आपके जिले के बारे में सवाल पूछ सकता है।

### झूठ न बोलें

जब बोर्ड आपके बायो-डेटा या उपलब्धियों के बारे में सवाल पूछे, तो तथ्यों को सही-सही बताएं और अपनी उपलब्धियों के बारे में बात करते समय विनम्र रहें। झूठ न बोलें, आप बोर्ड के सदस्यों को बेवकूफ नहीं बना सकते, जब आपको जवाब नहीं पता हो, तो खुलकर बोलें और उन्हें यह बताने का साहस रखें।

### आत्मविश्वास के साथ जवाब दें

आत्मविश्वासी बनें और अपना व्यवहार इस तरह से रखें कि इससे बोर्ड के सदस्यों पर आपका सकारात्मक प्रभाव पड़े। हमेशा याद रखें, बोर्ड के सदस्य इस बात पर ध्यान देंगे कि आप क्या और कैसे कहते हैं, न कि आप कितना कहते हैं। बोर्ड उन सवालों पर टिप्पणी नहीं दे सकता जिनका आपने जवाब नहीं दिया है। इसलिए, सुनिश्चित करें कि आप क्या और कैसे कहते हैं।

# सेना में महिलाओं के लिए अवसर, इंजीनियरिंग और खुफिया क्षेत्रों में भी बना सकती हैं करिअर

देश की सेवा करना, चाहे पुरुष हों या महिला हर किसी का एक सपना होता है है। रक्षा क्षेत्र की दुनिया बदल रही है। पहले इस क्षेत्र को पुरुष प्रधान माना जाता था। ऐसा इसलिए, क्योंकि सामाजिक और शारीरिक समस्याओं के चलते लाओं की भागीदारी इस क्षेत्र में नाममात्र की ही थी।

अब लाएं सिर्फ चिकित्सा सेवाओं में ही नहीं, बल्कि लड़ाकू त्रकाओं, पायलट, इंजीनियरिंग, साइबर सुरक्षा, खुफिया अन्य तकनीकी तथा प्रशासनिक सेवाओं में भी पुरुषों से 1 से कंधा मिलकर चल रही हैं। अगर आप भी एक ला हैं और चुनौतियों का सामना करना आपको पसंद है, भारतीय सेना के साथ ही अर्धसैनिक बलों में भी अच्छे । पर आप अपना कॅरिअर बना सकती हैं।

### भारतीय सेना

भारतीय (तीय थल सेना में शामिल होने के लिए आप एससी सीडीएस परीक्षा के जरिये शॉर्ट सर्विस रीशन (SSC) के लिए आवेदन कर सकती हैं, जिसके तहत गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती की जाएगी। आप (upsc.gov.in) लिंक के माध्यम से अधिक जानकारी पा सकती हैं। यह परीक्षा नवंबर और जून में आयोजित की जाती है। इसके अलावा एसएससी (टेक) के जरिये इंजीनियरिंग की छात्राएं तकनीकी पदों के लिए आवेदन कर सकती हैं।

अगर आपके पास बी ग्रेड के साथ एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट है, तो आप एनसीसी स्पेशल एंट्री के तहत सेना में कॅरिअर बना सकती हैं। एसएससीडब्ल्यू जेएजी (जज एडवोकेट जनरल) के लिए एलएलबी की डिग्री आवश्यक है। (tinyurl.com/yphxw8f6)



लिंक के जरिये आप इससे जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकती हैं।

### भारतीय नौसेना

नौसेना में महिलाओं को पायलट, एटीसी, पर्यवेक्षक, कानून, रसद, शिक्षा और नौसेना वास्तुकला के क्षेत्रों में भर्ती किया जाता है। किसी भी विषय में बीई/बीटेक डिग्री प्राप्त छात्राएं पायलट समुद्री टोही के लिए आवेदन कर सकती हैं।

नौसेना वास्तुकला परीक्षा के लिए विभिन्न क्षेत्रों में बीई/बीटेक या भौतिकी/गणित/कंप्यूटर एप्लीकेशन में 50% अंकों के साथ एमएससी होना जरूरी है। इसके अलावा एयर ट्रैफिक कंट्रोलर, ऑब्जर्वर के पदों पर भी आवेदन किया जा सकता है। (tinyurl.com/3ar65erf) पर जाकर आप इनसे जुड़ी विस्तृत जानकारी पा सकती हैं।

### भारतीय वायु सेना

वायु सेना सामान्य प्रवेश परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है। अधिसूचना जून और दिसंबर में प्रकाशित की जाती है। परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को सेवा चयन बोर्ड (SSB) साक्षात्कार से गुजरना पड़ता है। वायु सेना में महिला अधिकारियों के लिए लड़ाकू पायलटों सहित सभी शाखाओं में दस वर्ष की सेवा के बाद स्थायी कमीशन का विकल्प उपलब्ध है।

भारतीय वायु सेना में फ्लाईंग ब्रांच में जाने की इच्छा रखने वाली छात्राओं के पास स्नातक डिग्री होना जरूरी है। विस्तृत जानकारी के लिए लिंक (afcat.cdac.in/AFCAT/) पर जाएं। इसके अलावा एनडीए के जरिये भी विभिन्न सेनाओं में शामिल हुआ जा सकता है



# विकसित भारत की ऐसी होंगी सड़कें

## अमेरिका तक मांगेगा पानी

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सपना भारत के लोगों को दिखाया है। उसके पूरा करने के लिए सभी मंत्रालयों ने कमर कस ली है। देश के इंफ्रा को और बेहतर बनाने के लिए देश के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी लगातार काम कर रहे हैं। अब उन्होंने देश के रोड इंफ्रा का ऐसा खाका खींचा है, जिससे जानकर हर कोई हैरान है। उन्होंने कहा है कि विकसित भारत में देश का रोड इंफ्रा अमेरिका से भी बेहतर होगा। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर नितिन गडकरी ने इस बारे में क्या है?

**ऐसे दे सकते हैं इकोनॉमी को बूस्ट**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि आने वाले समय में भारत का सड़क बुनियादी ढांचा अमेरिका से बेहतर होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कुशल राजमार्ग, जलमार्ग और रेलवे लॉजिस्टिक लागत को कम कर सकते हैं और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं। उन्होंने सड़कों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने वाले सलाहकारों पर भी निशाना साधा और कहा कि वे घर बैठे ही यह दस्तावेज तैयार करते हैं।

**कैनेडी के कथन को किया याद**



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री भोपाल में सड़क एवं पुल निर्माण में नवीनतम उभरते रुझान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए गडकरी ने याद दिलाया कि जब वे महाराष्ट्र में मंत्री थे, तो उनके कार्यालय में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी का एक कथन लिखा था, अमेरिकी सड़कें इसलिए अच्छी नहीं हैं क्योंकि अमेरिका समृद्ध है, बल्कि अमेरिका इसलिए समृद्ध है क्योंकि अमेरिकी सड़कें अच्छी हैं।

**अमेरिका से बेहतर होंगी सड़कें**

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि उनके मित्र रतन टाटा, जिनका इस महीने की शुरुआत में निधन हो गया था, ने मंत्री के कार्यालय में आने के दौरान कई बार उनसे इस उद्धरण के बारे में पूछा था। गडकरी ने कहा कि आने वाले समय में, भारतीय सड़क बुनियादी ढांचा अमेरिका से भी बेहतर होगा। हम ऐसा करेंगे। आापको बता दें कि मौजूदा वित्त वर्ष के बजट में भारत सरकार ने कैपेक्स पर 11.11 लाख करोड़ रुपए खर्च करने का ऐलान किया है।

# पैसा छापने वाला शेयर! एक साल में दे दिया 500% से ज्यादा रिटर्न, कीमत 11 रुपये से कम



नई दिल्ली,20 अक्टूबर (एजेंसियां)। छोटा पैकेट, बड़ा धमाल। यह लाइन हमें कई जगह सुनने को मिल जाती है। लेकिन एक शेयर पर यह लाइन बिल्कुल सटीक बैठती है। इस पेनी स्टॉक ने निवेशकों को बेहद कम समय में मालामाल कर दिया है। 11 रुपये से कम कीमत के इस शेयर ने निवेशकों को एक साल 500 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। यानी इसने 5 गुना से ज्यादा फायदा दिया है। इस शेयर का नाम एलसीसी इन्फोटेक लिमिटेड है। अभी इसकी कीमत 10.97 रुपये है। इसने निवेशकों को एक साल में करीब 565 फीसदी रिटर्न दिया है। वहीं 6 महीने में भी इसका रिटर्न 477 फीसदी रहा है। शुक्रवार को इसमें 2 फीसदी का अपर सर्किट लगा था। पिछले कई दिनों से इसमें अपर सर्किट देखा जा रहा है।

**तीन महीने में दोगुना रिटर्न**

इस शेयर ने तीन महीने में निवेश को दोगुना कर दिया है। ठीक तीन महीने पहले जुलाई में इसके शेयर की कीमत 5.25 रुपये थी। अभी 10.97 रुपये है। ऐसे में इसने इन तीन महीनों में ही 100 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे दिया है। अगर आपने तीन महीने पहले इसमें एक लाख रुपये निवेश किए होते तो इनकी वैल्यू दो लाख रुपये से ज्यादा हो चुकी होती।

**6 महीने में जबर्दस्त फायदा**

इस शेयर ने निवेशकों 6 महीने में जबर्दस्त फायदा पहुंचाया है। अप्रैल में इसे शेयर की कीमत 1.90 रुपये थी। ऐसे में इसने इन 6 महीने में 477 फीसदी रिटर्न दिया है। अगर आपने 6 महीने पहले इसमें एक लाख रुपये निवेश किए होते तो आपको 4.77 लाख रुपये का फायदा हो चुका होता।

# आम लोगों पर और पड़ेगी महंगाई की मार!

## 6 रुपए तक महंगी हो सकती है सीएनजी

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। भले ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती ना की जा रही हो, लेकिन आने वाले दिनों में सीएनजी पर कार चलाने वाले लोगों को महंगाई की मार का सामना करना पड़ सकता है। सरकार ने शहरी रिटेलर्स को सस्ती घरेलू प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक की कटौती की है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे में यदि ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है, तो वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी के दाम में 4 से 6 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हो सकती है। भारत के भीतर अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक के स्थलों से जमीन के नीचे और समुद्र तल के नीचे से निकाली गई प्राकृतिक गैस ऐसा कच्चा माल है जिसे वाहनों के लिए सीएनजी और रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में बदला जाता है।मामले की जानकारी रखने वाले चार सूत्रों ने कहा कि पुराने क्षेत्रों से उत्पादन की कीमतें सरकार द्वारा नियंत्रित की जाती हैं। इनका उपयोग शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को किया जाता है। इन क्षेत्रों से उत्पादन सालाना पांच प्रतिशत तक घट रहा है। इस वजह से शहरी गैस वितरण कंपनियों को आपूर्ति में कटौती की गई है। सूत्रों ने बताया कि घरों में रसोई के लिए आपूर्ति की जाने वाली गैस संरक्षित है। ऐसे में सरकार ने सीएनजी के लिए कच्चे माल की आपूर्ति में




कटौती की है। पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस मई, 2023 में सीएनजी की 90 प्रतिशत मांग को पूरा करती थी और इसमें लगातार गिरावट आ रही है। उन्होंने कहा कि 16 अक्टूबर से आपूर्ति में कटौती कर सीएनजी की मांग का सिर्फ 50.75 प्रतिशत कर दिया गया है, जो इससे पिछले महीने 67.74 प्रतिशत था। शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को इस कमी की भरपाई के लिए आयातित और महंगी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे सीएनजी की कीमतों में 4-6 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी होगी। पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस की कीमत 6.50 अमेरिकी डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) है, जबकि आयातित एलएनजी की कीमत 11-12 डॉलर प्रति इकाई है। सूत्रों ने कहा कि फिलहाल खुदरा विक्रेताओं ने सीएनजी की दरें नहीं बढ़ाई हैं क्योंकि वे इसके समाधान के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं।

# मुकेश अंबानी के इस कदम से खौफ में आया टाटा, क्या उठाएगा ये बड़ा कदम?

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। रिलायंस की सब्सिडियरी कंपनी कैंपा कोला ने अपने आक्रामक मूल्य निर्धारण और खुदरा विक्रेताओं को अधिक मार्जिन देने की रणनीति से भारतीय पेय बाजार में हलचल मचा दी है। इसने न केवल बाजार में कंपटीशन को बढ़ा दिया है, बल्कि कई बड़ी कंपनियों को अपनी मूल्य निर्धारण नीतियों में बदलाव करने के लिए मजबूर किया है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुनील डिसूजा ने इस पर अपनी चिंता व्यक्त की है।

**कैंपा कोला ने बढ़ाई टेंशन?**

रिलायंस रिटेल की सब्सिडियरी कैंपा कोला ने बाजार में अपने 10 रुपए वाली पीईटी बोतल के साथ प्रवेश किया, जिसने मौजूदा पेय कंपनियों के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। इस कदम ने प्रतिस्पर्धी पेय निर्माताओं को अपनी कीमतें कम करने के लिए मजबूर कर दिया है। डिसूजा ने कैंपा का नाम लिए बिना कहा कि एक नए खिलाड़ी के आक्रामक मूल्य निर्धारण ने उद्योग



को बाधित कर दिया है। इसके परिणामस्वरूप टीसीपीएल और अन्य प्रमुख खिलाड़ियों को अपने उत्पादों के मूल्य निर्धारण में बदलाव करना पड़ा है ताकि वे अपनी बाजार हिस्सेदारी बनाए रख सकें।

**टाटा को मिलेगी कड़ी टक्कर**

टीसीपीएल, जो टाटा समूह की कंपनी है, के तैयार पेय पदार्थ व्यवसाय से राजस्व में गिरावट आई है। सितंबर तिमाही में कंपनी का राजस्व 11 प्रतिशत घटकर 154 करोड़ रुपए रह गया। डिसूजा ने कहा कि यह गिरावट प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के कारण हुई है, जिससे कंपनी को अपनी कीमतें कम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।टीसीपीएल पहले अपने स्वादयुक्त ग्लूकोज आधारित पेय "ग्लूको प्लस" को बहुराष्ट्रीय कंपनियों की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत और अन्य प्रतिस्पर्धियों की तुलना में 30 प्रतिशत प्रीमियम पर बेच रही थी। हालांकि, बाजार में कैंपा कोला के प्रवेश और इसके आक्रामक मूल्य निर्धारण ने टीसीपीएल को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने के लिए बाध्य किया। डिसूजा ने कहा कि कंपनी अपनी बाजार हिस्सेदारी खोना नहीं चाहती है, इसीलिए ग्लूको प्लस की कीमतों में कटौती की गई। डिसूजा ने कहा कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने इस प्रतिस्पर्धी माहौल में तेजी से बदलाव किया है, जबकि टीसीपीएल को इस बदलाव में समय लगा। हालांकि, अब टीसीपीएल ने भी बाजार की स्थितियों को समझते हुए अपनी रणनीति में बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि कंपनी अपनी कंपटीशन बनाए रखने के लिए कदम उठा रही है, लेकिन नए खिलाड़ी द्वारा लाए गए मूल्य निर्धारण ने उद्योग को अस्थिर कर दिया है।

# सोने का सत्ते पर सत्ता, 77777 रुपये के पार हुई कीमत

## एक हफ्ते में दिया जबर्दस्त रिटर्न, चांदी की भी बल्ले-बल्ले

नई दिल्ली,20 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोने की कीमत इस समय लगातार नई ऊंचाई छू रही है। इस हफ्ते सोमवार को छोड़ दें तो इसकी कीमत में रोजाना तेजी आई है। इस समय सोना नए रेकॉर्ड पर है। सोने की कीमत 77777 रुपये प्रति 10 ग्राम को पार कर चुकी है। एमसीएक्स पर इस समय 24 कैरेट सोने की कीमत 77750 रुपये प्रति 10 ग्राम है। यह कीमत 77839 रुपये के आंकड़े को छूने के बाद कुछ नीचे आई है। पिछले एक महीने में सोने की कीमत में काफी तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिली है। बात अगर इस हफ्ते की करें तो इसने 2 फीसदी का रिटर्न दिया है। सोमवार 14 अक्टूबर को सोने की कीमत 76251 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। अब इसकी कीमत 77750 रुपये है। ऐसे में इस हफ्ते सोने की कीमत 1499 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। एक हफ्ते का यह रिटर्न करीब 2 फीसदी है।

**एक महीने में 4 फीसदी से ज्यादा रिटर्न**

सोने ने एक महीने में निवेशकों को जबर्दस्त रिटर्न दिया है। यह रिटर्न 4 फीसदी से ज्यादा रहा। एक महीने पहले एमसीएक्स पर सोने की कीमत 74304 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। अभी 77750 रुपये है। ऐसे में एक महीने में सोने की कीमत 3446 रुपये प्रति 10 ग्राम चढ़ गई है। यानी सोने ने निवेशकों को एक महीने में करीब 4.64 फीसदी का रिटर्न



दिया है।

**इस साल सोने ने दिया बंपर मुनाफा**

इस साल जनवरी से लेकर अब तक सोने ने निवेशकों को बंपर मुनाफा दिया है। सोने की कीमत में करीब 14 हजार रुपये की बढ़ोतरी आई है। एमसीएक्स पर एक जनवरी को सोने की कीमत 63970 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। ऐसे में तब से लेकर अब सोने की कीमत में 13780 रुपये का इजाफा हुआ है। यानी सोना इस साल अब तक 21.54 फीसदी रिटर्न दे चुका है।

**रिटर्न में चांदी से पीछे छूटा सोना**

चांदी भी इस समय अच्छा प्रदर्शन कर रही है। एमसीएक्स पर अभी इसकी कीमत 95470 रुपये प्रति किलो ग्राम है। चांदी की भी यह अभी तक की उच्चतम कीमत है। इस हफ्ते रिटर्न के मामले में चांदी ने सोने को पीछे छोड़ दिया है। सोमवार 14 अक्टूबर को चांदी की कीमत 91239 रुपये प्रति किलो थी। अब 95470 रुपये है। ऐसे में इसने इस हफ्ते 4.63 फीसदी का मुनाफा दिया है।

# ज्यादा पढ़ा-लिखा होना बेकार है!


## गूगल एम्प्लॉई को स्टार्टअप ने जॉब देने से किया मना, वजह जानकर चौंक जाएंगे



नई दिल्ली,20 अक्टूबर (एजेंसियां)। क्या किसी को नौकरी से रिजेक्ट सिर्फ इस वजह से किया जा सकता है कि उसकी पढ़ाई-लिखाई काफी ज्यादा है? ऐसा हुआ अनु शर्मा नाम की गूगल की एक एम्प्लॉई के साथ। इस एम्प्लॉई ने एक स्टार्टअप में जॉब के लिए अप्लाई किया था। लेकिन स्टार्टअप ने यह कहकर जॉब देने से मना कर दिया कि उनकी क्वालिफिकेशन काफी ज्यादा है। अनु शर्मा ने अपने इस रिजेक्शन का स्क्रीन शॉट सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने स्क्रीन शॉट के साथ पोस्ट में लिखा है, 'मुझे नहीं पता था कि आपको बहुत अच्छा होने के कारण रिजेक्ट किया जा सकता है।'अनु शर्मा गूगल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उन्होंने एक स्टार्टअप में जॉब के लिए अप्लाई किया था। उस स्टार्टअप ने उन्हें यह कहकर जॉब देने से मना कर दिया कि उस पोस्ट के लिए उनकी क्वालिफिकेशन काफी ज्यादा है। स्टार्टअप ने जवाब में लिखा है, 'आपके रेज्यूमे को देखने के बाद हमने पाया कि आपकी योग्यताएं उस पद के लिए काफी ज्यादा हैं जिसके लिए हमें उम्मीदवार की जरूरत है। हमारे अनुभव के आधार पर हाई क्वालिफिकेशन वाले उम्मीदवार अक्सर जॉब से असंतुष्ट हो जाते हैं। वे नौकरी जॉइन करने के तुरंत बाद छोड़ भी देते हैं।.

# भारत आने वाले समय में हमारा ग्रोथ इंजन- एसआईजी के सीईओ सैमुअल सिग्रिस्ट

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)।बाजार के लिहाज से भारत सबकी पंसद बनता जा रहा है। इसका कारण यह है कि भारत तेज गति से तरक्की कर रहा है। पिछले एक दशक में भारत में सबकुछ बदल गया है। भारत परिवर्तन की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। 4 ट्रिलियन की इकॉनमी और 8 फीसदी ग्रोथ रेट वाला भारत अकेला देश है। यही कारण है कि भारत में कई बड़ी कंपनियां अपना कारोबार स्थापित करना चाह रही हैं। भारत में कारोबार को स्थापित करने को लेकर एसेप्टिक कार्टन पैकेजिंग के लिए सिस्टम और सॉल्यूशन उपलब्ध कराने वाली कंपनी एसआईजी के सीईओ सैमुअल सिग्रिस्ट ने भारत को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत हमारा विकास इंजन है। सिग्रिस्ट ने कहा कि मैंने दुनिया में ऐसा कोई मार्केट नहीं देखा, जहां हम इतनी तेजी से कारोबार को स्थापित कर पाए हैं, जितनी तेजी से हम भारत में कर



सके हैं। एसआईजी के सीईओ ने कहा कि आने वाले समय में भारतीय बाजार कंपनी के लिए ग्रोथ इंजन होगा।सैमुअल सिग्रिस्ट एक स्विस नागरिक हैं और 2017 से मिडिल ईस्ट जॉइंट वेंचर के सीएफओ और चेयरमैन के रूप में काम कर रहे थे। 1 जनवरी 2021 से वो एसआईजी ग्रुप के सीईओ बन गए। सिग्रिस्ट ने कहा कि 2018 में भारतीय बाजार में प्रवेश करने के बाद कंपनी ने एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म तैयार किया है। मौजूदा समय में कंपनी कई प्रमुख भारतीय डेयरी और पेय कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है।उन्होंने बताया कि 2023 में एसआईजी का भारत से एनुअल रेवेन्यू 10 से 13 फीसदी के बीच था। वहीं, बाजार स्थायी रूप से 10 फीसदी से अधिक की दर से बढ़ रहा है। उम्मीद है कि एसआईजी की ग्रोथ रेट मार्केट से अधिक रहेगी। भारत में एंट्री के बाद सिग्रिस्ट की कंपनी एसआईजी ने अब तक अमूल, पारले एग्रो, कोका-कोला, पेप्सिको, मिल्की मिस्ट और हमदर्द जैसी कंपनियों के साथ काम किया है। उसके साथ एक मजबूत साझेदारी बनाई है और कई उन्नत पैकेजिंग सॉल्यूशंस उपलब्ध कराए हैं।उन्होंने बताया कि प्रोडक्ट की पैकेजिंग के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सभी विकल्पों की तुलना में हमारे पास सबसे कम कार्बन फुटप्रिंट है। एसआईजी में हम एल्यूमीनियम फॉइल को बाहर निकालते हैं, जो कार्बन फुटप्रिंट को 30 से 40 फीसदी तक कम करने में एक अच्छा योगदान है। इसके साथ ही हमारे पेय पदार्थ के 100 फीसदी कार्टन रीसाइक्लिंग के लिए डिजाइन किए गए हैं।

# बैंक में भी 5 ही दिन होगा काम, कब से लागू होने जा रहा 2 दिन की छुट्टी वाला नियम?

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। बैंक कर्मचारियों की लंबे समय से यह मांग रही है कि उन्हें सप्ताह में केवल 5 दिन काम करने का मौका मिले, जिससे शनिवार और रविवार की छुट्टी मिल सके। देश में कई सारी प्राइवेट कंपनियां अपने यहां 2 दिन की वीकली ऑफ देती हैं। वहां हफ्ते में सिर्फ 5 ही दिन काम करना होता है। अब ऐसा बैंक में भी देखने को मिल सकता है। यह बदलाव सरकारी और प्राइवेट दोनों में एक साथ देखा जा सकता है। इस दिशा में प्रगति होती दिख रही है, क्योंकि भारतीय बैंक परिसंघ और बैंक कर्मचारियों की यूनियनों के बीच इस मांग को लेकर सहमति बन गई है।अब इस फैसले पर सिर्फ सरकार की अंतिम मंजूरी का इंतजार है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार हुआ, तो साल के अंत तक या अगले साल की शुरुआत में बैंक कर्मचारियों को हर शनिवार और रविवार की छुट्टी मिलने की संभावना है। भारतीय बैंक परिसंघ और बैंक कर्मचारियों की यूनियनों के बीच हुए समझौते के तहत, सभी सरकारी और निजी बैंक इस नियम के तहत आएंगे। हालांकि, इसे लागू करने से पहले भारतीय रिजर्व बैंक की अनुमति भी लेनी होगी, क्योंकि आरबीआई बैंकों के कामकाज पर नजर रखता है।यह कदम बैंक कर्मचारियों के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकता है, क्योंकि अभी तक हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को ही छुट्टी दी जाती है। बाकी शनिवार को बैंक सामान्य रूप से खुलते हैं।

# वे 5 गलतियां जो बायजू को पड़ गईं भारी, यूं ही नहीं हुई कंपनी की वैल्यू जीरो

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। बायजू की वैल्यू जीरो यूं ही नहीं हुई है। कंपनी ने पिछले कुछ समय में ऐसे फैसले लिए जो उस पर अब भारी पड़ गए हैं। बायजू पर आज भारी कर्ज है। साथ ही इस कंपनी को रेगुलेटरी जांच से भी गुजरना पड़ रहा है और उनसे अपनी फाइनेंशियल रिपोर्टिंग में देरी की है। इससे कंपनी की वित्तीय हालत और पारदर्शिता पर सवाल खड़े हुए हैं। फिलहाल कंपनी दिवालियापन संकट से जूझ रही है। बायजू ने बड़ी कंपनी बनने के लिए कई कंपनियों का अधिग्रहण किया। कोरोना के समय ऑनलाइन एजुकेशन में बूम आने के कारण कंपनी ने खुद को विस्तार करने की योजना बनाई। ऐसे में इसने व्हाइटहैट जूनियर और ग्रेट लर्निंग जैसी कंपनियों का अधिग्रहण कर लिया। इसमें व्हाइटहैट जूनियर का अधिग्रहण करीब एक बिलियन डॉलर में किया था। इससे बायजू पर 1.2 बिलियन डॉलर से ज्यादा का कर्ज हो गया। यह कंपनी के रेवेन्यू से कहीं ज्यादा था। कोरोना से पहले जहां ऑनलाइन एजुकेशन सेक्टर बूम पर था तो वहीं इसके बाद इसमें तेजी से मंदी आई। इसका कारण था कि स्टूडेंट वापस स्कूल जाने लगे और कोचिंग भी ऑफलाइन मोड में शुरू हो गईं। चूंकि बायजू ऑनलाइन एजुकेशन की सुविधा देती है, ऐसे में इस कंपनी पर भी बुरा




असर पड़ा। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी ने 5592 करोड़ रुपये का घाटा दिखाया। वहीं पिछले वर्ष के दौरान यह घाटा 2428 करोड़ रुपये था। कंपनी पर कर्ज लगातार बढ़ता गया। कोरोना के समय कंपनियों को खरीदने के कारण कंपनी पहले से ही कर्ज में थी। इसके बाद कंपनी ने मार्केटिंग में भी भारी रकम खर्च की। इसके लिए कंपनी ने कई बड़े आयोजन किए और सेलिब्रिटी को भी अपने विज्ञापनों में शामिल किया। इसने इन चीजों से भी कंपनी के कर्ज में इजाफा किया। जब कंपनी पर कर्ज बढ़ गया तो वह उसे चुकाने में नाकाम रहने लगी। इस कारण जो लेनदार थे, उन्होंने कंपनी पर कोर्ट केस दायर करना शुरू कर दिया। यही नहीं, कंपनी के खिलाफ दिवालियापन की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का भी कंपनी से कानूनी विवाद चल रहा है।कंपनी को आंतरिक स्तर पर भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई ऐसे मामले सामने आए जब स्टूडेंट ने शिकायत की कि उन्हें अच्छे से पढ़ाया नहीं जा रहा है।

# दैनिक पंचांग

## ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | तुला | मे | तुला-- | 05-58 बजे |
| चंद्र- | वृष | मे | वृश्चिक- | 08-08 बजे |
| मंगल | कर्क | मे | धनु---- | 10-21 बजे |
| बुध- | तुला | मे | मकर... | 12-27 बजे |
| गुरु- | वृष | मे | कुंभ- | 14-18 बजे |
| शुक्र- | वृश्चिक | मे | मीन- | 15-56 बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | मेष--- | 17-32 बजे |
| राहु- | मीन | मे | वृष--- | 19-17 बजे |
| केतु- | कन्या | मे | मिथुन | 21-18 बजे |
| | | | कर्क--- | 23-29 बजे |
| | | | सिंह--- | 01-42 बजे |
| | | | कन्या--- | 03-49 बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -शरद
महावीर निर्वाण संवत -2550, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 06-14 सूर्यास्त - 17-46
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125
दिशाशूल -- पूर्व - कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- पंचमी 02-29 तक उपरान्त षष्ठी
मास - कार्तिक कृष्ण, सोमवार 21 October
नक्षत्र - रोहिणी 06-50 तक मृगशिरा
योग - वरियान 11-10 तक उप परिघ
करण- कौलव 15-17 तक उप तैतिल
विशेष:-
व्रत -त्योहार - सर्वार्थ अमर्त सिद्धि योग

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 07:39 से 09:06 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 06:14 - 07:39 | शुभ | चंचल | 17:46 - 19:22 | शुभ |
| काल | 07:39 - 09:06 | अशुभ | रोग | 19:22 - 20:55 | अशुभ |
| शुभ. | 09:06 - 10:33 | शुभ | काल. | 20:55 - 22:28 | अशुभ |
| रोग | 10:33 - 12:01 | अशुभ | लाभ | 22:28 - 00:01 | शुभ |
| उत्पात | 12:01 - 13:28 | अशुभ | उत्पात | 00:01 - 01:34 | अशुभ |
| चंचल | 13:28 - 14:55 | शुभ | शुभ | 01:34 - 03:06 | शुभ |
| लाभ | 14:55 - 16:22 | शुभ | अमृत | 03:06 - 04:39 | शुभ |
| अमृत | 16:22 - 17:46 | शुभ | चंचल | 04:39 - 06:14 | शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,
सामान्यत आप काफी स्पष्ट सोच रखते हैं ,लेकिन आज आप अपनी निजी समस्याओं और अपनी असुरक्षाओं से घिरे होने के कारण स्पष्ट नही सोच पायेंगे । इसलिए आज का दिन किसी नए काम को हाथ में लेने या नयी साझेदारी के लिए उपयुक्त नही है । आपके आज के फैसले गलत हो सकते हैं । इसीलिए भविष्य के कार्यक्रमों की योजना आज बनाना सही नही है । आज आराम करें ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आपके विचार उलझे और बिखरे हुए से हैं । आप एक साथ बहुत सारी बातों के बारे में सोच रहे हैं । इसका परिणाम यह होगा की आज कोई भी काम पूरा नही कर पायेंगे । ध्यान को केन्द्रित रखने की जरुरत है । थोडा सा मानसिक अभ्यास करें और दूसरों से सलाह ना लें क्योंकि अलग-अलग सलाह से आप और भी उलझते जायेंगे ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आपकी निजी और कामकाजी जिन्दगी में कुछ बदलाव आने वाले हैं जिनसे आप असुरक्षित और चिंतित महसूस करेंगे । लेकिन इसे अपने ऊपर हावी ना होने दें और संतुलन बनाये रखें । कोई आपसे बदला लेने की कोशिश में है,इससे स्थिति और भी खराब हो सकती है । हर रोज अपने शरीर का ध्यान रखना शुरू करें।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
यह समय दोस्तों के साथ हल्का –फुल्का समय गुजारने के लिए बहुत अच्छा है । कोई पार्टी करें या शाम को मस्ती के साथ गुजरें,आप पार्टी की जान बने रहेंगे । इस दौरान आप किसी ऐसे व्यक्ति से भी मिलेंगे जिसकी रुचियाँ आप जैसी होंगी और वो आप जैसे कार्यकलापों का आनंद लेगा । आपको अपनी क्षमता का अनुभव भी होगा ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
अपनी आँखें खुली रखें ,आज आपकी मुलाकात अपने सपनों के साथी से हो सकती है । प्रेम पाने की सम्भावना आज प्रबल है । हालाँकि अलग से अंदाज के कारण उसे पहचानना मुश्किल हो सकता है । आज आपको किसी अप्रत्याशित व्यक्ति से उपहार भी मिल सकता है । कुल मिलकर आज का दिन आपके लिए घटनाओं से भरा रहेगा ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज का दिन भावनात्मक रहेगा। आपको अपने अंतरतम की भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थति भी आ सकती है आप को इससे थोडा सा डर रहेगा क्योंकि आपने इससे पहले ऐसा कभी नही किया है । लेकिन अगर आप ऐसा करेंगे तो आपको भावनात्मक संतुष्टि मिलेगी । आपका कोई करीबी भी आज भावनाओ में बहकर बात करेगा लेकिन आपको जमीन से जुड़े रहकर उपयुक्त प्रतिक्रिया देनी है ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप पिछले कई दिन से बेचैन और नाखुश सा अनुभव कर रहें हैं लेकिन आज आपका रुख इस समस्या को और अधिक गंभीरता से लेने का है । आपको यह जानना है कि इस समस्या की जड़ क्या है ,आज का दिन इस काम के लिए सबसे बेहतर है । लम्बे समय से उपेक्षित कुछ कामो की योजना बनाने के लिए भी अच्छा दिन है ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आपका झुकाव आज कुछ हद तक आध्यात्मिकता की और रहेगा । आप किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं या किसी तीर्थ की यात्रा कर सकते हैं । प्रेरणात्मक साहित्य पढ़ें या किसी महान नायक की जीवनी पढ़ें,हो सकता है कि इसमें से आपको अपने जीवन के लिए कुछ बहुत अच्छा हासिल हो जाए । किसी गंभीर या कडवी स्थिति से बचने की कोशिश करना ही बेहतर रहेगा । इसके स्थान पर दिमाग को शांत रखकर दिन बिताएं तो राहत महसूस होगी ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आपके सामने नए अवसर प्रस्तुत होने वाले हैं ।आप आज तक अपनी जिस प्रतिभा को केवल हॉबी मानते आये थे,उससे अपनी आजीविका कमा सकते हैं । जीवन के हर क्षेत्र में नए बदलाव होंगे जो आपके जीवन को पूरी तरह बदलकर रख देंगे । आप अपने जीवन से संतुष्ट अनुभव करेंगे ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
किसी भी काम को तुरंत तैयार होकर शुरू करने से पहले गंभीरता से तर्क की कसौटी पर परख लेना ही ठीक होगा ।आपके लिए कल्पनात्मक सा समय है । इसीलिए रोमांस का आनंद लें । रोमांस में कल्पना लाने से आपके लिए अच्छा होगा लेकिन अगर आप ऑफिस में भी यही करने की कोशिश करेंगे तो परिणाम अच्छे नही होंगे ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आप किसी भी ,अच्छे-बुरे तरीके से अपना लक्ष्य पा लेने के मूड में हैं । काफी समय तक हाशिये पर रहने के बाद आपको आज अपने ग्रहों की बदौलत काफी आत्मविश्वास का अनुभव होगा । आप अपनी मानसिक प्रवृति के आधार पर फैसले ले सकते हैं,यकीन मानिए वे सही ही साबित होंगें ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आप आज किसी अपराजेय शक्तिपुंज के समान महसूस करेंगे और किसी भी विरोध पर आसानी से विजय हासिल कर लेंगे । आज का दिन उस काम को करने का बहुत अच्छा दिन है जो आप काफी समय से करने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि आज आपको कोई नही रोक सकता । आज का दिन अपने सबसे महत्वपूर्ण काम करें,सफलता आपके कदम चूमेगी ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# रिया-एल्विश के ऐड देख एप डाउनलोड किया जो फ्रॉड निकला

## 30 हजार लोगों के 500 करोड़ फंसे

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एक्सक्लूसिव डेस्क)। फरीदाबाद की रहने वाली आरती (बदला हुआ नाम) अकाउंटेंट की नौकरी करती हैं। साथ में बच्चों को कोचिंग भी पढ़ाती हैं। आरती को यूट्यूबर अभिषेक मल्हान और कॉमेडियन भारती सिंह पसंद हैं। वो उनके सारे वीडियोज देखती हैं।

22 मार्च, 2024 को यूट्यूब पर उनकी नजर अभिषेक मल्हान के ब्लॉग पर पड़ी, जिसमें वो HIBOX एप का प्रचार कर रहे थे। अपने पसंदीदा इंफ्लुएंसर की बातों से प्रभावित होकर आरती ने एप डाउनलोड किया। उन्होंने 300 रुपए वाला मिस्ट्री बॉक्स खोला और ये बॉक्स 1% प्रॉफिट पर एप पर ही रिसेल कर दिया।

आरती ने कुछ महीनों में ढेर सारे मिस्ट्री बॉक्स खोले। उन्होंने अपने ही नहीं, अपनी बहन के भी बैंक अकाउंट से पैसे लगाए। करीब 14 लाख रुपए लगा चुकीं आरती अब परेशान हैं। एप बंद होने से पहले तक वो सिर्फ 6 लाख रुपए ही निकाल पाई थीं, बाकी पैसा अब भी एप के वॉलेट में ही है। ये पैसा उनकी कई साल की मेहनत की कमाई थी। इस धोखाधड़ी का शिकार सिर्फ आरती ही नहीं हुईं। ऐसे 30 हजार से ज्यादा लोग हैं, जो अच्छे रिटर्न के दावों में फंसकर अच्छा-खासा पैसा फंसा चुके हैं। भारती, रिया चक्रवर्ती, हर्ष, तेजस्वी और एल्विश यादव जैसे इंफ्लुएंसर ने इसका प्रमोशन किया। इससे एप पर लोगों का भरोसा बढ़ा। पुलिस इन्हें पूछताछ के लिए समन भेज चुकी है।

HIBOX एप के जरिए करीब 500 करोड़ रुपए का स्कैम सामने आया है। केस की जांच दिल्ली पुलिस की IFSO यूनिट कर रही है। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल यानी NCRP पर भी इससे जुड़े करीब 500 मामले लिंक किए गए हैं।

बिहार के नालंदा के रहने वाले अमित कुमार की कहानी भी आरती के जैसी ही है। वो यूट्यूबर दिलराज सिंह रावत (Mr. Indian Hacker) को बड़ा भाई मानते हैं। अमित उनका एक भी वीडियो मिस नहीं करते। दिलराज ने HIBOX एप का प्रमोशन किया तो अमित ने भी एप डाउनलोड कर लिया। वो एप पर मिस्ट्री बॉक्स खरीदते गए और घर बनवाने के लिए रखे मां-बाप के 3 लाख रुपए लगा दिए। अब एप बंद हो चुका है। साथ में अमित के पैसे भी फंस चुके हैं। समस्तीपुर के राहुल, सुशील और प्रवीण का नाम भी इसी लिस्ट में है। उनके भी 50 हजार रुपए से ज्यादा डूब गए। उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दी है।

नोएडा के पास हापुड़ के रहने वाले हर्ष चौहान ने भी HIBOX में डेढ़ लाख रुपए लगाए थे। पैसे वापस नहीं मिले तो साइबर सेल में शिकायत की। दिल्ली के रहने वाले वीरेंद्र कुमार और उनके 2 बेटों ने HIBOX पर सवा 3 लाख रुपए लगाए, एप बंद हुआ तो साइबर थाने में शिकायत दी।




स्कैम का शिकार हुए लोगों ने बताया कि जुलाई के पहले हफ्ते से एप से लोगों को पैसे निकालने में दिक्कत हो रही थी। कंपनी ने टेक्निकल ग्लिच, टीडीएस और तमाम दूसरे बहाने बनाए। अगस्त की शुरुआत में ही कंपनी ने पैसे देने बंद कर दिए। इसके बाद कंपनी के नोएडा ऑफिस के पूरे स्टाफ ने रिजाइन कर दिया।

पेमेंट गेटवे बंद होने के बाद HIBOX को एंड्रॉयड और एपल प्ले स्टोर से हटा दिया गया। एप में जिन्होंने पैसा लगाया, वो अब लॉगिन भी नहीं कर पा रहे। गूगल प्ले स्टोर पर इस एप के 1 मिलियन से ज्यादा डाउनलोड्स थे। HIBOX एपल प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध था।

पिछले साल अगस्त में लॉन्च होने के बाद यूजर्स ने करीब 6 हजार करोड़ रुपए के मिस्ट्री बॉक्स खरीदे थे। स्कैम में पुलिस ने चेन्नई से एक आरोपी जे. शिवराम को अरेस्ट किया है। उसके खातों में रखे 18 करोड़ रुपए जब्त कर लिए हैं।

एप से विड्रॉल बंद हुए तो लोगों ने कंपनी के कर्मचारियों पर भड़ास निकालनी शुरू कर दी। इस पर नोएडा के 35 कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया। उन्होंने भारत में HIBOX का काम देख रहे जे. शिवराम, ऐके फिलिप और लिन्ह डैन के खिलाफ साइबर और ईडी को शिकायत दी।

IFSO के DCP हेमंत तिवारी के मुताबिक, Easebuzz और PhonePe ने बिना वेरिफाई किए किसी और के साइन पर गेटवे खोल दिया। RBI के नियमों को दरकिनार किया गया, इसलिए उनसे भी जवाब मांगा गया है।

HIBOX का दावा है कि उसका हेडक्वार्टर लंदन में है और कंपनी में 1 हजार से ज्यादा लोग काम करते हैं। एप के मुताबिक, 2023 में वियतनाम में ब्रांच खोलने के बाद कंपनी ने भारत, इंडोनेशिया और फिलिपींस में ब्रांच खोली। भारत में एप लॉन्च करने से पहले कई नेशनल और इंटरनेशनल मीडिया आउटलेट्स में HIBOX और उसके COO मालेक सलाह को लेकर पेड आर्टिकल्स छपवाए गए। ये दिखाने की कोशिश की गई कि HIBOX बहुत यूनीक और इनोवेटिव आइडिया है, जो लोगों के शॉपिंग एक्सपीरियंस को बदल देगा। HIBOX ने चेन्नई के रहने वाले जे. शिवराम की वन पर्सन कंपनी सत्रुल्ला एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर अगस्त, 2023 में भारत में एप लॉन्च किया। लॉन्चिंग के पेड आर्टिकल्स भी प्रतिष्ठित मीडिया आउटलेट्स में पब्लिश कराए गए।

कंपनी ने 12 हजार ऑटो रिक्शा और 1000 डीटीसी बसों पर विज्ञापन छपवाए। स्पाइस जेट के साथ टाईअप करने उनकी इन फ्लाइट मैगजीन में जगह ली। मॉल्स और सड़कों पर बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाकर प्रचार किया। नोएडा ऑफिस में कई कंटेंट क्रिएटर्स रखे, जो लगातार सोशल मीडिया पर एप के बारे में बताते रहे।

रिया चक्रवर्ती, एल्विश यादव, भारती सिंह, हर्ष लिंबाचिया, सौरव जोशी और अभिषेक मल्हान (फुकरा इंसान) जैसे सेलिब्रिटी ने इस एप को प्रमोट किया। इसके अलावा पूरब झा, लक्ष्य चौधरी, आदर्श सिंह, अमित शर्मा और दिलराज सिंह रावत जैसे कई यूट्यूबर्स भी थे।

नोटिस दिए जाने के बावजूद सेलिब्रिटीज और यूट्यूबर्स पुलिस की पूछताछ में शामिल होने नहीं पहुंचे। एल्विश यादव समेत दो लोगों ने लिखित जवाब भिजवाया है। एल्विश ने HIBOX के प्रमोशन के लिए करीब 24 लाख रुपए लेने की बात कबूली है। पुलिस इन सभी से पैसों के लेनदेन की पूरी डिटेल लेगी। इसके साथ ही इस फर्जीवाड़े में उनकी भूमिका की भी जांच करेगी।

असल में HIBOX ई-कॉमर्स एप नहीं था। एप पर 300 से लेकर 1 लाख तक के मिस्ट्री बॉक्स खरीदने पर उससे ज्यादा कीमत के आइटम निकलने का दावा किया जाता था। सच्चाई ये है कि सारे आइटम ओवर प्राइस करके दिखाए जाते थे। एप 30% से 90% तक महीना और 365% सालाना रिटर्न का दावा करता था।

अगर एप के सभी एडवर्टाइजमेंट और प्रमोशन को देखें तो वो मिस्ट्री बॉक्स खरीदकर एप पर ही बेचने का बढ़ावा देते थे। एप का नाम 'HIBOX: Resell & Earn, 100% Win' था। एप का पूरा फोकस अपने यूजर्स को विन, रिसेल, रिवॉर्ड्स और अर्निंग्स पर रखने का था। लोग रिटर्न की उम्मीद में खूब पैसे लगा रहे थे।

एप लोगों को पैसे कमाने के कई लालच देता था। मल्टी लेवल मार्केटिंग के तर्ज पर यूजर्स को अपनी फैमिली और दोस्तों को भी जोड़ने के लिए कहा जाता था। बदले में यूजर्स को रिवॉर्ड पॉइंट्स दिए जाते थे। इनके भी कई लेवल बनाए गए थे।

भारत में HIBOX एप लॉन्च होने के बाद से ही बड़े स्कैम की फिराक में था। एप के दावों से इतर उसका कोई रेवेन्यू मॉडल नहीं दिखता था। वो पूरी तरह से नए यूजर्स के डिपॉजिट्स और पुराने यूजर्स के रिइन्वेस्टमेंट पर निर्भर था। मनी सर्कुलेशन वाली इस पॉन्जी स्कीम को लेकर दिल्ली पुलिस में हमारे सोर्सेज ने बताया कि एप स्कैम का लेवल बड़ा करने वाला था। इसका अंदाजा एप के एनिवर्सरी मिस्ट्री बॉक्सेज पर मिलने वाले रिटर्न परसेंट को देखकर लगाया जा सकता है।

ऐसे में एप स्टोर्स की भूमिका को लेकर साइबर लॉ एक्सपर्ट कर्णिका सेठ और पवन दुग्गल से भी बात की। कर्णिका कहती हैं, 'ये एप स्टोर्स की जिम्मेदारी है कि वो एप्स के बैकग्राउंड की जांच-पड़ताल करें। आईटी एक्ट के तहत किसी भी एप को ऑनबोर्ड करने से पहले ड्यू डिलिजेंस (स्वैच्छिक जांच) करना जरूरी है।' इस तरह के फर्जी एप को सरकार क्यों नहीं रोक पाती? इसके जवाब में साइबर एक्सपर्ट पवन दुग्गल कहते हैं, 'ऐसे एप्स को मॉनिटर करने के लिए फिलहाल कोई प्रोग्राम नजर नहीं आता। सरकार चाहे तो एप स्टोर्स पर कार्रवाई कर सकती है।'

HIBOX एप को प्रमोट करने वाले सेलिब्रिटीज और इंफ्लुएंसर्स ने अपने सारे वीडियो या तो डिलीट कर दिए हैं या प्राइवेट कर दिए हैं, लेकिन एप में पैसा गंवाने वाले ज्यादातर यूजर्स इनसे प्रभावित होकर ही आए थे। ऐसे में इन इंफ्लुएंसर्स की क्या जिम्मेदारी बनती है, क्या इन पर भी कानूनी कार्रवाई हो सकती है? जाहिर है जब कोई सेलिब्रिटी आपको एडवाइस दे रहा है तो एक तरह से वो ब्रांड एंबेसडर बनकर उस प्रोडक्ट को प्रमोट कर रहा है। अगर जांच में ये बात सामने आती है कि उन्हें पहले से पता था कि ये एप फ्रॉड करेगा तो उन पर क्रिमिनल कॉन्स्पिरेसी और फ्रॉड का केस चलेगा।' 'वरना कंज्यूमर कोर्ट में उनके खिलाफ डेफिशिएंसी ऑफ सर्विस, अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस और बिना रिसर्च गलत जानकारी देने के लिए केस फाइल किया जाना चाहिए। इनसे सारे नुकसान के क्लेम करने चाहिए कि यही हमारा पैसा रिकवर करके दें। इनसे मानसिक पीड़ा, उत्पीड़न और पेमेंट में हुई देरी के लिए डैमेजेज क्लेम कर सकते हैं।'

# डॉ. रमन सिंह बोले- राहुल गांधी को राजनीति का एबीसीडी मालूम नहीं है

## जो लिखकर दिए वही पढ़ देते हैं





रायपुर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को राजनीति का एबीसीडी मालूम नहीं है। उनको जो लिखकर देते हैं, वह पढ़ देते हैं। दरअसल, रांची में 'संविधान सम्मान सम्मेलन' में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई मुद्दों पर बीजेपी को घेरने का प्रयास किया। कांग्रेस नेता राहुल ने कहा कि आदिवासी देश के पहले मालिक थे, भाजपा इन्हें वनवासी कहती है। इस बयान को लेकर डॉ. रमन सिंह ने पलटवार किया है।

रांची में 'संविधान सम्मान सम्मेलन' में दिए गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को लेकर डॉ. रमन सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी के पास जवाब है क्या अबूझमाड़ को अबूझमाड़ किसने बनाया है। अबूझमाड़ को सभ्यता के दौड़ से अलग करने का काम कांग्रेस ने किया है। कांग्रेस ने 50 सालों तक छत्तीसगढ़ के कई भू-भाग सड़क, पानी बिजली जैसे कई सुविधाओं से उपेक्षित रखा। टोडरमल के बाद अंग्रेजों के ज़माने में सर्वे नहीं हुआ, अब भाजपा की सरकार आने के बाद सर्वे हो रहा है। उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राहुल गांधी को राजनीति का एबीसीडी मालूम नहीं है, उनको जो लिखकर देते हैं, वह पढ़ देते हैं।

दूसरी ओर नारायणपुर आईईडी विस्फोट में दो जवान बलिदान होने पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया गया है और हमें काफी सफलता मिल रही है, क्योंकि बड़ी संख्या में नक्सलियों का सफाया हो रहा है। यह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राज्य सरकार की छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से मुक्त करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इसके साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ में विधानसभा उपचुनाव पर उन्होंने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से जनता बड़ी संख्या में भाजपा उम्मीदवार को वोट देगी। उन्होंने कहा कि सुनील सोनी ने रिकॉर्ड मतों से सांसद का चुनाव जीता था और अब वह रिकॉर्ड वोटों से चुनाव जीतने वाला विधायक बनेंगे। कांग्रेस कोई भी प्रत्याशी को टिकट दे फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा की जनता सुनील सोनी को प्रचंड मतों से जीतने जा रही है।

# पैदल और साइकिल से चुनाव प्रचार करते थे रामटहल चौधरी



रांची, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। रांची के पूर्व सांसद व कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक रहे रामटहल चौधरी ने 1967 में पहला विधानसभा चुनाव लड़ा था. उन्होंने मुखिया से लेकर सांसद तक का सफर तय किया. कांके विधानसभा क्षेत्र से वे दो बार विधायक व रांची लोकसभा सीट से पांच बार सांसद चुने गये. श्री चौधरी ने बताया कि जब वे पहली बार कांके विधानसभा से चुनाव लड़े थे, तो लगभग पांच से सात हजार रुपये खर्च हुए थे. श्री चौधरी ने बताया चुनाव प्रचार पैदल व साइकिल से करते थे. एक दिन में अधिकतम 40 से 50 किलोमीटर क्षेत्र का दौरा करते थे. चुनाव में कार्यकर्ता ही सभी जिम्मेदारी संभालते थे. लोग यह आश्वासन देते थे इस इलाके की जिम्मेदारी उन पर है. उस क्षेत्र में आने वाले सभी मतदान केंद्रों की जिम्मेदारी व एजेंट से लेकर उसके खाने तक का खर्च कार्यकर्ता ही उठाते थे. उन्होंने बताया एक बार चुनाव में प्रचार के लिए वे साइकिल रैली निकाले थे. रैली में लगभग 400 साइकिल सवार शामिल हुए थे.

**हो गई थी जमानत जब्त**

बता दें कि रामटहल चौधरी 1967 में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़े थे. 1969 से 71 और 1972 से 1977 तक बिहार विधानसभा के लिए चुने गए. फिर वे 1977 से 1996 तक ओरमांझी के ग्राम पंचायत के मुखिया रहे. रामटहल चौधरी 1988 में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बने. 1991 और 1996 में वे दो बार लोकसभा के सांसद बने. फिर वे 1988 और 1999 में लोकसभा के लिए चुने गए. 2014 में वे फिर से लोकसभा के लिए चुने गए. हलांकि 2019 लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने चौधरी का टिकट काट कर संजय सेठ को दे दिया था, जिसके बाद उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा, हालांकि कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाए और उनकी जमानत जब्त हो गई थी.

## विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी को लगा एक और झटका

# दिग्गज नेता गणेश महली ने छोड़ी पार्टी



रांची, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही भाजपा में भगदड़ मच गयी है. पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं ने एक-एक कर पार्टी छोड़नी शुरू कर दी है. अब सरायकेला विधानसभा से बीजेपी के पूर्व प्रत्याशी सह एसटी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महली ने अपना इस्तीफा दे दिया है. चर्चा है कि अब वे सरायकेला से झामुमो के प्रत्याशी होंगे. पार्टी छोड़ने के बाद उन्होंने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि अब बीजेपी पहले की तरह नहीं रही. इससे पहले पोटका विधानसभा से पूर्व विधायक मेनका सरदार ने भी बीजेपी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था.

**गणेश महली बोले- दुखी मन से दे रहा हूं इस्तीफा**

इस्तीफा देने के बाद गणेश महली ने कहा कि बीजेपी अब पहले जैसी नहीं रही. मैं दुखी होकर त्याग पत्र दे रहा हूं. प्रत्याशियों की घोषणा होने के बाद से ही उन्होंने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया था. उन्होंने चंपाई सोरेन पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा था कि वे दिल्ली जाकर उनकी राह में रोड़ा डालने का काम किया. हमें राजनीति से आउट करना चाहते थे. इसका परिणाम आने वाले दिनों में जरूर दिखेगा.

**मेनका सरदार ने भी पार्टी से दे दिया था इस्तीफा**

इससे पहले पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार ने भी बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था. बता दें कि साल 2019 के चुनाव में वे झामुमो के संजीव सरदार से चुनाव हार गयी थी. कुछ दिन पहले ही जमुआ से वर्तमान विधायक केदार हाजरा ने भी बीजेपी का दामन छोड़ झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर ली थी. उनके साथ आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष उमकांत रजक ने भी झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ली थी.

# इंडियन बैंक के एटीएम को लूटने का प्रयास, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

बेमेतरा, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। बेमेतरा शहर के इंडियन बैंक एटीएम को लूटने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खासबात यह है कि बैंक के ब्रांच मैनेजर को एटीएम निगरानी सेंटर से कल रात करीब 2.05 फोन कर बताया गया कि एटीएम मशीन में छेड़छाड़ किया जा रहा है। इसके बाद ब्रांच मैनेजर तत्काल एटीएम के पास गए, जहां एटीएम के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा था। ब्रांच मैनेजर हामिद अहमद ने बताया कि एटीएम में लगे शटर बंद था। एटीएम के अंदर से तोड़-फोड़ की आवाज आ रही थी। उन्होंने एटीएम के लोहे के शटर को बाहर से बंद कर दिया। उसी समय पुलिस की टीम आई,जिनके सहयोग से एटीएम के दरवाजा खोले तो एटीएम के अंदर एक व्यक्ति था, जो जैकेट पहना हुआ व सिर में हेलमेट लगाया था। चेहरा को लाल रंग के कपड़ा से ढका हुआ था। ये अपने साथ एक थैला में पेंचिस, कटर व साथ में लोहे का सब्बल रखा हुआ था। इससे नाम पूछने पर अपना नाम राजू सिंह राजपूत पिता पंचराम राजपूत उम्र 39निवासी कुर्मीपारा बेमेतरा का बताया। साथ ही स्कूटी क्रमांक सीजी 10 एआर-5711 ये यहां आकर एटीएम में चोरी करने की बात कही। एटीएम मशीन के ऊपर भाग को तोड़कर निकाल दिया था। मशीन में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया गया है। एटीएम में लाखों रुपए था।

## झाड़ियों से मिली थी एक साल पहले नवजात बच्ची

# अमेरिका के दंपती ने लिया गोद

धनबाद, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के धनबाद से एक दिल छू लेने वाली खबर सामने आई है। एक साल पहले जो बच्ची गोविंदपुर में झाड़ियों से मिली थी, अब उसे अमेरिका के दंपती ने गोद लिया है। जब बच्ची मिली थी, तब किसी को कहां पता था कि जिस मां ने चाहे जिस मजबूरी में अपनी बच्ची को झाडियों में मरने को फेंक दिया, एक दिन उसे जीवन मिलेगा और अमेरिका जैसे देश में जाकर वह बसेगी।15 महीने की बच्ची को जब पिता ने हाथ में उठाया तो वह भावुक हो गए। बच्ची को सबसे पहले झांडियों में गोविंदपुर के ही रहने वाले एक शख्स ने देखा था। उस समय नवजात की स्थिति काफी खराब थी। व्यक्ति ने तत्काल उसे असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया। सीडब्ल्यूसी और डीसीपीओ को जानकारी मिलने के बाद बच्ची को अपनी कस्टडी में लेकर इलाज कराया गया। स्वस्थ होने के बाद बच्ची को सरायढेला स्थित एसएए (स्पेशलाइज्ड एडॉप्शन एजेंसी) में रखा गया। वहां एक साल तक बच्ची को देखरेख हुई।

बच्ची को गोद लेने वाला दंपती अमेरिका के अरिजोना का रहने वाला है। टॉड बैंक बड़े कारोबारी हैं, जबकि उनकी पत्नी एरिजोना के ही यूनिवसिर्टी में प्रोफेसर हैं। शुक्रवार को सीडब्ल्यूसी में बच्ची को लेने के लिए गोद लेने वाले टॉड, उनकी बहन और दो पड़ोसी पहुंचे थे। पत्नी गर्भवती होने के कारण भारत नहीं आ सकीं। वीजा जारी होने के बाद बच्ची को लेकर अमेरिका रवाना हो जाएंगे।

बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के जिला अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने कहा कि अमेरिकी दंपती ने केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) के माध्यम से बच्ची को गोद लिया है।

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी बताते हैं कि बच्ची इतनी खुशकिस्मत और लक्ष्मी है कि पहले उसे झाड़ियों से बड़ा अस्पताल नसीब हुआ। इसके बाद सरकारी एजेंसी। एक साल के अंदर ही बच्ची को अमेरिका के दंपती ने गोद ले ली। इतना नहीं नहीं, गोद लेने वाला अमेरिकी दंपती वर्षों से निसंतान था। इसके बाद ही गोद लेने का मन बनाया, लेकिन जैसे ही गोद लेने की प्रक्रिया में शामिल हुआ और इस बच्ची से मिलान हुआ, वैसे ही गोद लेने वाली मां गर्भवती हो गई। धनबाद पहुंचे पिता ने बताया कि वह छह माह की गर्भ से है, इसलिए भारत नहीं आ पाई। गभर्वती होने के बाद भारत की एजेंसी ने उनसे पूछा कि क्या अब भी गोद लेना चाहते हैं, इस पर उनकी पत्नी ने कहा कि इस बच्ची के जीवन में आते ही उजाला आ गया, इसलिए इसका साथ कभी नहीं छोड़ेंगे।

लड़की को कारा के एक अधिकारी, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष मुखर्जी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी साधना कुमारी और कारा के परियोजना अधिकारी नीरज डे एवं अन्य की मौजूदगी में अमेरिका निवासी को सौंपा गया।

बच्चे को गोद लेने के लिए इच्छुक लोगों को सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स एथोरिटी में ऑनलाइन आवेदन करना होता है। यहां आवेदक का वैरिफिकेशन होता है। आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक पृष्ठभूमी की जांच की जाती है। यहां कई आवेदनों में से एक बेहतर आवेदन का चयन किया जाता है। इसके बाद बच्चे को उक्त दंपति को गोद दी जाती है।

इसके बाद भी सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स एथोरिटी (कारा) लगातार परिजन का रवैया और बच्चे की निगरानी करती है।

# महिला और दो युवतियों को अज्ञात वाहन ने कुचला, चालक हुआ फरार

सक्ति, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। सक्ति जिले के ग्राम मुक्ताराज नेशनल हाइवे 49 में तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन चालक ने दो युवती और एक महिला को ठोकर मारते हुए कुचला है। जिनकी मौके पर ही मौत हुई है,वही चालक वाहन को लेकर फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना बाराद्वार थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतिका बिंदिया बरेठ उम्र 21 वर्ष अपनी भाभी आकांक्षा बरेठ 22 वर्ष और सलहेली सीमा भैना 22 वर्ष जोकि तीनों आरक्षक भर्ती के लिए हर रोज सुबह दौड़ने के लिए गए हुए थे। आज रविवार की सुबह करीबन 5 बजे दौड़ने के बाद पैदल चल रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से तीनो को ठोकर मारी और कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। तीनो का शव सड़क किनारे पड़ा रहा घटना की जानकारी मिलने पर परिजन पहुंचे जहां रो-रोकर बुरा हाल है।

बाराद्वार पुलिस भी मौके पर पहुंची और तीनो के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। वही अज्ञात ट्रेलर वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच पड़ताल की जा रही है चालक और वाहन की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# अंधविश्वास में ली जान: तंत्र-मंत्र के चक्कर में कर दी दो बेटों की हत्या, मां, दो बेटी और एक बेटा गिरफ्तार

सक्ति, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। सक्ति जिले के ग्राम तांदुलडीह गांव में हुई दो भाइयों की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने खुलासे किया है। इसमें मृतकों की मां, एक बेटे और दो बहनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर के अंश मिले हैं। मामला हत्या का होने पर अपराध दर्ज कर सभी को गिरफ्तार किया गया है। एसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि यह घटना अंधविश्वास और तंत्र साधना से जुड़ी है। इसमें दोनों भाइयों को जानबूझकर मौत के घाट उतारा गया। मृतकों के ही परिवार के चार सदस्यों को आरोपी पाया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतकों की मां फिरीत बाई, बहन चंद्रिका, अमेरिका और भाई विकास ने इस कृत्य को अंजाम दिया। पुलिस ने चारों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। जांच में यह भी पाया गया कि दोनों भाइयों के शरीर में जहर के अंश थे और उनकी मौत दम घुटने से हुई। स्थानीय लोग इस घटना को लेकर सदमे में हैं, क्योंकि तंत्र साधना के नाम पर परिवार के ही सदस्यों द्वारा अपने भाइयों की हत्या की बात सामने आई है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। सभी आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य एकत्र किए गए हैं और उन्हें कड़ी सजा दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। एसपी अंकिता शर्मा ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि इस प्रकार के अंधविश्वास और तंत्र साधना से जुड़ी गतिविधियां न करें, यदि आसपास की किसी जगह पर ऐसी क्रियाएं हों तो पुलिस को सूचना दें, ताकि अंधविश्वास, तंत्र-मंत्र पर रोक लगाई जा सके।

# दो साल की बच्ची संग दुष्कर्म कर दरिंदों ने झाड़ियों में फेंका

## खून से लथपथ मिली मासूम




जांजगीर चांपा, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में दो साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पीड़ित बच्ची खून से लथपथ घायल अवस्था में झाड़ियों में मिली है। उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी अनुसार, बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान उसे कोई अज्ञात व्यक्ति ले गया और उसके साथ दुष्कर्म कर झाड़ियों में फेंक दिया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। इसके बाद उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां बच्ची का उपचार जारी है।

सिटी कोतवाली थाने में परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है।


एएसपी राजेंद्र जायसवाल और थाना प्रभारी प्रवीण द्वेदी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। वहीं, कुछ संदेहियों को पकड़कर पूछताछ की जा रही है।

# ओबामा ने कहा- कमला हैरिस राष्ट्रपति बनने के लिए पूरी तरह तैयार; ट्रंप पर बोला हमला

वॉशिंगटन, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को अब एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में इन आखिरी हफ्तों में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन उम्मीदवार यानी कमला हैरिस तथा डोनाल्ड ट्रंप चुनावी तैयारी में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। जैसे-जैसे इस साल के राष्ट्रपति पद के चुनाव पास आ रहे वैसे-वैसे लोगल खुलकर समर्थन कर रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने लास वेगास में हैरिस का जमकर समर्थन किया। साथ ही ट्रंप पर निशाना साधा। उन्होंने हैरिस की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह जरूरतमंदों की हितकारी हैं, जो दे को आकार देने वाले मूल्यों के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं।

**'अमेरिका पन्ने पलटने के लिए तैयार'**

बराक ओबामा ने यह भी कहा कि अमेरिकियों के पास नेताओं की नई पीढ़ी चुनकर देश के भविष्य को आकार देने का अवसर है, जो बेहतर, मजबूत, निष्पक्ष और अधिक समान अमेरिका बनाने में मदद करेगा। उन्होंने रैली में कहा, 'अमेरिका पन्ने पलटने के लिए तैयार है। हम राष्ट्रपति कमला हैरिस के लिए तैयार हैं। अच्छी खबर यह है कि हैरिस इस पद के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह एक ऐसी नेता हैं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन उन लोगों की ओर से लड़ने में बिताया, जिन्हें एक चैंपियन की जरूरत है। कोई ऐसा व्यक्ति जो इस देश के निर्माण के मूल्यों में





विश्वास रखता हो। साथ ही वह इस पद के लिए उतनी ही तैयार हैं जितनी कि राष्ट्रपति पद के लिए कोई भी उम्मीदवार रहा है। व्हाइट हाउस में एक बेहतरीन साथी गवर्नर टिम वाल्ट्ज उनके साथ होंगे।'

**आप मेल या व्यक्तिगत रूप से करें मतदान: ओबामा**

उन्होंने आगे कहा, 'यहां नेवादा में मतदान पहले ही शुरू हो चुका है। आप मेल या व्यक्तिगत रूप से जल्दी मतदान कर सकते हैं। अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों को मतदान की योजना बनाने में मदद करें क्योंकि साथ मिलकर, हमारे पास इस देश में नेतृत्व की नई पीढ़ी को चुनने और एक बेहतर, मजबूत, निष्पक्ष, अधिक समान, अधिक आशावादी अमेरिका का निर्माण शुरू करने का मौका है।'

**'कई मुद्दों से जूझ रहा देश'**

पूर्व राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अमेरिका महामारी जैसे मुद्दों से जूझ रहा है। इससे कीमतें बढ़ रही हैं और परिवार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि यह चुनाव टक्कर का होने जा रहा है क्योंकि बहुत सारे लोग अभी भी संघर्ष कर रहे हैं। एक देश के रूप में, हम इन पिछले कुछ वर्षों में बहुत कुछ कर चुके हैं। हमने एक महामारी देखी, जिसने व्यवसायों और समुदायों पर कहर बरपाया और फिर महामारी से व्यवधानों के कारण मूल्य वृद्धि हुई और इसने परिवार के बजट पर दबाव डाला। इसलिए मुझे लगता है कि लोग चीजों को क्यों बदल रहे हैं। यह समझ में आता है। मैं इसे समझता हूं। जो बात मैं नहीं समझ पा रहा हूं वह यह है कि कोई यह क्यों सोचेगा कि डोनाल्ड ट्रंप चीजों को इस तरह से बदल देंगे जो लोगों के लिए अच्छा होगा क्योंकि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि यह व्यक्ति खुद के अलावा किसी और के बारे में सोचता है।'

डोनाल्ड ट्रंप पर जोरदार हमला हैरिस के प्रतिद्वंद्वी और रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की आलोचना करते हुए ओबामा ने कहा, 'मैंने पहले भी कहा है और मैं इसे फिर से कहने जा रहा हूं, डोनाल्ड ट्रंप एक 78 वर्षीय अरबपति हैं जिन्होंने नौ साल पहले उस सुनहरे पद से उतरने के बाद से अपनी समस्या के बारे में रोना बंद नहीं किया है। वह लगातार शिकायत कर रहे हैं, और जब वह शिकायत नहीं कर रहे होते हैं, तो वह आपको सामान बेचने की कोशिश कर रहे होते हैं। वह आपको ट्रंप बाइबिल बेचने की कोशिश कर रहे होते हैं।'

**चीन में बनाई जा रही बाइबिलः पूर्व राष्ट्रपति ओबामा**

उन्होंने आगे कहा, 'मैं आपको एक अनुमान दूंगा कि वे बाइबिल कहां बनाई जाती हैं चीन में। यह चीन के मामले में मिस्टर टफ गाइ है, सिवाय इसके कि जब वह कुछ पैसे कमा सकते हैं। वह ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उन्हें सिर्फ अपने अहंकार, पैसे और अपनी हैसियत की परवाह है। वह आपके बारे में नहीं सोच रहे हैं। वह सत्ता को अपने लक्ष्यों को पूरा करने के साधन से ज्यादा कुछ नहीं मानते। वह चाहते हैं कि मध्यम वर्ग एक और बड़ी कर कटौती की कीमत चुकाए, जिससे अधिकतर उन्हें और उनके कंट्री क्लब के दोस्तों को मदद मिले।'

ओबामा ने इस बात पर जोर दिया कि ट्रंप की रणनीति अमेरिकियों को यह विश्वास दिलाना है कि देश बुरी तरह से बंटा हुआ है। इससे यह लोग हमारे खिलाफ खड़े हो जाएं। साथ ही ऐसे देशवासी जो उनका समर्थन करते हैं, उन्हें उन लोगों के खिलाफ खड़ा किया जा रहा है जो उनका समर्थन नहीं करते हैं।

# भारत से टकराव के बाद बढ़ रहीं मालदीव की मुश्किलें

## दिल्ली से मदद मिलने के बावजूद गहराया आर्थिक संकट

माले, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। मालदीव में आर्थिक संकट लगातार गहराता जा रहा है। दरअसल, अपनी मुद्रा की लगातार बदल रही स्थिति और पर्यटकों की कमी के चलते देश में विदेशी मुद्रा की भारी कमी पैदा हो गई है। ऐसे में मालदीव ने अब विदेशी मुद्रा को लेकर नए नियम तैयार किए हैं। इसके तहत अब देश में विदेशी मुद्रा के जरिए लेनदेन के तरीकों को सीमित किया जाएगा। साथ ही पर्यटन संस्थाओं और बैंकों में विदेशी मुद्रा विनिमय नियंत्रण अनिवार्य रूप से लागू किया जा रहा है।

गौरतलब है कि मालदीव की अर्थव्यवस्था बीते कुछ दिनों में नकारात्मक रूप से प्रभावित हुई है। खासकर भारत से टकराव के कारण मालदीव की आर्थिक



स्थिति को तगड़ा झटका लगा है। दरअसल, मालदीव से 'भारत को बाहर करने की नीति' (इंडिया आउट कैंपेन) चलाकर सत्ता में आए मोहम्मद मुइज्जु की सरकार की नीतियों के चलते भारतीय पर्यटकों के मालदीव जाने में भारी कमी आई है। देश की अर्थव्यवस्था के लिए सबसे जरूरी पर्यटन सेक्टर पर प्रभाव पड़ने की वजह से इस द्वीप देश की आर्थिक स्थिति भी बिगड़ी है।

बीते महीने ही मालदीव पर इस्लामिक बॉन्ड के भुगतान में देरी के कारण डिफॉल्टर होने का खतरा पैदा हो गया था। हालांकि, भारत की तरफ से ब्याज रहित 5 करोड़ डॉलर के कर्ज के चलते मालदीव इस संकट से निकलने में सफल हुआ था।

हालांकि, लगातार घटते विदेशी मुद्रा भंडार के चलते मालदीव का आयात खर्च काफी ज्यादा हुआ है। ऐसे में मालदीव के केंद्रीय बैंक और मालदीव के मौद्रिक प्राधिकरण (एमएमए) ने 1 अक्टूबर को कुछ नए विनिमय लागू किए हैं। इसके तहत पर्यटन उद्योग द्वारा विदेशी मुद्रा के जरिए जुटाई गई राशि को स्थानीय बैंकों में जमा कराना जरूरी है।


मालदीव के मौद्रिक प्राधिकरण, जिसने अगस्त में ही डॉलर के खर्च को लेकर सख्त सीमा लगा दी थी, उसने इस बार डॉलर की कमी के चलते स्थानीय धिवेही भाषा में नए नियमों का एलान किया। इसके तहत मालदीव में सभी लेनदेन मालदीव रुफिया में करना जरूरी है। सिर्फ उन्हीं लेनदेन को छूट दी गई है, जिन्हें विदेशी मुद्रा में करना अनिवार्य है।

# संविधान संशोधन पर प्रस्ताव को लेकर शहबाज शरीफ कैबिनेट की बैठक, राजनीतिक दलों के समर्थन को लेकर चर्चा

इस्लामाबाद, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में सरकार द्वारा लाए जाने वाले संविधान संशोधन प्रस्ताव को लेकर शहबाज शरीफ सरकार ने रविवार को कैबिनेट बैठक बुला ली। बीते कुछ महीनों में प्रस्ताव को लेकर राजनीतिक दलों के बीच आम राय बनाने की कोशिश में जुटी पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकार को कोई खास सफलता नहीं मिली। खासकर इमरान खान की पार्टी पीटीआई संविधान संशोधन प्रस्ताव का जबरदस्त विरोध कर रही है। वहीं, शहबाज की पार्टी की सहयोगी मानी जाने वाली मौलाना फजलुर रहमान की पार्टी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) भी इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं हुई है।

बताया गया है कि जेयूआई-एफ के प्रमुख रहमान के साथ इस्लामाबाद में उनके आवास पर कई बैठकों के बाद भी इस प्रस्ताव को लेकर सहमति नहीं बन पाई। यह तब हुआ है, जब पाकिस्तान की नेशनल असेंबली और सीनेट के सत्र देरी से शुरू हुए।

चौंकाने वाली बात यह है कि मौलाना फजलुर रहमान की पार्टी इस संविधान संशोधन प्रस्ताव पर इमरान खान की पार्टी की सम्मति भी चाहती है और इसे लेकर पीटीआई से बातचीत जारी है। शनिवार को पीटीआई का नेतृत्व फजलुर रहमान से मिला। उन्होंने





बताया कि इमरान की पार्टी रविवार तक इस मुद्दे पर फैसला कर सकती है।

दूसरी तरफ पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी ने भरोसा जताया कि फजलुर रहमान पीटीआई को इन संविधान संशोधनों के समर्थन में लाने में कामयाब होंगे। बिलावल ने कहा है कि पीटीआई ने सरकार के प्रस्ताव पर जो चिंताएं जाहिर की थीं, उन पर विचार किया गया और संविधान संशोधन से हटा दिया गया। उन्होंने उम्मीद जताई कि सोमवार को रहमान खुद ही इस प्रस्ताव को नेशनल असेंबली में पेश करेंगे।

**संविधान संशोधन पर पीटीआई का क्या है रुख?**

मामले पर पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान ने कहा कि उन्हें पता चला है कि पार्टी के दो सीनेटर जरका तैमूर और फैसल सलीम पार्टी की नीति के खिलाफ जाकर वोट करेंगे। हालांकि, इमरान खान के स्पष्ट निर्देशों के बिना संविधान संशोधनों पर चर्चा में प्रगति नहीं कर पाई है।

**क्या है संविधान संशोधन, जिसे पेश करना चाहती है शहबाज सरकार?**

चौंकाने वाली बात यह है कि संविधान संशोधनों को लेकर शहबाज सरकार ने सार्वजनिक तौर पर कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। हालांकि, उस पर पीटीआई ने आरोप लगाए हैं कि संविधान संशोधन के जरिए पाकिस्तान सरकार न्यायपालिका पर कब्जा करने की तैयारी कर रही है। उसने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने संबंधी विधेयक के बारे में अटकलों के बीच कुछ और ही योजना बना ली है। बताया जा रहा है कि सरकार संसद में एक व्यापक न्यायिक सुधार पैकेज पेश करने वाली है। इसके तहत मुख्य न्यायाधीश को चुनने का हक प्रधानमंत्री के पास चला जाएगा।

प्रस्ताव में जो सबसे अहम बात है वो मुख्य न्यायाधीश की नई नियुक्ति प्रक्रिया है। प्रस्तावित बदलावों के तहत संसदीय समिति और न्यायिक आयोग का विलय किया जा सकता है। इसके अलावा, वरिष्ठतम न्यायाधीश को स्वचालित रूप से नियुक्त करने के बजाय, पांच वरिष्ठ न्यायाधीशों का एक पैनल प्रधानमंत्री के पास भेजा जाएगा, जो अंतिम निर्णय लेंगे।

**न्यायपालिका के अंदर होने वाली राजनीति पर लगेगी रोक**

सरकार का मानना है कि वरिष्ठतम न्यायाधीश को नियुक्त करने की मौजूदा प्रथा न्यायपालिका के भीतर पैरवी को बढ़ावा देती है, जिससे मुख्य न्यायाधीश को अपने पसंदीदा उत्तराधिकारियों के पक्ष में वरिष्ठता सूची में हेरफेर करने की अनुमति मिलती है। प्रधानमंत्री को फैसला लेने की यह शक्ति देकर, सरकार न्यायपालिका के भीतर आंतरिक राजनीति पर अंकुश लगाने की उम्मीद कर रही है।

**न्यायाधीशों के स्थानांतरण करने की भी होगी अनुमति**

इतना ही नहीं, सुधार पैकेज में एक हाईकोर्ट से दूसरे हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के स्थानांतरण की अनुमति देने का प्रस्ताव भी शामिल है। यह एक ऐसा कदम जो न्यायिक प्रणाली के भीतर लचीलापन बढ़ाएगा।

# एलन मस्क का चौंकाने वाला एलान- चुनाव तक हर दिन किसी एक मतदाता को मिलेगा 10 लाख डॉलर का इनाम

वॉशिंगटन, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने अमेरिकी मतदाताओं से वादा किया है कि राष्ट्रपति चुनाव तक हर दिन किसी एक मतदाता को 10 लाख डॉलर जीतने का मौका है। उन्होंने इसके लिए शर्त का एलान करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति उनकी अमेरिकी संविधान का समर्थन करने वाली याचिका के लिए हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेगा, उनमें से किसी एक अमेरिकी मतदाता को 10 लाख डॉलर का इनाम मिलेगा। मस्क ने कहा कि चुनाव की तारीख- 5 नवंबर तक हर दिन जारी रहेगा।

मजेदार बात यह है कि मस्क ने शनिवार को इस एलान के साथ ही अपनी याचिका के समर्थन में हस्ताक्षर करने वाले एक मतदाता को 10 लाख डॉलर का चेक भी थमाया। यह व्यक्ति पेंसिलवेनिया में मस्क की रैली में शामिल हुआ था, जो कि राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में आयोजित की गई थी। मस्क की याचिका का समर्थन करने के बाद जॉन ड्रेहर नाम के शख्स को पहले दिन मिलियन डॉलर (10 लाख डॉलर) का इनाम देने का एलान किया गया।

एलन मस्क जॉन को चेक थमाते हुए कहा कि उसे पता भी नहीं था कि उन्हें ये इनाम मिलने वाला है। तो आपका स्वागत है। बता दें कि अरबपति एलन मस्क राष्ट्रपति चुनाव में लगातार डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन के लिए अभियान चला रहे हैं। डेमोक्रेट



**खुलकर ट्रंप के समर्थन में अभियान चला रहे मस्क**




उम्मीदवार कमला हैरिस को हराने के लिए मस्क का पैसे इस्तेमाल करने का यह कदम काफी अनोखा माना जा रहा है।

मस्क ने ट्रंप के राष्ट्रपति अभियान के लिए, अपने संगठन अमेरिका पीएसी शुरू किया था। यह राजनीतिक संस्थान डेमोक्रेट और रिपब्लिकन पार्टी के बीच टकराव वाले राज्यों में रजिस्टर्ड वोटरों को अपने साथ लाने की कोशिश में जुटा है। हालांकि, इन राज्यों में यह काम बिल्कुल भी आसान नहीं है।

**सात करोड़ से अधिक दान दिया**

एलन मस्क राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के कट्टर समर्थक बनकर उभरे हैं। पूर्व राष्ट्रपति को व्हाइट हाउस में वापस लाने के लिए उनकी राजनीतिक कार्रवाई समिति को 7.5 करोड़ डॉलर का दान दिया। इस दान ने मस्क को 2024 चक्र के सबसे बड़े खर्च करने वालों में से एक बना दिया।

# 'हमारी स्वतंत्रता को सम्मान दें और यथास्थिति को कमजोर न करें', ताइवान की चीन से अपील



ताइपे, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन की सेना द्वारा लगातार ताइवान के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई करते हुए ताइवान की सीमा में घुसपैठ की जा रही है। अब इसे लेकर ताइवान ने चीन से अपील की है और कहा है कि सैन्य बल का उपयोग करके उसे धमकाकर 'यथास्थिति' को कमजोर करने की कोशिश न की जाए। ताइवान के विदेश मंत्रालय (एमओएफए) ने एक बयान में फिर से चीन से ताइवान के अस्तित्व को मान्यता देने और उसकी स्वतंत्रता का सम्मान करने के लिए कहा।

ताइवान के विदेश मंत्रालय ने हाल के हफ्तों में चीन के उकसावे को संबोधित करने और ताइवान का समर्थन करने के लिए अपने सहयोगियों को भी धन्यवाद दिया। ताइवानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने कहा, 'ताइवान को धमकाने या दबाने और क्षेत्रीय यथास्थिति को कमजोर करने के लिए चीन सैन्य उकसावे या अन्य तरीकों का उपयोग करना का प्रयास न करें।' मंत्रालय ने कहा, 'ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखना ताइवान जलडमरूमध्य के दोनों पक्षों और अंतरराष्ट्रीय समाज के साझा हित में है।' मंत्रालय ने कहा, 'एमओएफए हमारे सहयोगियों, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, न्यूजीलैंड, लिथुआनिया, दक्षिण कोरिया और 30 से अधिक देशों की सरकारों या संसद सदस्यों को धन्यवाद देता है, साथ ही यूरोपीय संघ को चीन द्वारा हमारे देश को डराने के लिए एक बार फिर सैन्य अभ्यास करने के बारे में अपनी चिंताओं को सार्वजनिक रूप से व्यक्त करने के लिए धन्यवाद देता है।'

गौरतलब है कि हाल के समय में ताइवान ने अपने क्षेत्र के पास चीनी सैन्य गतिविधियों की सूचना दी है। 19 अक्टूबर को भी चीन की सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (MND) ने कहा कि 10 चीनी सैन्य विमान और छह नौसैनिक जहाजों का पता चला। जिस पर ताइवान ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) की गतिविधि की निगरानी के लिए विमान और नौसैनिक जहाज भेजे और तटीय-आधारित मिसाइल सिस्टम तैनात किए।

1949 से ताइवान स्वतंत्र रूप से शासित है। हालांकि, चीन ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है और बलपूर्वक ताइवान के चीन में एकीकरण पर जोर देता है।

# उत्तरी गाजा में आईडीएफ के हमले में 73 लोगों की मौत, कई के मलबे में दबे होने की आशंका

तेल अवीव, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस्राइल-हमास के बीच पिछले एक साल से युद्ध जारी है। इस युद्ध में अब लेबनान और ईरान भी शामिल हो चुका है। हमास की तरफ से पिछले साल किए गए हमले के बाद से ही इस्राइल ने गाजा को तबाह करने की कसम खाई थी। इस्राइली सुरक्षा बलों का लगातार गाजा पर हमले जारी है। उत्तरी गाजा के बेत लहिए में आईडीएफ के हमले में 73 लोगों की मौत हो गई। इस हमले के बाद कई लोगों के मलबे में दबे होने की संभावना है। गाजा के सरकारी मीडिया कार्यालय की तरफ से बताया गया कि मौतों के आंकड़ों में बढ़ोतरी हो सकती है।



**उत्तरी गाजा की स्थिति गंभीर**

उत्तरी गाजा में 16 दिनों से जारी इस्राइली सैन्य घेराबंदी के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस क्षेत्र में भोजन, पानी, दवा समेत अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच बंद कर दी गई है। आईडीएफ ने उत्तरी गाजा में हाल के हमले में जान गंवाने वालों के आंकड़ों पर संदेह जताया है। ऑक्सम एक गैर सरकारी संगठन ने दक्षिण गाजा में एक हमले की सूचना दी। इस हमले में खान यूनिस के पास चार इंजीनियरों और श्रमिकों की मौत हो गई।

**बेंजामिन नेतन्याहू के आवास पर हमला**

इससे पहले इस्राइल ने हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाते हुए लेबनान के बेरूत में कई रॉकेट दागे। हाल ही में हिजबुल्ला ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आवास पर ड्रोन हमला किया। इसके बदले नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि हिजबुल्ला ने बड़ी गलती की है। उन्होंने कहा, हत्या का प्रयास उन्हें या इस्राइल को आतंकवादियों को खत्म करने से नहीं रोकेगा। शनिवार को लेबनान की तरफ से दागे गए दो अन्य ड्रोन को इस्राइली हवाई सुरक्षा ने मार गिराया।

इस हमले के बाद इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा हिजबुल्ला को चेतावनी दी। उन्होंने कहा, इस्राइल के नागरिकों को नुकसान पहुंचाने वालों को भारी कीमत चुकानी पड़ती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आतंकवादियों के खिलाफ इस्राइल अपना अभियान जारी रखेगा।

# प्रबोवो सुबियांतो बने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति शपथ समारोह में पहुंचे 40 से अधिक देशों के नेता

जकार्ता, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंडोनेशिया को नया राष्ट्रपति मिल गया है। प्रबोवो सुबियांतो ने आज सुबह आधिकारिक तौर पर दुनिया के सबसे अधिक मुस्लिम बहुल राष्ट्र के आठवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। इसी के साथ उन्होंने इंडोनेशिया की सैन्य तानाशाही के काले दिनों के दौरान अधिकारों के हनन के आरोपी एक पूर्व जनरल से राष्ट्रपति भवन तक की अपनी यात्रा पूरी की।

73 साल के पूर्व रक्षा मंत्री सुबियांतो ने सांसदों और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में मुस्लिम पवित्र ग्रंथ कुरान पर शपथ ली। इसके बाद हजारों



समर्थकों ने सड़कों पर खुशी मनाई। जकार्ता में आयोजित समारोह में हिस्सा लेने के लिए ब्रिटेन, फ्रांस, अमेरिका, सऊदी अरब, रूस, दक्षिण कोरिया, चीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों समेत 40 से अधिक देशों के नेता और वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे।

**एक लाख जवान तैनात**

इंडोनेशियाई पुलिस और सेना ने शपथ समारोह की तैयारी के लिए जकार्ता में कम से कम एक लाख कर्मियों को तैनात किया है, जिसमें स्नाइपर और ड्रोन-रोधी इकाइयां शामिल हैं, जो बुधवार तक तैनात रहेंगी।

**इस नेता की जगह ली**

सुबियांतो ने राष्ट्रपति रहे जोको विडोडो की जगह ली है। वह इससे पहले भी विडोडो के सामने दो बार चुनाव लड़ चुके थे, लेकिन हार का ही सामना करना पड़ा। हालांकि, विडोडो ने अपने पुनर्निर्वाचन के बाद सुबियांतो को रक्षा प्रमुख नियुक्त किया था, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के बावजूद गठबंधन का रास्ता साफ हो गया।

# ईरान पर बड़े हमले की तैयारी कर रहा इस्राइल, अमेरिका के लीक दस्तावेजों से हुए खुलासे से हड़कंप

वॉशिंगटन, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)।अमेरिका के दो बेहद खुफिया दस्तावेज लीक होने से हड़कंप मच गया है। दरअसल इन लीक दस्तावेजों में कथित तौर पर ईरान पर इस्राइली हमले के लिए सैन्य तैयारियों का जिक्र किया गया है। लीक दस्तावेज अमेरिका की नेशनल जियोस्पेशियल इंटेलीजेंस एजेंसी के हैं। ये एजेंसी अमेरिका के जासूसी उपग्रहों द्वारा ली जाने वाली तस्वीरों और सूचनाओं का विश्लेषण करती है। लीक दस्तावेजों में इस्राइली सेना के अभ्यासों और परिचालन के बारे में जानकारी है।

**इस्राइल-ईरान में चरम पर तनाव**

अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 15 और 16 अक्टूबर की तारीख वाले दो दस्तावेजों को टेलीग्राम पर ईरान समर्थक यूजर्स द्वारा प्रसारित किया गया था। लीक दस्तावेजों में इस्राइली सेना के सैन्य अभ्यास का विश्लेषण है, जो ईरान पर जवाबी हमले की तैयारी जैसा लग रहा है। गौरतलब है कि इस्राइल और ईरान के बीच लंबे समय से तनाव काफी बढ़ा हुआ है। कुछ समय पहले इस्राइल के सीरिया में कथित हमले में ईरान सेना के शीर्ष कमांडर्स की मौत के बाद ईरान ने इस्राइल पर मिसाइल हमले किए थे। साथ ही बीते दिनों जब इस्राइली हमले में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला की मौत हुई थी, तब भी ईरान ने इस्राइल पर मिसाइलों से हमला किया था। ईरान के हमलों पर इस्राइल ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी थी।

**क्या है लीक दस्तावेजों में**

लीक दस्तावेजों में से एक का शीर्षक 'इजरायलः वायु सेना ईरान पर हमले की तैयारी कर रही' है और इसमें हाल ही में किए गए इस्राइली सैन्य अभ्यास की रूपरेखा दी गई है। इन तैयारियों में कथित तौर पर हवा से हवा में विमानों में ईंधन भरने के अभियान, खोज और बचाव अभियान, और संभावित ईरानी हमलों के मद्देनजर मिसाइल प्रणालियों की पुन-स्थापित करना शामिल है। दूसरे दस्तावेज में हथियारों और अन्य सैन्य संपत्तियों को रणनीतिक स्थानों पर ले जाने के इस्राइली प्रयासों का खुलासा किया गया है। इन लीक दस्तावेजों से पता चलता है कि इस्राइल, ईरान पर बड़े हमले की तैयारी कर रहा है।

**अमेरिकी सरकार ने शुरू की लीक की जांच**

वहीं इन खुफिया दस्तावेजों के लीक ने कथित तौर पर अमेरिकी सरकार के भीतर हड़कंप मचा दिया है। अमेरिकी अधिकारी लीक की गंभीरता से वाकिफ हैं और इसकी जांच की जा रही है। लीक का सटीक स्रोत अज्ञात है, लेकिन शुरुआती संकेत मिल रहे हैं कि ये दस्तावेज संभवतः किसी निचले स्तर के अमेरिकी सरकारी कर्मचारी द्वारा लीक किए गए हो सकते हैं। पेंटागन, अमेरिकी खुफिया एजेंसियां और एफबीआई द्वारा संयुक्त जांच चल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि जानकारी कैसे लीक हुई और क्या और दस्तावेज लीक हो सकते हैं।



# भाजपा में इस बार जो बागी थे उन्हें भी मिला मौका

## 6 सीटों पर ये नाम कैसे बने खास

जयपुर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। भाजपा ने राजस्थान में उपचुनावों के लिए कांग्रेस से पहले अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। हालांकि 7 में से 6 सीटों के लिए ही प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। डूंगरपुर-बांसवाड़ाकी चौरासी सीट के लिए टिकट होल्ड पर रखा गया है। शेष झुंझुनू, देवली-उनियारा, दौसा, सलूंबर, खींवसर और रामगढ़ सीट पर प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनावों में इन सीटों पर जिन्हें मौका दिया था उनमें से किसी का नाम रिपीट नहीं किया गया है। खास बात यह है कि कुछ सीटों पर भाजपा ने पिछले चुनावों के बागियों को इस बार पार्टी के टिकट पर मैदान में उतारा है।

**झुंझुनूं से राजेंद्र भांबू-पिछले चुनावों में थे बागी**

भाजपा ने झुंझुनूं से राजेंद्र भांबू को उपचुनाव में अपना प्रत्याशी घोषित किया है। झुंझुनूं से राजेंद्र भांबू जब 2018 में भाजपा के उम्मीदवार थे, लेकिन 2023 में इनकी जगह निशीत कुमार उर्फ बबलू को टिकट दिया गया। बबलू चुनाव हार गए। इसलिए भाजपा ने एक बार फिर से राजेंद्र भांबू को मैदान में उतारा है।




**रेवंत राम डागा को खींवसर से टिकट**

बीजेपी ने 2023 के विधानसभा चुनावों में भी रेवंत राम डागा को प्रत्याशी बनाया था, लेकिन हनुमान बेनीवाल के सामने वे बेहद नजदीकी मुकाबले में चुनाव हार गए। अब उपचुनावों में भाजपा ने एक बार फिर से यहां अपना डागा को मैदान में उतार दिया है।

दौसा-यहां किरोड़ी के भाई जगमोहन मैदान में

यहां रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा। भाजपा ने यहां किरोड़ी लाल मीणा के भाई जगमोहन को अपना प्रत्याशी बनाया है। जगमोहन को टिकट दिलावाने के लिए किरोड़ी लंबे समय से प्रयास कर रहे थे। पिछले विधानसभा चुनावों में भी जगमोहन का टिकट एन वक्त पर कट गया था।

**रामगढ़ सीट पर पिछले चुनावों के बागी सुखवंत सिंह**

रामगढ़ सीट पर भाजपा ने दशकों बाद आ हू जा परिवार के बाहर टिकट दिया है। पि छ ले वि धा न स भा चुनावों में सुखवंत सिंह बीजेपी से बागी होकर आजाद समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े थे और 74 हजार से ज्यादा वोट लेकर दूसरे नंबर रहे थे, जबकि भाजपा प्रत्याशी जय आहूजा तीसरे नंबर रहे थे।

**देवली उनियारा से राजेंद्र गुर्जर**

इस सीट पर भाजपा ने अपने पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह गुर्जर को फिर से मौका दिया है। साल 2018 के विधानसभा चुनावों में राजेंद्र सिंह गुर्जर यहां भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर जीते। 2023 में भाजपा ने उनका टिकट काटकर विजय बैंसला को दिया। विजय कांग्रेस के प्रत्याशी हरीश मीणा से चुनाव हार गए। अब उपचुनाव में भाजपा ने फिर से राजेंद्र गुर्जर को प्रत्याशी बनाया है।

**सलूंबर में शांता देवी मीणा को टिकट**

सलूंबर में भाजपा ने सहानुभूति की लहर का फायदा लेने के लिए अपने दिवंगत विधायक अमृत लाल मीणा की पत्नी शांता देवी को प्रत्याशी बनाया है। अमृत लाल मीणा का इसी साल सितंबर में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

# दर्दनाक हादसा स्लीपर कोच बस ने टेंपो को मारी टक्कर

## आठ बच्चों और महिलाओं समेत 12 की मौत

धौलपुर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के धौलपुर जिले में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो सवार 12 लोगों की मौत हो गई। ये सभी लोग एक भात कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसे में जान गंवाने वालों में आठ बच्चों और तीन महिलाओं समेत 12 लोग शामिल हैं। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल भी बताएं जा रहे हैं, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसा इतना भयानक था कि घटना स्थल पर शव ही शव बिखर गए। मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों को बाड़ी राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाड़ी शहर के करीम गुमट में रहने वाले नहून और जहीर परिवार के करीब 14 लोग बरौली गांव में एक रिश्तेदार के यहां भात समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात करीब 11:30 बजे यह सभी लोग टेंपो से वापस लौट रहे थे, इस दौरान नेशनल हाईवे-11 बी पर सुन्नीपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। यह बस धौलपुर से जयपुर जा रही थी। तेज रफ्तार बस की टक्कर से टेंपो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सभी घायलों को बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्क्ट ने जांच के बाद 12 लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो प्राथमिकी उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

हादसे में 13 वर्षीय आसमा पुत्री बंटी, 35 वर्षीय बंटी पुत्र गफफो, 7 वर्षीय सलमान पुत्र बंटी, 5 वर्षीय साकिर पुत्र बंटी, 9 वर्षीय दानिश पुत्र जहीर, 5 वर्षीय असीम का पुत्र, 30 वर्षीय जरीना पत्नी नहनू, 10 वर्षीय आशियाना पुत्री नहनू, 8 वर्षीय सुखी पुत्री नहनू, 9 बर्षीय सानिज पुत्र नहनू की घटना स्थल पर मौत हुई है। वहीं, जिला अस्पताल रेफर किए गए घायलों में 34 बर्षीय महिला जुली ने रास्ते में दम तोड़ दिया है। मृतकों में एक अन्य भी शामिल है।

हादसे में घायल 37 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र मलखान और 11 वर्षीय साजिद पुत्र आशिक को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। गंभीर हालत में उनका इलाज चल रहा है।

**पीएम मोदी ने भी जताया दुख**

राजस्थान के धौलपुर में हुआ हादसा हृदयविदारक है। इसमें मासूम बच्चों सहित जान गंवाने वालों के शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ईश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करे। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# उपचुनाव से पहले पीएम मोदी पीकेसी-ईआरसीपी परियोजना का करेंगे शिलान्यास

## 21 जिलों को पानी मिलेगा

जयपुर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में उपचुनावों की घोषणा हो चुकी है। इसी के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रदेश दौरे की सुगबुगाहट तेज हो गई है। ऐसी चर्चा है कि वे 27 अक्टूबर को जयपुर के पास दादिया गांव आएंगे। यहां वे ईआरसीपी परियोजना का शिलान्यास कर सकते हैं। इसके साथ ही एक चुनावी सभा को भी सम्बोधित कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक उनका कार्यक्रम फाइनल नहीं हुआ है। सरकार ने जरूर अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है।

ईआरसीपी परियोजना 21 जिलों के लिए बनाई गई है। इनमें से तीन जिलों में उपचुनाव है। ऐसे में ईआरसीपी परियोजना का शिलान्यास होगा या नहीं। यह भी अभी तय होना बाकी है। ईआरसीपी परियोजना का शिलान्यास नहीं होता है तो पीएम चुनावी सभा को भी सम्बोधित कर सकते हैं।

**प्रधानमंत्री से सबसे बड़ी परियोजना के शिलान्यास की तैयारी**

बता दें कि भजनलाल सरकार पीकेसी-ईआरसीपी योजना के पहले फेज का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कराने की तैयारी कर रही है। इसे लेकर विधानसभा उपचुनाव की घोषणा से पहले कोर कमेटी की बैठक में भी चर्चा हुई थी। ईआरसीपी परियोजना के शिलान्यास से प्रदेश सरकार मतदाताओं को साधने का प्रयास करेगी।

**इन जिलों की बुझेगी प्यास**

पीकेसी-ईआरसीपी योजना से राजस्थान के 21 जिलों को पानी मिलेगा। जिनमें जयपुर, टोंक, अजमेर, दौसा, करौली, सवाई माधोपुर, झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी तो पहले से ही शामिल है। इसके अलावा बीजेपी सरकार ने आते ही दूदू, कोटपूतली-बहरोड़, डीग, शाहपुरा, केकड़ी, ब्यावर और गंगापुर को भी इसमें शामिल कर लिया है।

साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए भी पानी मिलेगा। इस परियोजना से 90 की जगह 158 बांध-तालाब व अन्य जल स्रोतों तक पानी पहुंचेगा। जल संसाधन विभाग ने 21 जिलों के लिए नए सिरे से तैयार डीपीआर में छोटे-बड़े बांधों के अलावा तालाब व अन्य जल स्रोतों को भी जोड़ा है।

# 'आरएसएस के कार्यक्रम' में चाकूबाजी के आरोपी नसीब के घर पर चला बुलडोजर

## जेडीए ने की कार्रवाई

जयपुर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर के करणी विहार थाना क्षेत्र में गुरुवार रात को आरएसएस के शरद पूर्णिमा कार्यक्रम के दौरान चाकूबाजी की घटना में जेडीए ने रविवार को बड़ा एक्शन लिया। आरोपी नसीब चौधरी को जयपुर विकास प्राधिकरण ने अतिक्रमण के तहत नोटिस जारी किया था।



**आरोपी का मंदिर के कमरे पर कब्जा**

आरोपी नसीब चौधरी ने अपने मकान के पास स्थित मंदिर के एक कमरे पर अवैध कब्जा कर रखा है। घटना के बाद, पीआरएन-उत्तर के तहसीलदार बसंत परसोया ने भी जाकर रिपोर्ट बनवाई। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि सुविधा क्षेत्र पर अवैध कब्जा है। रिपोर्ट प्रवर्तन शाखा को भेजी गई। जिसके बाद जेडीए ने आज कार्रवाई की है।

रजनी विहार में आरएसएस की शाखा की ओर से रजनी विहार में शरद पूर्णिमा का आयोजन किया जा रहा था। इसी दौरान एक युवक ने खीर वितरण में शामिल लोगों पर चाकू से हमला कर दिया और खीर फेंक दी, जिससे कार्यक्रम में अफरातफरी मच गई। इसी दौरान कुछ लोगों हमलावरों को पकड़ लिया। घटना के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए कई लोग करणी विहार थाने पहुंचे थे। पुलिस ने नसीब चौधरी व उसके बेटे को हिरासत ले लिया। इस घटना में घायल आरएसएस के कार्यकर्ताओं से मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, विधायक गोपाल शर्मा, भाजपा नेता अरुण चतुर्वेदी एसएमएस अस्पताल पहुंचे।

# पहले रविंद्र सिंह भाटी को दी जान से मारने की धमकी

## बदमाश ने सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली आपत्तिजनक पोस्ट डाली

जयपुर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। पहले शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली आपत्तिजनक पोस्ट की गई। पुलिस ने इस मामले में हिस्ट्रीशीटर केसाराम उर्फ किशन उर्फ केडी पुत्र गेनाराम को हरियाणा के रेवाड़ी से गिरफ्तार किया है।




आरोपी से मोबाइल बरामद कर पूछताछ के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया है। आरोपी सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए आपत्तिजनक पोस्ट करने का आदी है। इसके खिलाफ पहले से 7 मामले दर्ज हैं।

आरोपी ने लोकसभा चुनाव के दौरान शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को भी वीडियो जारी कर जान से मारने की धमकी दी थी।

इस पर पूर्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। वहीं गत दिनों धर्म विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद लोगों ने आक्रोश जताते हुए बाड़मेर में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देकर विरोध जताया था।

# रेलगाड़ी के आगे कूदकर पूर्व पार्षद ने की आत्महत्या, सिर धड़ से अलग पड़ा मिला

श्री गंगानगर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। जैतसर कस्बे के नजदीकी सूरतगढ़-अनूपगढ़ रेलवे ट्रेक स्थित कल्याणकोट रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति ने सूरतगढ़ से अनूपगढ़ जा रही साधारण सवारी यात्री गाड़ी के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी सुबह रेलवे के ट्रेकमैन ने रेलवे के अधिकारियों को दी। जिसके बाद जीआरपी ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की।

मिली जानकारी के अनुसार, रेलवे के ट्रेक मैन ने रेलवे के बुकिंग क्लर्क सहित अन्य अधिकारियों को रेलवे ट्रेक के पत्थर संख्या 35/0 के नजदीक एक युवक का शव पड़े होने की जानकारी दी जिसके बाद रेलवे के कर्मिक मौके पर पहुंचे तो एक युवक का सिर धड़ से कटकर अलग पड़ा था।


रेलवे के अधिकारियों ने जीआरपी पुलिस श्रीगंगानगर एवं क्षेत्रीय पुलिस थाना श्रीविजयनगर को जानकारी दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को रेलवे ट्रेक से हटवाकर पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। जहां मृतक की पहचान परमजीत सिंह पुत्र हरबंस सिंह निवासी मिनी मार्केट सूरतगढ़ के रुप में की।

जिसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर व शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपूर्द कर दिया। मृतक परमजीत सिंह सूरतगढ़ नगरपालिका में पार्षद भी रह चुका है।

# अपराधों पर नकेल कसने के लिए साइबर सेल ने उठाए सख्त कदम, दो हजार से ज्यादा नंबर ब्लॉक

अलवर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। साइबर क्राइम पर नकेल कसने के उद्देश्य से पुलिस ने दो हजार से अधिक नंबरों को ब्लॉक किया है। अलवर जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 2469 नंबर ब्लॉक किए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले काफी दिनों से स्थानीय पुलिस मुख्यालय के आदेशों पर अलवर साइबर सेल की ओर से ठगी को रोकने के अथक प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी के चलते पिछले दिनों भी काफी नंबर ब्लॉक किए गए थे। अब साइबर सेल ने फ्रॉड में उपयोग होने वाले करीब 2469 संदिग्ध मोबाइल नंबर व आईएमईआई नंबरों को ब्लॉक किया गया है, जिसमें 1260 के करीब मोबाइल नंबरों को ब्लॉक किया गया है तथा करीब 1209 ईएमआई नंबरों को ब्लॉक किया गया है। एसपी ने बताया कि साईबर अपराध के नियंत्रण के लिए काफी अभियान चलाए जा रहे हैं, अगर कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई भी की जा रही है।




ब्लॉक किए गए नंबरों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि अधिकतर नंबर बाहरी राज्यों के थे, जिन्हें अभी ब्लॉक कराया गया है। इस काम में संबंधित कंपनियों का सहयोग लिया गया है, आगे भी इसी तरह कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में साइबर सेल टीम द्वारा सिम आवंटित करने वाले लोगों को भी ट्रेनिंग दी जाएगी। एसपी ने बताया कि साइबर क्राइम करने वालों पर पुलिस द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है और ऐसे लोगो के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

# आकस्मिक निरीक्षण करने जेएलएन पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष

## व्यवस्थाएं सुचारू करने के निर्देश दिए



अजमेर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय का अचानक निरीक्षण कर हेल्प डेस्क, वार्ड व अन्य व्यवस्थाओं को जांचा और मरीजों व उनके परिजनों से भी मुलाकात की। पार्किंग अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने इसमें तत्काल सुधार किए जाने के आदेश दिए। नए पीडियाट्रिक ब्लॉक, वार्ड में भर्ती मरीजों से हालचाल पूछकर चिकित्सा अधीक्षक को व्यवस्थाएं सुचारू रूप से रखने के निर्देश दिए। देवनानी ने चिकित्सालय के मेंटेनेंस, सफाई और व्यवस्था को सुधारने के लिए चिकित्सा प्रशासन को पाबंद किया। उन्होंने ओपीडी में भारी भीड़ की समस्या का समाधान करने और नए बिल्डिंग की तरह पूरे चिकित्सालय में व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय को प्रदेश का सबसे आधुनिकतम चिकित्सालय बनाने का प्रयास किया जाए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे, उपाध्यक्ष डॉ. अमित यादव, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. जीसी मीणा और सीनियर नर्सिंग स्टाफ घनश्याम जोशी, महिपाल एवं अन्य अधिकारी इस दौरे में उनके साथ थे। देवनानी ने चिकित्सालय में नवाचार के लिए प्रशासन को बधाई दी और सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक को शीघ्र चालू करने के लिए पाबंद कर चिकित्सा प्रशासन को निर्देश दिए कि वे मरीजों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में मरीजों की सुविधा और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाए। देवनानी ने स्वाभिमान भोज कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते हुए कहा कि इसे शीघ्र ही पूरा किया जाए। चिकित्सालय की अस्त-व्यस्त पार्किंग व्यवस्था को देखकर उन्होंने प्रशासन को इसकी व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए।

# चना बीज के लिए मारामारी, किसानों ने किया हंगामा तो पुलिस ने संभाला मोर्चा

दौसा, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। राज्य सरकार भले ही किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर चने के बीज उपलब्ध कराने का ढिंढोरा पीट रही हो, लेकिन हकीकत कोसों दूर है। स्थिति यह है कि किसानों को न तो डीएपी खाद मिल रदा है और ना ही चने का बीज। किसानों का हुजूम चना बीज के परमिट प्राप्त करने के लिए कृषि अधिकारी कार्यालय पर उमड़ पड़ा। जहां किसानों में परमिट लेने को लेकर कई बार धक्का मुक्की हुई। कई किसान तो पसीने से तरबतर हो गए। महिला किसानों को भी कई बार धक्की-मुक्की का सामना करना पड़ा। किसानों ने बीज वितरण में धांधली का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। बाद में बांदीकुई थाने से पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला।

कृषि अधिकारियों का कहना है कि डिमांड 2500 कट्टों की थी। उसमें से दस गुना कम मात्र 250 कट्टे ही पहुंचे। वर्तमान में कम पानी के उत्पादन वाली फसलें जैसे चना, सरसो आदि की बुवाई का कार्य शुरू हो चुका है। जहां सरकार की ओर से चना बुवाई के लिए 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।

चना बीज आने की सूचना मिली तो बांदीकुई सहित दूर दराज के महिला-पुरुष किसान सुबह से ही पंचायत समिति परिसर स्थित कृषि कार्यालय पहुंच गए। जहां परमिट के लिए लंबी लाइन लग गई। किसानों में पहले परमिट लेने के लिए कई बार धक्का मुक्की हुई। कुछ महिला एवं बुजुर्ग किसान तो नीचे थककर बैठ गए।

कुछ किसान चैनल गेट के ऊपर तक चढ गए। जहां अंदर बैठे कर्मचारियों ने परमिट दिए। किसानों ने आरोप लगाया कि बीज वितरण में धांधली हो रही है। चहेतों को पहले बीज देने की बात कही। इनमें कुछ किसान तो ऐसे थे जो पूर्व में भी बिना बीज लिए लौट गए और बीज नहीं मिला।

समिति पर किसानों का हंगामा बढ़ता देख बांदीकुई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझा बुझाकर मामला शांत किया। महिला-पुरुष किसानों की अलग अलग लाइन लगाकर व्यवस्था सुचारू कराई। इस दौरान पंचायत समिति परिसर एवं क्रय विक्रय सहकारी समिति कार्यालय के बाहर वाहनों का जमघट लग गया।जिन्हे परमिट मिले, उन्हें क्रय विक्रय से बीज उपलब्ध कराए गए। किसानों ने बताया कि यहां 59 रुपए के हिसाब से कट्टा मिल रहा है। जबकि बाजार में 100 से 109 रुपए बिक रहा है।



**किसानों ने बताई पीड़ा**

पूंदरपाडा से आए किसान धर्मसिंह ने बताया कि वह अस्वस्थ है तथा सुबह करीब 6 आ गया लेकिन अभी 11 बजे तक नंबर नहीं आया। खेडी निवासी रामेश्वर ने बताया कि पूर्व में भी वह घंटों लाइन में खडा रहने के बाद भी निराश लौट गया और शायद अब भी निराशा हाथ लगेगी। दुलावा के विश्राम ने बताया कि सरकार को बीज वितरण की उचित व्यवस्था करनी चाहिए। दूरदराज से पेट्रोल खर्च करके आए हैं, लेकिन कोई हल नहीं निकल रहा है। खूंटला निवासी शेर सिंह का कहना था कि उसके पैर में फ्रैक्चर है। रॉड डली हुई है, लेकिन वह अपने बच्चे को साथ लेकर आया है। उसे लाइन में लगाया है। अन्य कई किसान भी तौलिये से पसीने पोछते नजर आए तथा पानी की तलाश में भटकते दिखाई दिए।

चने के बीजों की डिमांड 2500 भिजवाई गई थी, लेकिन 250 कट्टे आए हैं। जहां उपखंड अधिकारी रामसिंह राजावत के निर्देशन में कृषि विभाग एवं क्रय विक्रय सहकारी समिति के तत्वावधान में चने के बीजों का वितरण किया गया था। कट्टे कम आने से परेशानी होना स्वभाविक है। किसानों को वरीयता अनुसार बीज वितरण किए गए हैं।

# ग्रुप-1 के अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा के विरोध के कारण तनाव बढ़ा

## प्रदर्शनकारी छात्र गिरफ्तार, पुलिस के खिलाफ नारेबाजी





हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अशोक नगर में रविवार को एक बार फिर तनाव फैल गया, जब ग्रुप-1 के अभ्यर्थियों ने सोमवार से शुरू होने वाली आगामी मुख्य परीक्षाओं के खिलाफ प्रदर्शन किया। अपनी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए सड़कों पर उतरे छात्रों को पुलिस ने रोक दिया। जब छात्रों ने मीडिया को संबोधित करने की कोशिश की, तो पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए कोई अनुमति नहीं दी गई है, और बाद में प्रदर्शनकारी छात्रों को गिरफ्तार कर लिया। छात्रों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। पिछले कई दिनों से मुख्य परीक्षा को स्थगित करने की मांग कर रहे ग्रुप-1 के अभ्यर्थियों ने अपने शांतिपूर्ण विरोध के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की निंदा करते हुए नारे लगाए। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने सरकार पर गरीब और हाशिए पर पड़े वर्गों की आवाज दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने मानसिक तनाव के बारे में अपनी निराशा व्यक्त की और नए जीओ 29 के साथ मुद्दों की ओर इशारा किया, जो उनके अनुसार, आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को खुली श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने से अयोग्य ठहराता है। छात्रों ने स्पष्ट किया कि हॉल टिकट डाउनलोड करने का मतलब यह नहीं है कि वे परीक्षा देने के लिए तैयार हैं, और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनकी शिकायतों को सुनने का आग्रह किया। विपक्ष से बात करने के बजाय, हमसे बात करें। हम आर्थिक और मानसिक रूप से थक चुके हैं। कृपया हमारी पीड़ा सुनें। हम राजनीति में शामिल नहीं हैं और यह हमारा आखिरी मौका है। क्या लोकतांत्रिक सरकार ऐसे ही काम करती है? कृपया पुनर्विचार करें, कई उम्मीदवारों ने अनुरोध किया।

पुलिस ने प्रेस वार्ता करने से रोकने के बाद अशोक नगर के पास कई ग्रुप-1 उम्मीदवारों को गिरफ्तार कर लिया। उम्मीदवारों ने गुस्सा व्यक्त करते हुए दावा किया कि लाठीचार्ज से बचने के मुख्यमंत्री के आदेशों के बावजूद, पुलिस उनकी बात नहीं सुन रही थी।

इस बीच, छात्रों ने गांधी भवन पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है, जिसके चलते इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इस बीच, तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीएसपीएससी) ने 2 से 27 अक्टूबर तक होने वाली ग्रुप-1 मुख्य परीक्षा आयोजित करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण कुल 31,382 उम्मीदवार 563 पदों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए परीक्षा देंगे। टीएसपीएससी ने उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट से अपने हॉल टिकट डाउनलोड करने की सलाह दी है और 90 प्रतिशत उम्मीदवारों ने ऐसा पहले ही कर लिया है। आयोग ने दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं, जिसमें उम्मीदवारों को परीक्षा के दौरान एक ही हॉल टिकट का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। हालांकि, विरोध प्रदर्शन में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले 10 प्रतिशत उम्मीदवारों ने अभी तक अपने हॉल टिकट डाउनलोड नहीं किए हैं और परीक्षा को पुनर्निर्धारित करने की मांग कर रहे हैं।

**डीजीपी ने कड़ी सुरक्षा का आश्वासन दिया :**

डीजीपी जितेन्द्र ने पुष्टि की कि ग्रुप-1 मुख्य परीक्षा के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी के लिए विशेष टीमें तैनात की गई हैं और शांति भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बीसीसीआई ने पहले टेस्ट में मिली हार के बाद लिया अहम फैसला

### इस ऑलराउंडर को टीम में किया शामिल



नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली हार के बाद एक अहम फैसला लिया है।

भारत ने कीवी टीम के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच के लिए टीम घोषित की जिसमें ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को भी शामिल किया गया है। तमिलनाडु के लिए खेलने वाले वाशिंगटन पुणे में टीम के साथ जुड़ेंगे। दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट 24 अक्टूबर से पुणे में खेला जाना है।

बीसीसीआई ने हालांकि इस बात की जानकारी नहीं दी है कि उन्होंने वाशिंगटन को किस कारण टीम में शामिल किया है क्योंकि टीम में पहले से ही रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल जैसे ऑलराउंडर पहले से ही शामिल हैं।

भारत अब पुणे और मुंबई के लिए 16 सदस्यीय टीम के साथ रवाना होगी। मालूम हो कि न्यूजीलैंड ने भारत को बेंगलुरू में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आठ विकेट से हराया था। कीवी टीम की यह 36 साल में भारत के खिलाफ उसी की जमीन पर पहली टेस्ट जीत थी।

## 3 मदरसा छात्र लिए गए हिरासत में

हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मदरसा अकादमी के कामकाज की जांच के सिलसिले में तीन मदरसा छात्रों को कथित तौर पर लालागुडा पुलिस स्टेशन में हिरासत में लिया गया। एक एक्स यूजर मोहम्मद रफी ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि कल लालागुडा पुलिस स्टेशन के दो कांस्टेबल मदरसा दारुल उलूम सिद्दीकिया, शांति नगर लालागुडा गए। उन्होंने मदरसे में मौजूद सभी बच्चों के फोन नंबर लिए। बाद में उन्होंने मदरसा प्रबंधन से 3 बच्चों को लालागुडा पुलिस स्टेशन लाने को कहा। जब केयरटेकर मन्नान लालागुडा पुलिस स्टेशन गए तो लालागुडा पुलिस ने 3 बच्चों की पिटाई की और उन्हें प्रताड़ित किया। साथ ही उन्होंने बच्चों को गलत बयान देने के लिए मजबूर किया। यह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। लालागुडा पुलिस का व्यवहार बहुत ही असभ्य और कठोर था।

## दिल्ली कोचिंग सेंटर मौत मामले में 'सुप्रीम' सुनवाई आज

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली में आईएएस कोचिंग के बेसमेंट में तीन छात्रों की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। अदालत की वेबसाइट पर बताया गया कि 21 अक्टूबर को न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।

इससे पहले शीर्ष अदालत ने 20 सितंबर को मौत की जांच के लिए केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त उच्च स्तरीय समिति को निर्देश दिया था कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए चार सप्ताह के अंदर अंतरिम उपाय पेश करे।

**यह है मामला :**

गौरतलब है कि दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में 27 जुलाई को एक बड़ा हादसा हुआ था। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली राव एकेडेमी के बेसमेंट में पानी में डूबकर तीन बच्चों की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजधानी में 27 जुलाई की शाम अचानक हुई बारिश के कारण लाइब्रेरी में पानी भर गया था। मृतकों दो छात्र और एक छात्रा शामिल थे। तीनों यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। मृतकों की पहचान तेलंगाना निवासी तान्या सोनी, केरल निवासी नेविन डाल्विन और यूपी निवासी श्रेया यादव के रूप में हुई।

**यह घटना सभी के लिए आंखें खोलने वाली :**

पांच अगस्त को पीठ ने कहा था कि राष्ट्रीय राजधानी में घटी यह घटना सभी के लिए आंखें खोलने वाली है। अदालत ने कहा था कि ये जगहें (कोचिंग सेंटर) 'डेथ चैंबर (मौत का कुआं)' बन गई हैं। कोचिंग संस्थान का तब तक ऑनलाइन संचालन किया जा सकता है, जब तक वे सुरक्षा मानदंडों और गरिमापूर्ण जीवन के लिए बुनियादी मानदंडों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित न करें। कोचिंग सेंटर देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले अभ्यर्थियों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

हादसे की वजह क्या पता चली?

29 जुलाई को दिल्ली के मुख्य सचिव ने दिल्ली सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

इस रिपोर्ट में बताया गया था कि राजेंद्र नगर स्थित राव कोचिंग संस्थान ने ड्रेनेज सिस्टम को पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया था।

## भगवान वाल्मिकी का प्रकटोत्सव मनाया

हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा हैदराबाद के अध्यक्ष दीपक चिंडालिया वाल्मिकी ने बताया कि जिला प्रशासन के कई अधिकारियों ने भगवान के प्रकटोत्सव पर श्रद्धांजलि दे कर समाज की भावनाओं को आहत किया है। इसके लिए समाज के लोगों ने जिला प्रशासन से अपना रोष भी जाहिर किया है। उन्होंने बताया कि भगवान वाल्मिकी के प्रकटोत्सव दिवस पर उन्हें श्रद्धा के साथ याद किया जाता है। उन्होंने बताया कि समाज की ओर से भगवान के प्रकटोत्सव पर उनके दिव्य इतिहास को याद कर शुभकामनाएं व्यक्त की गई। दीपक चिंडालिया ने बताया कि इस संबंध में शीघ्र ही शीर्ष अधिकारियों से मिल कर एक ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय शेफ दिवस मनाया


हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय शेफ दिवस की पूर्व संध्या पर बेगमपेट स्थित आशा कुटीर होम फॉर द ब्लाइंड में रूट्स कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कलिनरी आर्ट्स ने एक दिल छू लेने वाला कार्यक्रम, लंच विद लव का आयोजन किया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्रों और संकायों ने सहानुभूति और समावेशिता को बढ़ावा देते हुए दृष्टिबाधित छात्रों के लिए स्वादिष्ट भोजन तैयार कर उन्हें खिलाया।

उक्त जानकारी देते हुए प्रिंसिपल निखिल कुमार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय शेफ दिवस पर खाना पकाने की कला का जश्न मनाया गया और भोजन के माध्यम से प्यार साझा किया गया।

## माइक ड्रॉप प्रतियोगिता

हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेरापंथ किशोर मंडल-एक्सेस एवं तेरापंथ युवक परिषद् के तत्वाधान में तेरापंथ किशोर मंडल हैदराबाद ने मिकड्रॉप द सीक्रेट टू योर सक्सेस स्टोरी का आयोजन शासनश्री साध्वी श्री शिवमाला जी ठाणा 4 के सान्निध्य में तेरापंथ भवन, डी.वी. कॉलोनी में किया। इस कार्यक्रम में लगभग 9 कैटेगरी (पोएट्री, शायरी, हेल्थी रोस्टिंग, बीट बॉक्सिंग, स्पीच, स्टैंडअप कॉमेडी, जैन श्लोक का उच्चारण इत्यादि) में 17 लोगों ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। सिकंदराबाद के मंत्री हेमंत संचेती ने स्वागत वक्तव्य दिया। महिला मंडल की मंत्री सुशीला मोदी ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में टॉप परफॉर्मर के रूप में पहला स्थान पर जानव दुगड़, द्वितीय स्थान पर धृति दुगड़ व तीसरा स्थान निशा दुगड़ ने प्राप्त किया।

व इसके अलावा कंसोलेशन प्राइज रेखा जैन, प्रकाश दफ्तरी, दिव्य दुगड़ ने प्राप्त किया। अगले (जोनल) राउंड के लिए जनव दुगड़ (पोएट्री), ऋषभ गुजारनी (जैन श्लोक), दिव्यांश बोथरा (शायरी), प्रकाश दफ्तरी (स्पीच) को वोटिंग के माध्यम से चुना गया। पूर्वाध्यक्ष प्रवीण श्यामसुखा और संगठन मंत्री जिनेंद्र बैद ने टॉप परफॉर्मर को सम्मानित किया। किशोर मंडल के प्रभारी अरिहंत गुजरानी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन हिमाशु दुगड़, ऋषभ चिंडालिया, जय पींचा, रुद्र बैद, ईशान सुराणा, हृदेश सेठिया, दिव्यांश बोथरा ने किया।



**भाग्यलक्ष्मी मंदिर, चारमीनार, हैदराबाद की ट्रस्टी शशिकला ने हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात की और 31 अक्टूबर 2024 को मनाई जाने वाली दीपावली पूजा के लिए आमंत्रित किया।**

## दिवाली से मुफ्त गैस सिलेंडर योजना : मंत्री

अमरावती, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के नागरिक आपूर्ति मंत्री नाडेंडला मनोहर ने आज कहा कि सुपर सिक्स गारंटी के तहत, मुफ्त गैस सिलेंडर की योजना आगामी दिवाली त्योहार से शुरू की जाएगी। मंत्री ने गुंटूर जिले के तेनाली मंडल के संगंजागरलामुडी में आयोजित ग्राम उत्सव में भाग लिया और कई विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इस अवसर पर बोलते हुए मनोहर ने कहा कि चाहे कितनी भी वित्तीय कठिनाइयां क्यों न हों, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण विधानसभा चुनाव से पहले किए गए अपने वादों को लागू करने के लिए दृढ़ हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में 1.40 करोड़ राशन कार्ड धारक हैं और उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार को प्रति वर्ष तीन गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। मनोहर ने कहा कि अनुमान है कि इस योजना पर प्रति वर्ष 3000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पता चला है कि अगली कैबिनेट बैठक में योजना को मंजूरी दी जाएगी।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने 3 मजदूरों की हत्या की

### फायरिंग में कई घायल, सभी दूसरे राज्यों से आए थे, सीएम बोले- यह कायराना हरकत

श्रीनगर, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में रविवार की रात आतंकियों ने गैर-स्थानीय लोगों पर हमला कर दिया। हमले में 3 मजूदरों की जान चली गई। कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। दोनों एक सुरंग प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे।

हमले के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है, ताकि हमलावरों को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। घटना पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शोक जताया है।

उन्होंने कहा कि मैं इस हमले की कड़ी निंदा करता हूं और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। हाल ही में हुए चुनाव में गांदरबल विधानसभा क्षेत्र से उमर अब्दुल्ला जीते हैं। इससे पहले 16 अक्टूबर को शोपियां में आतंकियों ने गैर-स्थानीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## मिड मानेर जलाशय में एक्वा हब पर गतिरोध जारी

राजन्ना-सिरसिला, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के लिए जल जंक्शन, मध्य मनैर बांध में एक एकीकृत मीठे पानी का एक्वा हब स्थापित करने का प्रस्ताव अभी भी अधर में लटका हुआ है। पिछली बीआरएस सरकार ने तेलंगाना को मछली उत्पादन का केंद्र बनाने के लिए एक हब स्थापित करने की योजना बनाई थी, साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार भी प्रदान किया था। हब की योजना इस तरह से बनाई गई थी कि यह दुनिया का सबसे बड़ा एकीकृत मीठे पानी का एक्वा हब बन जाए।

इस क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाली 3 कंपनियां फिशिन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, राजन्ना एक्वा (नंदा समूह) और मुलपुरी एक्वा ने 1,300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करके एक्वा हब में अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए आगे आई थीं।

पिछली सरकार ने इस परियोजना की नींव रखने की योजना बनाई थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, लेकिन सरकार बदलने के साथ ही परियोजना पर गतिरोध जारी है।

आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि चयनित कंपनियों ने अभी तक सरकार के पास पैसा जमा नहीं कराया है और तेलंगाना औद्योगिक अवसंरचना निगम (टीजीआईआईसी) ने कंपनियों को नोटिस जारी किया है। सूत्रों ने बताया कि इन कंपनियों को पैसा जमा कराने का एक और मौका दिया गया है और अगर पैसा जमा हो जाता है तो जमीन आवंटन और अन्य काम शुरू कर दिए जाएंगे।

इस परियोजना का लक्ष्य 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के वार्षिक निर्यात को लक्षित करना है। साथ ही इसका उद्देश्य 4,800 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से तथा 7,000 लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस परियोजना को 300 एकड़ में विकसित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है तथा जलाशय के कुल जल विस्तार क्षेत्र के 1,500 एकड़ में से 150 एकड़ जल विस्तार क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इसमें मछली बीज उत्पादन, चारा उत्पादन, पिंजरे में पालन और मछली प्रसंस्करण सहित सभी गतिविधियां शामिल होंगी। इसमें समर्पित हैचरी, चारा उत्पादन इकाइयां, मछली प्रसंस्करण संयंत्र, निर्यात उन्मुख रसद और परीक्षण और अनुसंधान एवं विकास सुविधाएं होंगी। हर साल 1.2 लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन किया जाएगा। हैचरी में 5,750 लाख मीट्रिक टन पौधे तैयार किए जाएंगे। स्थानीय किसानों की मदद से चावल, मक्का, मूंगफली, सोयाबीन और पोल्ट्री अपशिष्ट का उपयोग करके दो लाख मीट्रिक टन मछली का चारा तैयार किया जाएगा।

## दक्षिण हैदराबाद में संपत्ति की कीमतें सबसे कम

### भूखंडों की मांग बढ़ी * विला, रो हाउस भी तेजी से किए जा रहे पसंद

हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के रियल एस्टेट बाजार में शहर के दक्षिणी क्षेत्रों में संपत्ति की कीमतें सबसे कम देखी जा रही हैं, साथ ही भूखंडों की मांग में भी वृद्धि देखी जा रही है। होमबॉयर सेंटिमेंट सर्वे- एच1 2024 के अनुसार, दक्षिण हैदराबाद में 2बीएचके फ्लैटों के लिए औसत बजट सीमा 45 लाख रुपये से 55 लाख रुपये है और औसत वर्गफुट दर 5,720 रुपये है। शहर के मध्य क्षेत्रों में संपत्ति की कीमतें सबसे अधिक हैं। इन क्षेत्रों में 2बीएचके फ्लैटों के लिए औसत बजट सीमा 1 करोड़ से 1.5 करोड़ रुपये है, और औसत वर्गफुट दर 9,450 रुपये है।

जीएचएमसी के अनुसार, मालकपेट, संतोषनगर, चंद्रयानगुट्टा, चारमीनार, फलकनुमा और राजेंद्र नगर हैदराबाद के दक्षिण क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। प्रॉपर्टी की कीमतों के अलावा, रिपोर्ट में बताया गया है कि हैदराबाद में 3बीएचके यूनिट की मांग सबसे ज़्यादा है। महामारी के बाद से पूरे भारत में भी बड़े घरों की मांग खरीदारों की प्राथमिकताओं पर हावी रही है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि आवासीय भूखंडों में संभावित खरीदारों की रुचि बढ़ रही है, तथा कम से कम 20 प्रतिशत संपत्ति चाहने वाले इनमें निवेश करना पसंद कर रहे हैं। हैदराबाद में 27 प्रतिशत खरीदार आवासीय प्लॉट को प्राथमिकता दे रहे हैं। कई बड़े और जाने-माने डेवलपर्स ने बड़े पैमाने पर आवासीय प्लॉट परियोजनाएं शुरू की हैं। इसी तरह, हैदराबाद में विला और रो हाउस भी तेजी से पसंद किए जा रहे हैं। हालांकि, अपार्टमेंट खरीदारों की पसंद पर हावी हैं।

## राजा सिंह को फिर से किया गया नजरबंद

हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा विधायक टी राजा सिंह को रविवार को फिर से नजरबंद कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि कांग्रेस सरकार मुझे सिकंदराबाद के मुत्यालम्मा मंदिर में जाने से क्यों रोक रही है? एक बार फिर, पुलिस ने मुझे आज नजरबंद कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि क्या सरकार मुझे चुप कराने के लिए दारूसलाम के आदेश पर काम कर रही है? आप मुझे कब तक दबाने की कोशिश करेंगे? चाहे आप मेरे रास्ते में कितनी भी बाधाएं डालें, मैं जल्द ही मंदिर जाऊंगा और माता मुत्यलम्मा का आशीर्वाद लूंगा।

पुलिस कर्मियों की एक टीम गोशामहल विधायक के घर पहुंची और उन्हें नजरबंद कर दिया, ताकि वे सिकंदराबाद जाने से रोक सकें। यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी सोमवार को राजा सिंह को घर में नजरबंद कर दिया गया था, जब उन्होंने मुत्यालम्मा मंदिर जाने की योजना बनाई थी।





**चिंतल स्थित काग परिवार द्वारा आयोजित संगीतादेवी, सुनितादेवी, पूजादेवी, गायत्री देवी काग के सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित आयोजक सुंदरदेवी-मांगीलाल काग, सेमादेवी-कालुराम काग, रमादेवी-भुराराम काग, मैनादेवी-पुसाराम (रामलाल) काग, भंवरलाल काग, बाबुलाल काग, भीकाराम लचेटा, नारायणलाल सोयल व अन्य।**

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### एक लाख नौजवानों...

मोदी ने कहा, पहले सरकारों में लाखों-करोड़ों के घोटालों की चर्चा छाई रहती थी। आज सवा सौ दिन में ही 15 लाख करोड़ के काम शुरू होने की चर्चा घर-घर में हो रही है। यही तो वो बदलाव है, जो देश चाहता है। उन्होंने कहा, एक लाख युवाओं को राजनीति में लाऊंगा। ये भ्रष्टाचार और परिवारवादी मानसिकता को मिटाने का अभियान है। इससे पहले मोदी काशी में जिस रूट से गुजरे, उसके दोनों तरफ कार्यकर्ताओं का हुजूम फूल बरसाकर, शंख और ढोल-नगाड़े बजाकर उनका स्वागत किया।

पीएम मोदी के आने से पहले कांग्रेस ऑफिस के बाहर फोर्स तैनात कर दी गई थी। कांग्रेसियों ने पीएम से मिलने जाने की चेतावनी दी थी। कांग्रेस कार्यकर्ता निकले तो पुलिस ने उनको रोक दिया। लोकसभा चुनाव के बाद यह पीएम का दूसरा काशी दौरा है।

पीएम मोदी ने कहा, भारत के सामने परिवारवादी राजनीति का बहुत बड़ा खतरा है। ये परिवादी सबसे ज्यादा नुकसान देश के युवाओं का करते हैं। ये कभी भी युवाओं को मौका देने पर विश्वास नहीं करते हैं। इसलिए मैंने आह्वान किया है कि मैं देश के एक लाख ऐसे नौजवानों को राजनीति में लाऊंगा, जिनके परिवार का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# भारत में 36 साल बाद जीता न्यूजीलैंड

## 8 विकेट से नाम किया बेंगलुरू टेस्ट, 45वीं बार ये कमाल

बेंगलुरू, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया को हराकर न्यूजीलैंड ने बेंगलुरु टेस्ट जीत लिया है. इसी के साथ कीवी टीम ने इतिहास भी रचा. उसने 36 साल बाद भारतीय जमीन पर टेस्ट मैच में अपनी जीत की स्क्रिप्ट लिखी. न्यूजीलैंड ने साल 1988 में आखिरी बार भारत में टेस्ट मैच जीता था. मुंबई के वानखेड़े मैदान पर मिली उस जीत के बाद ये पहली बार है, जब कीवी टीम ने भारत में अपनी टेस्ट जीत का पताका फहराया है. न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को बेंगलुरु टेस्ट में 8 विकेट से हराया. इसी के साथ उसने 3 टेस्ट की सीरीज में 1-0 की बढ़त भी बना ली.




**न्यूजीलैंड ने चेज किया 107 रन का टारगेट**

भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के सामने जीत के लिए 107 रन का लक्ष्य रखा था. कीवी टीम के पास इस स्कोर को हासिल करने के लिए हाथ में 10 विकेट और पूरे दिन का खेल बचा था. ऐसे में वो जीत का प्रबल दावेदार था. और हुआ भी ठीक वैसा ही. न्यूजीलैंड ने सिर्फ 2 विकेट गंवाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया.

रचिन और यंग ने न्यूजीलैंड को ऐतिहासिक जीत तक पहुंचाया

न्यूजीलैंड को विल यंग और रचिन रवींद्र ने मिलकर ऐतिहासिक जीत तक पहुंचाया. ये 21वीं सदी में भारतीय मैदान पर न्यूजीलैंड की पहली जीत है. ऐसा इसलिए क्योंकि 1988 में आखिरी जीत दर्ज करने के बाद न्यूजीलैंड कभी भारत में कोई टेस्ट जीता ही नहीं था. लेकिन, उसका वो इंतजार अब थम चुका है.

**45वीं बार किया ये कमाल**

बेंगलुरु में भारत को हराकर न्यूजीलैंड ने एक और कमाल किया. पहली पारी में 200 प्लस रन की बढ़त लेने के बाद टेस्ट क्रिकेट में उसने अपनी 45वीं जीत दर्ज की. न्यूजीलैंड ने अब तक 59 टेस्ट की पहली पारी में 200 प्लस रन की बढ़त ली है और उसे किसी में भी हार का सामना नहीं करना पड़ा है. उन 59 में 45 उसने जीते तो 14 मुकाबले ड्रॉ कराए हैं.

**भारत-न्यूजीलैंड बेंगलुरु टेस्ट का हाल**

बेंगलुरु टेस्ट के पूरे रोमांच की बात करें तो भारत की पहली पारी 46 रन पर सिमटने के बाद न्यूजीलैंड ने 402 रन का टोटल अपनी फर्स्ट इनिंग में खड़ा किया. कीवी टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में रचिन रवींद्र की बड़ी भूमिका रही, जिन्होंने अपने टेस्ट करियर का दूसरा , भारत के खिलाफ पहला और विदेशी जमीन पर भी पहला शतक जड़ा. न्यूजीलैंड को पहली पारी में 356 रन की बढ़त मिली. सरफराज खान के शतक और ऋषभ पंत की 99 रन की दमदार पारी की बदौलत भारत न्यूजीलैंड की बढ़त से तो उबर गया पर अपनी हार नहीं टाल पाया.

# इमर्जिंग एशिया कप: भारत ने पाकिस्तान को हराया

## तिलक वर्मा ने 44 रन बनाए, अंशुल ने 3 विकेट लिए; अभिषेक-सुफियान में बहस

ओमान, इंडिया-ए ने इमर्जिंग एशिया कप 2024 में अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान-ए को 7 रन से हराया। ओमान के अल अमरात क्रिकेट ग्राउंड में भारतीय कप्तान तिलक वर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

टीम इंडिया ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 176 रन ही बना सकी। कप्तान तिलक वर्मा ने 44 रन बनाए। अंशुल कंबोज ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। अंशुल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

मैच के दौरान अभिषेक शर्मा और पाकिस्तानी बॉलर सुफियान मुकीम के बीच बहस हो गई। पाकिस्तान के लिए 7वां ओवर सुफियान करने आए। उन्होंने ओवर की पहली ही बॉल पर अभिषेक का विकेट ले लिया। अभिषेक को आउट करने के बाद सुफियान ने मुंह पर उंगली रख कर उन्हें सेंड ऑफ दिया। इस पर अभिषेक नाराज हो गए और उन्हें घूरने लगे और दोनों के बीच बहस हो गई। इस बीच अंपायर ने बीच-बचाव किया। इंडिया-ए के लिए तिलक वर्मा 35 गेंदों पर 44 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 36 और स्टार ओपनर अभिषेक वर्मा ने 35 रन बनाए।



नेहाल वधेरा ने 25 और रमनदीप सिंह ने 17 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान-ए के लिए सुफियान मुकीम ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।

अंशुल कंबोज ने 3 विकेट लिए

टारगेट का पीछा कर रही पाकिस्तान-ए के लिए अराफात मिन्हास ने सबसे ज्यादा 29 गेंदों पर 41 रनों की पारी खेली। वहीं यासिर खान ने 33 और कासिम अकरम ने 27 रनों का योगदान दिया। भारत-ए के लिए अंशुल कंबोज ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए।

बाएं हाथ के स्पिनर निशांत सिंधु पाकिस्तान की पारी के दौरान 9वां ओवर करने आए। उनके ओवर की पहली ही गेंद को यासिर खान ने पुल किया। गेंद डीप मिड-विकेट बाउंड्री की ओर 4 रन के लिए जा रही थी लेकिन तभी रनिंग करते रमनदीप वहां पहुंच गए और डाइव लगाकर अपने दाएं हाथ से कैच लपक लिया।

एसीसी मेंस इमर्जिंग एशिया कप का यह छठा सीजन है। इस बार छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। ग्रुप-ए में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और हांगकांग है। वहीं ग्रुप-बी में भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई शामिल हैं। पाकिस्तान और श्रीलंका ने दो-दो खिताब जीते हैं। वहीं भारत ने एक बार जीता है।

# डब्ल्यूटीसी की प्वॉइंट्स टेबल में भारत को बड़ा झटका

## हुआ भारी नुकसान, अब फाइनल में पहुंचने के लिए जीतने होंगे 5 मैच

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा. इस हार के बाद भारतीय टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वॉइंट्स टेबल में भी बड़ा झटका लगा है. फाइनल की बड़ी दावेदार मानी जा रही टीम इंडिया के लिए अब ये रास्ता काफी मुश्किल हो गया है.

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा. बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम ने एकतरफा अंदाज में बाजी मारी. इसी के साथ न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारत में टेस्ट में जीतने का कारनामा किया. वहीं, ये हार टीम इंडिया को काफी भारी पड़ी है. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वॉइंट्स टेबल में टीम इंडिया को भारी नुकसान हुआ है. अब उनके लिए फाइनल में पहुंचने का




रास्ता भी मुश्किल हो गया है.

डब्ल्यूटीसी की प्वॉइंट्स टेबल में टीम इंडिया को नुकसान

इस सीरीज की शुरुआत से पहले भारतीय टीम 74.24 जीत प्रतिशत के साथ टॉप पर थी. लेकिन इस हार के बाद उसे भारी झटका लगा है. अब उसका जीत प्रतिशत 68.06 हो गया है. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का यह तीसरा राउंड है, जो 2023 से 2025 तक चलेगा. इस तीसरे चक्र में टीम इंडिया ने अभी तक 12 टेस्ट मैच खेले हैं. इस दौरान उसे 8 मैचों में जीत मिली है और 3 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है. वहीं, एक मुकाबला ड्रॉ रहा है. इसके अलावा 62.50 जीत प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया विराजमान है.

**फाइनल में पहुंचने के लिए जीतने होंगे इतने मैच**

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र में टीम इंडिया के अब 7 मुकाबले बाकी हैं. इनमें से दो मैच उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने हैं. वहीं, 5 टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है. ऐसे में टीम इंडिया को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचना है तो कम से कम 5 मैच जीतने होंगे. इसके अलावा 4 मैच जीतने की स्थिति में भारत को अन्य किसी टीम की जीत या हार पर निर्भर रहना पड़ सकता है. यानी टीम इंडिया के लिए अब फाइनल का रास्ता काफी मुश्किल हो गया है. बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में जीत ही भारतीय टीम को फाइनल में पहुंचा सकती है.

**8 विकेट से हारा बेंगलुरु टेस्ट मैच**

टीम इंडिया इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था. लेकिन वह अपनी पहली पारी में 46 रन पर ही ऑल आउट हो गई थी. इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम ने अपनी पहली पारी में 402 रन बनाए. वहीं, टीम इंडिया ने दूसरी पारी में वापसी करते 462 रन बनाए. ऐसे में टीम इंडिया ने इस मुकाबले में न्यूजीलैंड के सामने जीत के लिए 107 रन का टारगेट रखा. न्यूजीलैंड ने इस टारगेट को सिर्फ 2 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया और 36 साल के बाद भारत में कोई टेस्ट मैच जीता.

## 11 साल पहले छोड़ा भारत

# सौरभ नेत्रवलकर ने सुपर ओवर में नेपाल को जिताया, यूएसए ने गंवाई टी20 सीरीज

डलास, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूएसए के दौरे पर गई नेपाल की टीम ने 3 मैचों की T20 सीरीज जीत ली है. सीरीज का दूसरा मैच नेपाल ने सुपर ओवर में जीता और 2-0 की अजेय बढ़त ले ली. नेपाल को सुपर ओवर में उस खिलाड़ी ने जिताया, जिसका पूरा बचपन भारत में बीता है. उस खिलाड़ी को क्रिकेट का चस्का भी भारत में लगा था. और, जो 11 साल पहले भारत छोड़कर नेपाल चला गया था. हम बात कर रहे हैं ऑलराउंडर सोमपाल कामी की, जिन्होंने सुपर ओवर में किए अपने कमाल की बदौलत नेपाल को जीत दिलाई है.



**11 साल पहले सोमपाल ने छोड़ा था भारत**

सोमपाल कामी मूल रूप से नेपाल के ही रहने वाले हैं. उनका ताल्लुक पश्चिमी नेपाल के गुल्मी से है. वो जब छोटे थे तभी उनके मां-बाप उन्हें लेकर भारत में पंजाब आ गए थे. भारत में रहते हुए सोमपाल ने कई स्कूल और क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट खेले. लेकिन, फिर करियर को नई दिशा देने के मकसद से वो 2013 में 17 साल की उम्र में फिर से नेपाल चले गए. 2014 में सोमपाल ने नेपाल के लिए डेब्यू किया और तब से अब तक टीम के मजबूत स्तंभ बने हैं, जिसका की उदाहरण भी उन्होंने यूएसए के खिलाफ अपने परफॉर्मेंस से दे दिया.

**नेपाल-यूएसए ने बनाए 170-170 रन**

नेपाल और यूएसए के बीच दूसरे T20 का फैसला सुपर ओवर में हुआ. इससे पहले दोनों टीमों ने 20-20 ओवरों के खेल के बाद 170-170 रन बनाए. पहले बल्लेबाजी करते हुए कुशल भुर्तेल के नाबाद 92 रन की बदौलत नेपाल ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाए थे. उसके बाद यूएसए ने भी 20 ओवर में 8 विकेट पर 170 रन बनाए. यूएसए की ओर से विकेटकीपर एंड्रीज गूज ने सबसे ज्यादा 62 रन की पारी खेली.

सुपर ओवर में जीता नेपाल, सोमपाल कामी चमके

सुपर ओवर में यूएसए ने पहले बल्लेबाजी की, जहा जितने रन बरसने चाहिए थे, उनसे नहीं बने. हाल इतना बुरा हुआ कि यूएसए पूरा सुपर ओवर भी नहीं खेल सकी, पहली 4 गेंदों में ही 2 रन पर उसके 2 विकेट गिर गए. ये दोनों विकेट सोमपाल कामी ने लिए, जिसके चलते यूएसए की टीम मुश्किल में आ गई.

नेपाल को 3 रन बनाने का आसान सा लक्ष्य मिला. यूएसए ने अपने सबसे अनुभवी गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर को गेंद थमाकर नेपाल को सुपर ओवर जीतने से रोकने की कोशिश की पर वो असफल रहे.

# रणजी ट्रॉफी में आग उगल रहा वाशिंगटन सुंदर का बल्ला

## दमदार शतक से लूट ली महफिल



नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का बल्ला रणजी ट्रॉफी 2024 में जमक बोला है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हो रहे तमिलनाडु और दिल्ली के मुकाबले में सुंदर टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे और उन्होंने कमाल कर दिया। उन्होंने इस मौके को दोनों हाथों से कबूल किया और दिल्ली के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी।

तीसरे नंबर पर आकर ठोका सुंदर ने शतक

तमिलनाडु ने वाशिंगटन सुंदर को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए भेजा। ऐसे में सुंदर ने 269 गेंदों का सामना किया और 56.51 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 152 रन की गजब पारी खेली। उन्होंने अपनी इनिंग्स में 19 चौके और 1 छक्का भी लगाया। उन्होंने साई सुदर्शन (213) के साथ दूसरे विकेट के लिए 232 रन जोड़ने के बाद भारत ए के बल्लेबाज पॉल (117) के साथ चौथे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। आंद्रे सिद्धार्थ ने भी नाबाद 66 रन बनाए।

**टिम साउदी ने चकनाचूर कर दिया वीरेंद्र सहवाग का खास रिकॉर्ड**

सुंदर और प्रदोष रंजन पॉल ने दिल्ली के कमजोर स्पिन आक्रमण का पूरा फायदा उठाते हुए शतक जड़े जिससे तमिलनाडु रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में अपनी पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रहा।

तमिलनाडु ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 674 रन पर घोषित की। दिल्ली ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 43 रन बनाए थे।

सलामी बल्लेबाज ध्रुव कौशिक के चोटिल होने के कारण सनत सांगवान के साथ हर्ष त्यागी ने पारी का आगाज किया। दिल्ली की समस्या यहीं तक सीमित नहीं है। उसके ऑलराउंडर प्रांशु विजयरन भी चोटिल हो गए हैं।

**वाशिंगटन सुंदर का टेस्ट करियर**

25 साल के वाशिंगटन सुंदर ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट में डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक अपने करियर में कुल 4 टेस्ट खेले, जिसमें उन्होंने 265 रन बनाए और 6 विकेट भी लिए।

# हार के बाद रोहित शर्मा का बड़ा बयान

## कहा हमें अपने प्रयास पर गर्व है

बेंगलुरु, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया को बेंगलुरु टेस्ट में न्यूजीलैंड ने 8 विकेट हरा दिया है। इसके साथ ही कीवी टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पहली पारी में महज 46 रनों पर ऑलआउट होने के बाद टीम इंडिया के ऊपर पहले से ही हार का खतरा मंडराने लगा था। लेकिन टीम इंडिया ने काफी फाइट की। वहीं हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा का बड़ा बयान सामने आया है।



हार के बाद क्या बोले रोहित?

बेंगलुरु टेस्ट में मिली हार के बाद रोहित शर्मा ने बताया कि, दूसरी पारी में हमने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन पहली पारी में हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। इसलिए हम जानते थे कि आगे क्या होने वाला है और कुछ खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे थे। जब आप 350 रन से पीछे होते हैं तो आप ज्यादा बारे में ज्यादा नहीं सोच सकते, बस गेंद और बल्लेबाजी देखनी होती है। कुछ साझेदारिया देखना वाकई रोमांचक था। हम आसानी से सस्ते में आउट हो सकते थे, लेकिन हमें अपने प्रयास पर गर्व है।

**पंत और सरफराज की हुई तारीफ**

आगे रोहित ने कहा कि, जब वे दोनों बल्लेबाजी करते हैं तो हर कोई सीट के किनारे पर होता है। ऋषभ ने कुछ गेंदें छोड़ दीं और फिर शॉट खेले। सरफराज ने भी काफी परिपक्वता दिखाई। मैंने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि हमें पता था कि शुरुआत में यह मुश्किल होगा, लेकिन हमें 46 रन पर आउट होने की उम्मीद नहीं थी। न्यूजीलैंड ने अच्छी गेंदबाजी की और हम उसका जवाब नहीं दे पाए। इस तरह के खेल होते रहते हैं। हम आगे बढ़ेंगे। हमने इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच गंवाया और उसके बाद चार मैच जीते। हम जानते हैं कि हममें से प्रत्येक को क्या चाहिए।

# नसीम शाह को जसप्रीत बुमराह से बताया बेहतर

## पाकिस्तानी खिलाड़ी की फैंस ने लगा दी क्लास

इस्लामाबाद, 20 अक्टूबर (एजेंसियां)। आज के समय में दुनियाभर की टीमों ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी का लोहा माना है। बुमराह का सामना करना बल्लेबाजों के लिए उतना आसान नहीं होता है। बुमराह अकेले दम पर मैच का रुख बदलने का दम रखते हैं और उन्होंने टीम इंडिया के लिए कई बार ऐसा करके दिखाया है। वहीं अब पाकिस्तान के एक तेज गेंदबाज ने बुमराह से बेहतर नसीम शाह को बताने जैसा बेतुका बयान दिया है। जिसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने इस पाकिस्तान क्रिकेटर की जमकर क्लास लगाई है।

इहसानुल्लाह का बेतुका बयान

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज इहसानुल्लाह ने एक चौंकाने वाला बयान देते हुए उनके साथी तेज गेंदबाज नसीम शाह को भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से बेहतर बताया है। एक पॉडकास्ट में इहसानुल्लाह ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि,







"अगर मैं बुमराह की तुलना करूं, तो नसीम शाह बुमराह से बेहतर गेंदबाज हैं। बुमराह के हालिया फॉर्म के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "नहीं, आप देख ही रहे हैं। नसीम शाह 2021 (2022) विश्व कप में भी इसी तरह का प्रदर्शन कर रहे थे। अगर कोई एक साल में बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं करता है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। फिर भी, नसीम शाह उनसे बेहतर हैं।"

उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर फैंस इहसानुल्लाह के जमकर मजे ले रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करके लिखा कि इहसान उल्लाह के अनुसार, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अमेरिका से भी बड़ी है।

**न्यूजीलैंड सीरीज में धमाल मचा रहे बुमराह**

जसप्रीत बुमराह को टीम इंडिया का सबसे बड़ा गेम चेंजर गेंदबाज माना जाता है। जब-जब टीम इंडिया को विकेट की जरूरत होती है तो कप्तान गेंद बुमराह को थमा देता है। फिलहाल बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कमाल की गेंदबाजी कर रहे हैं। दूसरी पारी में अब टीम इंडिया की उम्मीदें बुमराह पर टिकी होंगी। क्योंकि टीम इंडिया को 107 रनों के स्कोर का बचाव करना है।

# महान कार्य करने के लिए जोखिम उठाना चाहिए : रेवंत रेड्डी

## आईएसबी के छात्र हैदराबाद, तेलंगाना और नए भारत के ब्रांड एंबेसडर

### मुख्यमंत्री ने आईएसबी लीडरशिप समिट में भाग लिया

हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने रविवार को हैदराबाद में आईएसबी कैंपस में आईएसबी लीडरशिप समिट में भाग लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आईएसबी लीडरशिप समिट में आप सभी से मिलकर बहुत खुशी हुई। इस वर्ष आईएसबी द्वारा चुने गए "नए भारत में नेतृत्व" विषय पर अपने विचार यहां साझा कर रहा हूं। आईएसबी के सभी छात्र युवा, बुद्धिमान हैं और उनमें असाधारण नेतृत्व क्षमताएं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में शानदार नेताओं की विरासत है। महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पीवी नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह उनमें से हैं।




हर महान नेता के लिए साहस सबसे महत्वपूर्ण है। बुद्धिमत्ता, कौशल और कड़ी मेहनत के अलावा, भाग्य भी महत्वपूर्ण है। महान कार्य करने के लिए जोखिम उठाना चाहिए। जोखिम उठाए बिना कोई भी व्यक्ति सफल नहीं हो सकता। महान नेता हमेशा बलिदान देने के लिए तैयार रहते हैं। कई बार, हम संघर्ष में बहुत कुछ खो देते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के महान नेताओं और कांग्रेस नेताओं ने लोगों की खातिर अपने करियर, पैसे, आराम, स्वतंत्रता और अपने जीवन का भी बलिदान दिया। सबसे पहले, एक अच्छा और महान नेता बनने के लिए साहस और त्याग के दो महान मूल्यों के बारे में सोचें। आप सफल होंगे यदि आपमें साहस है और त्याग के लिए तैयार हैं। हमेशा लोगों से सीधा संपर्क बनाए रखें। गरीब, अमीर, युवा और बूढ़े सभी को समान सम्मान दें और उनके साथ मित्रवत व्यवहार करें। अगर हम लोगों के संपर्क में हैं तो हम कुछ भी हासिल कर सकते हैं। आईएसबी के छात्र हैदराबाद, तेलंगाना और नए भारत के ब्रांड एंबेसडर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा लक्ष्य तेलंगाना को "ट्रिलियन डॉलर" की अर्थव्यवस्था बनाना है। ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हैदराबाद को 600 बिलियन डॉलर के शहर के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। दुनिया के हर हिस्से में तेलंगाना राज्य को बढ़ावा देने के लिए आईएसबी की मदद की आवश्यकता है। आईएसबी के छात्रों से अपील है कि वे अन्य स्थानों की यात्रा के दौरान निवेशकों, व्यापारियों और आम लोगों से तेलंगाना और हैदराबाद के बारे में चर्चा करें। हमारा लक्ष्य है कि हैदराबाद को न्यूयॉर्क, लंदन, पेरिस, टोक्यो और सियोल जैसे शहरों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, न कि देश के अन्य शहरों के साथ अकेले रहना चाहिए। बड़ा लक्ष्य भारत और हैदराबाद को दुनिया में निवेश के लिए सबसे अच्छे गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना है। कुछ भी असंभव नहीं है। मेरी सरकार आईएसबी के साथ दो से तीन साल तक काम करने को तैयार है। हम भले ही बड़ी तनख्वाह न दें, लेकिन अच्छे अवसर और बड़ी चुनौतियां जरूर देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने एक कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की। गच्चीबोवली में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की। दक्षिण कोरिया में खेल विश्वविद्यालय का दौरा किया। दक्षिण कोरिया जैसे छोटे देश ने ओलंपिक खेलों में कई पदक जीते। भारत ओलंपिक में एक भी स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर सका। मेरा लक्ष्य ओलंपिक में पदक जीतना है। मेरा विचार हैदराबाद को देश के लिए रोल मॉडल बनाना है।

## सिकंदराबाद मंदिर हिंसा के सिलसिले में 5 मामले दर्ज

हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस ने शनिवार को सिकंदराबाद के मुत्यालम्मा मंदिर में विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा करने वाले लोगों के खिलाफ पांच मामले दर्ज किए। लगभग 15 पुलिसकर्मियों के अलावा कुछ नागरिक भी उस समय घायल हो गए जब पुलिस ने एक भीड़ को रोकने की कोशिश की जो कथित तौर पर सिकंदराबाद के कुमारवाड़ी में स्थित एक मस्जिद की ओर बढ़ने की कोशिश कर रही थी। यह मस्जिद मुत्यालम्मा मंदिर से कुछ ही मीटर की दूरी पर है।

पुलिस को आक्रामक भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा, जिसने मंदिर के पास तैनात पुलिस दल पर चप्पल, पत्थर और लाठियां बरसाईं। मोंडा मार्केट पुलिस स्टेशन में 4 मामले दर्ज किए गए जबकि गोपालपुरम पुलिस स्टेशन में एक और मामला दर्ज किया गया। ये मामले पथराव, पुलिस कर्मियों पर हमला, आरटीसी बसों को नुकसान पहुंचाने और मेट्रोपोलिस होटल में तोड़फोड़ करने के प्रयास से संबंधित हैं।

पुलिस हिंसा करने वाले लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। डीसीपी (उत्तर) रश्मि पेरुमल ने कहा कि करीब 3,000 लोगों ने बिना अनुमति के विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया था। कुछ उपद्रवियों ने मस्जिद की ओर बढ़ने के लिए पुलिस टीम पर पत्थर फेंके। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पाया कि शहर के विभिन्न इलाकों से विरोध प्रदर्शन के आह्वान के बाद लोग एकत्र हुए थे।

# बंजारा हिल्स के पब में छापा

### ग्राहकों को आकर्षित करने वाली 42 महिलाओं समेत 149 गिरफ्तार

हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर टास्क फोर्स, वेस्ट जोन टीम के अधिकारियों ने हैदराबाद के बंजारा हिल्स के रोड नंबर 3 में स्थित एक पब पर छापा मारा। पब में अश्लील गतिविधियों का आयोजन और कई नियमों का उल्लंघन पाया गया। इस मामले में कुल 149 लोगों को गिरफ़्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में 42 महिलाएं, प्रबंधन स्टाफ 7, पुरुष ग्राहक-98, दो भागीदार शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आयुक्त के टास्क फोर्स वेस्ट ज़ोन, इंस्पेक्टर ई. जंगय्या ने टीम के साथ हैदराबाद के बंजारा हिल्स, रोड नंबर तीन पर स्थित एक पब पर छापा मारा। यह ऑपरेशन प्रतिष्ठान में होने वाली गैरकानूनी गतिविधियों के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया था। छापे के दौरान, हमारे अधिकारियों ने पाया कि डीजे संगीत अनुमेय डेसिबल स्तर से अधिक मात्रा में बजाया जाता है, साथ ही डिस्को लाइटिंग भी अनुचित है। कई ग्राहकों को महिलाओं के साथ अनुचित तरीके से नाचते हुए देखा गया, जबकि पब में मौजूद महिलाएं अत्यधिक शराब पीने को प्रोत्साहित कर रही थीं। यह पाया गया कि ये महिलाएं अश्लील हरकतें कर रही थीं, जिससे अन्य ग्राहकों में अशांति फैल रही थी। आगे की जांच में पता चला कि पब के पास चलाने के लिए वैध लाइसेंस नहीं था और प्रतिष्ठान के पास सिर्फ़ बार और रेस्टोरेंट का लाइसेंस था। यह स्पष्ट हो गया कि इसमें शामिल महिलाएं



पुरुष ग्राहकों को नहीं जानती थीं, जिससे पता चलता है कि उन्हें ग्राहकों के बिलों को कृत्रिम रूप से बढ़ाने के लिए प्रबंधन द्वारा काम पर रखा गया था। प्रबंधन प्रति पुरुष ग्राहक 1,000 रुपये का भारी प्रवेश शुल्क ले रहा था, जिसमें से 500 रुपये शराब के लिए आवंटित किए गए थे। इसके अतिरिक्त, प्रतिष्ठान में भीड़भाड़ पाई गई, जो कानूनी सीमा से ज़्यादा थी। प्रबंधन द्वारा पब को डांस बार में बदलने की कार्रवाई (जिसमें उपरोक्त सुविधाएं शामिल थीं) का उद्देश्य अवैध रूप से ग्राहकों को आकर्षित करना और लाभ कमाना था। इससे पहले इस छापे के दौरान पकड़ी गई 42 महिलाओं में से दस को पहले भी पकड़ा जा चुका है। सभी ग्राहकों और महिलाओं को आगे की जांच के लिए बंजारा हिल्स पुलिस को सौंप दिया गया है। प्रबंधन और इस गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रुप-I उम्मीदवारों ने की परीक्षा स्थगित करने की मांग



हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रुप-I सेवा भर्ती के उम्मीदवारों ने कई अनसुलझे मुद्दों का हवाला देते हुए, जिससे उनकी तैयारी करने की क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई है, रविवार को सोमवार से निर्धारित मुख्य परीक्षा स्थगित करने की अपनी मांग दोहराई। अभ्यर्थी चाहते थे कि तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीजीपीएससी) 20 नवंबर को उच्च न्यायालय के अंतिम फैसले के बाद परीक्षाओं को पुनर्निर्धारित करे और आरक्षण मानदंडों पर स्पष्ट दिशानिर्देश और अध्ययन सामग्री पर स्पष्टता मांगे।

टीजीपीएससी अनुसूची के अनुसार, ग्रुप-मुख्य परीक्षाएं 21 से 27 अक्टूबर तक आयोजित की जाएंगी। अपनी मांग का समर्थन करते हुए अभ्यर्थियों ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा जारी शासनादेश संख्या 29 में एससी, एसटी, बीसी और ईडब्ल्यूएस श्रेणियों के लिए आरक्षण मानदंडों को बदल दिया गया है, जिससे कई अभ्यर्थी नए नियमों के तहत अयोग्य हो गए हैं। सरकारी आदेश 29 वर्तमान में न्यायिक समीक्षा के अधीन है और 20 नवंबर को इस पर निर्णय आने की उम्मीद है, इस अनिश्चितता के कारण अभ्यर्थी परीक्षा और उसके परिणाम की वैधता पर सवाल उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम छात्र न केवल परीक्षा कराना चाहते हैं, बल्कि मुकदमे मुक्त परिणाम भी चाहते हैं। इसके अलावा, टीजीपीएससी ने उच्च न्यायालय में तेलुगू अकादमी की पाठ्यपुस्तकों को मानक नहीं बताया है, जिसका उपयोग अभ्यर्थी तेलंगाना के इतिहास, भूगोल और आंदोलनों जैसे विषयों की तैयारी में कर रहे हैं, जिससे छात्र पूरी तरह असमंजस में हैं। उन्होंने कहा कि इस अचानक परिवर्तन से अभ्यर्थियों में व्यापक भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है, तथा उन्हें इस बात को लेकर अनिश्चितता हो गई है कि तैयारी के लिए कम समय बचा होने पर किस सामग्री पर भरोसा करें।

अभ्यर्थियों ने दुख व्यक्त किया कि इन मुद्दों को सुलझाने के लिए उनके द्वारा किए गए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों पर पुलिस द्वारा क्रूर बल का प्रयोग किया गया, गिरफ्तारियां की गईं तथा अध्ययन कक्षों में बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई।

छात्रों ने कहा कि इन कार्यों से उत्पन्न मानसिक और भावनात्मक तनाव ने कई उम्मीदवारों की परीक्षा की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को गहराई से प्रभावित किया है। इसके अलावा, खेल कोटे के तहत उम्मीदवारों को केवल 19 अक्टूबर को हॉल टिकट जारी किए गए थे, जबकि परीक्षा 21 अक्टूबर से निर्धारित थी, उन्होंने कहा कि इस अंतिम मिनट की अधिसूचना से अत्यधिक परेशानी हुई है क्योंकि इन उम्मीदवारों को पर्याप्त रूप से तैयारी करने के लिए अपर्याप्त समय मिला है।

## सड़ा मांस परोसने के आरोप में कई भोजनालय जांच के घेरे में

### सुरक्षा मानदंडों का घोर उल्लंघन, रसोई घर भी मिला अस्वच्छ होटल प्रबंधन को नोटिस, कार्रवाई शुरू

निजामाबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य खाद्य सुरक्षा टास्क फोर्स द्वारा हाल ही में की गई छापेमारी से निजामाबाद शहर के कई लोकप्रिय होटलों में खाद्य पदार्थों में मिलावट के गंभीर मुद्दे सामने आए हैं, जहां सभी सुरक्षा मानदंडों का घोर उल्लंघन करते हुए सड़ा हुआ मांस पकाया जा रहा था और ग्राहकों को परोसा जा रहा था।

क्षेत्रीय सहायक खाद्य नियंत्रक वी ज्योतिर्मयी के नेतृत्व में राज्य खाद्य सुरक्षा टास्क फोर्स ने खुलासा किया कि शहर के कई होटलों में एक्सपायर हो चुके चिकन, मटन, झींगा और अन्य मांस का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसके अलावा, अधिकारियों ने इन होटलों के रसोई घर को भी अस्वच्छ पाया। शनिवार को राज्य खाद्य सुरक्षा टास्क फोर्स के सदस्यों ने मिर्ची कम्पाउंड में दो सितारा होटलों, एक मिठाई की दुकान और मसाला दुकानों पर छापेमारी की।

लहरी होटल के रसोईघर का निरीक्षण किया गया, जहां प्लास्टिक कवर में 122 किलोग्राम मांस रखा हुआ मिला। 30,000 रुपये मूल्य के सड़े हुए मांस के सामान, खाना पकाने में इस्तेमाल किए गए हानिकारक रंग, मसाला मिर्ची पेस्ट और फफूंद से संक्रमित सब्जियों की पहचान की गई और उन्हें नष्ट कर दिया गया। जोनल सहायक खाद्य नियंत्रक ने होटल प्रबंधन को नोटिस थमा दिया। वामसी इंटरनेशनल होटल में निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि फ्रिज में हानिकारक रंगों से बनी मांसाहारी वस्तुएं रखी हुई थीं। यह पाया गया कि व्यंजन तैयार करने में एक्सपायर हो चुके मिर्च पाउडर और मसाला पाउडर का इस्तेमाल किया जा रहा था। होटल का रसोईघर गंदा पाया गया, उसमें रोशनी और हवा की कोई व्यवस्था नहीं थी। खाद्य सुरक्षा टीम ने होटल प्रबंधन को नोटिस जारी किया। संदिग्ध नमूने एकत्र कर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए।

दिल्लीवाला स्वीट होम में असुरक्षित रसोई में मिठाई बनाते हुए पाया गया। स्वीट हाउस के मालिक को चेतावनी दी गई कि अगर वह अपनी रसोई में साफ-सफाई नहीं रखेगा तो उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा। टीम ने बाजार क्षेत्र में मसाला पाउडर बेचने वाली दुकानों पर भी छापेमारी की और नमूने एकत्र कर उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। सहायक खाद्य नियंत्रक ने कहा कि प्रयोगशाला रिपोर्ट के आधार पर होटलों और रेस्तराओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने खाद्य सुरक्षा को प्राथमिकता दी है, जिसमें ऐसे खाद्य पदार्थों पर ध्यान केंद्रित किया गया है जो आसानी से खराब हो सकते हैं। हमारी खाद्य सुरक्षा टीमें होटलों में नियमित निरीक्षण कर रही हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के इस खुलासे से निजामाबाद शहर के नागरिक स्तब्ध रह गए हैं।

# रैतु भरोसा निवेश सहायता के लिए आंदोलन

> जगह-जगह जलाए गए सीएम के पुतले

> बीआरएस कार्यकर्ताओं ने किसानों के साथ की नारेबाजी

> सरकार ने निवेश सहायता देने से इनकार करके दिया धोखा

हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूरे राज्य में किसानों और बीआरएस कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर राज्य सरकार और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के पुतले जलाए और वनकालम (खरीफ) सीजन के लिए रैतु भरोसा निवेश सहायता के भुगतान की मांग की। उन्होंने राज्य सरकार के फैसले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने निवेश सहायता देने से इनकार करके उन्हें धोखा दिया है।



कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने शनिवार को घोषणा की थी कि राज्य सरकार रैतु भरोसा निधि वितरित नहीं कर पाएगी, क्योंकि कैबिनेट उप-समिति ने अभी तक अपने दिशानिर्देश प्रस्तुत नहीं किए हैं। किसानों ने बीआरएस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आदिलाबाद, निजामाबाद, करीमनगर, वारंगल, नलगोंडा, महबूबनगर, रंगारेड्डी और राज्य के अन्य हिस्सों के सभी विधानसभा क्षेत्रों, मंडलों और जिलों के मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन किया।

पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को राज्य सरकार का पुतला जलाने से रोकने के बाद गजवेल, सिद्दीपेट और कुछ अन्य स्थानों पर हल्का तनाव व्याप्त हो गया। हालांकि, प्रदर्शनकारी पुलिस को चकमा देकर पुतले जलाने में कामयाब रहे। किसानों और बीआरएस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार, कांग्रेस पार्टी, रेवंत रेड्डी और कृषि मंत्री के खिलाफ नारे लगाए, क्योंकि उन्होंने चुनावी वादे के मुताबिक प्रति एकड़ 15,000 रुपये का निवेश समर्थन देने का वादा किया था, लेकिन वे विफल रहे। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस ने रैतु भरोसा राशि को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रति एकड़ करने का वादा किया था। उन्होंने विरोध प्रदर्शन तेज करने की चेतावनी दी।



## स्टोर रूम में आग, मरीज बाल-बाल बचे

निर्मल, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिला मुख्यालय अस्पताल की पहली मंजिल पर स्थित स्टोर रूम में आग लगने से मरीज बाल-बाल बच गए। रविवार को यहां बिजली के शॉर्ट-सर्किट से आग लगने का संदेह है। नुकसान हुई संपत्ति का मूल्यांकन अभी किया जाना है। स्टोर रूम में आग लगने पर अस्पताल के कर्मचारियों ने अधिकारियों को सूचित किया। मरीज सुरक्षित रहे क्योंकि आग स्टोर रूम से सटे वार्डों तक नहीं फैली। आग बुझाने के लिए निर्मल फायर स्टेशन से दमकल कर्मियों को बुलाया गया। उन्होंने एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। अस्पताल के अधिकारियों ने राहत की सांस ली, क्योंकि इस दुर्घटना में कोई मरीज घायल नहीं हुआ। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

# आंध्र प्रदेश में एक्स-बॉयफ्रेंड ने लड़की को आग लगाई

### 80 प्रतिशत तक जली 11वीं क्लास की स्टूडेंट अस्पताल में भर्ती

अमरावती, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में एक युवक ने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड को आग लगा दी। पीड़ित लड़की 11वीं क्लास की स्टूडेंट है, जो 80 प्रतिशत तक जल गई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम विग्नेश है, वह पीड़ित को बचपन से जानता था। शनिवार को दोनों मिले और उनके बीच कोई विवाद हुआ। इसके बाद विग्नेश ने लड़की को आग के हवाले कर दिया।

शादी होने के बाद भी एक्स-गर्लफ्रेंड से रिश्ता बनाए रखना था आरोपी पुलिस ने बताया कि यह घटना कडप्पा जिले के बदवेल कस्बे के पास हुई। विग्नेश ने हाल ही में किसी और से शादी की थी, लेकिन वह अपनी एक्स-गर्लफ्रेंड से भी रिश्ता बनाए रखना चाहता था। शनिवार को उसने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड को फोन किया और मिलने की जिद की।



विग्नेश ने धमकी दी कि अगर वह नहीं मिली, तो वह अपनी जान ले लेगा। धमकी के डर से विक्टिम उससे मिलने के लिए राजी हो गई। वह कॉलेज से ऑटो रिक्शा में बैठकर उससे मिलने पहुंची। थोड़ी देर बाद विग्नेश भी ऑटो में आ गया। दोनों बदवेल से लगभग 10 किमी दूर सेंचुरी प्लाईवुड फैक्ट्री के पास पहुंचे। यहां दोनों के बीच कुछ बहस हुई और कुछ समय बाद आरोपी ने पीड़ित पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

खेतों में काम कर रहे किसानों ने पुलिस को जानकारी दी विक्टिम की चीखें सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे किसान उसकी मदद के लिए दौड़े और आग बुझाई। तब तक आरोपी वहां से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने विक्टिम को बदवेल के अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में उसे कडप्पा के राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (आरआईएमएस) में ट्रांसफर किया गया। विक्टिम 80 प्रतिशत जल चुकी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

सीएम चंद्रबाबू ने आरोपी को गिरफ्तार करने का आदेश दिया कडप्पा के पुलिस सुपरिंटेंडेंट हर्षवर्धन ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए चार टीमें बनाई गई हैं। शुरूआती जांच में पता चला कि दोनों एक ही इलाके के रहने वाले थे और बचपन से एक-दूसरे को जानते थे।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायुडू ने पुलिस को आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। उन्होंने फोन पर अधिकारियों से बात की और लड़की की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने पीड़ित के लिए सबसे अच्छा इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## जीओ 317 उपसमिति ने मुख्यमंत्री को सौंपी रिपोर्ट




हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सरकारी आदेश (जीओ) 317 पर कैबिनेट उपसमिति ने रविवार को राज्य में नौकरियों के आवंटन पर अपनी रिपोर्ट तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को सौंप दी। पिछले 3 महीनों में तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री सी दामोदर राजा नरसिम्हा (जो इसके अध्यक्ष भी हैं), आईटी मंत्री डी श्रीधर बाबू और परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर की उपसमिति ने पेशेवर और शिक्षक संघों के सदस्यों और अन्य बुद्धिजीवियों से मुलाकात की और उनके मुद्दों पर चर्चा की। सरकारी कर्मचारियों की शिकायतें भी ईमेल के जरिए प्राप्त की गईं।

दिसंबर 2021 में पेश किए गए सरकारी आदेश 317 में नौकरियों के आवंटन में क्षेत्रीय प्रणाली की शुरूआत की गई। नई प्रणाली तेलंगाना को 2016 में 10 से 31 नए जिलों में पुनर्गठित करने के बाद तैयार की गई थी और आसिफाबाद, भूपालपल्ली, मंचेरियल आदि जैसे नए जिले बनाए गए थे। आदेश में जिला कलेक्टर और जिलों में संबंधित विभाग प्रमुखों को जिला कैडर पदों के लिए नौकरियों और तबादलों पर निर्णय लेने वाली आवंटन समिति का हिस्सा बनने की अनुमति दी गई है। क्षेत्रीय और बहुक्षेत्रीय पदों के लिए, निर्णय प्रमुख सचिव, विशेष मुख्य सचिव, विभागाध्यक्ष और सरकार के वरिष्ठ सलाहकार के पास होगा।

जीओ 317 में लिखा है कि अगर पति-पत्नी राज्य सरकार के अधीन काम कर रहे हैं, स्थानीय निकाय और राज्य सरकार के संस्थानों को अलग-अलग कैडर आवंटित किए गए हैं, तो कैडर बदलने के लिए आवेदन करने का विकल्प दिया जाएगा। प्रशासनिक जरूरतों और रिक्तियों की उपलब्धता के अधीन, और जहां तक संभव हो, पति-पत्नी को एक स्थानीय कैडर में समायोजित किया जाएगा।

## लक्ष्मण ने नारे लगाने वाले राहुल से हैदराबाद के अशोक नगर में आने की मांग की



नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा सांसद लक्ष्मण ने आज राहुल गांधी पर भारतीय संविधान की प्रति हाथ में लेकर नारे लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने मांग की कि राहुल गांधी तुरंत हैदराबाद के अशोक नगर में आकर ग्रुप-1 परीक्षा के अभ्यर्थियों पर पुलिस के लाठीचार्ज को देखें। आज यहां मीडियाकर्मियों से बात करते हुए लक्ष्मण ने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी अशोक नगर सिटी लाइब्रेरी में आए और बेरोजगार युवाओं को अपनी हथेली में जन्नत दिखाई। उन्होंने कहा, ग्रुप-1 के अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे हैं। हमें युवाओं की मांग को समझने की जरूरत है। सीएम रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में तेलंगाना में आरक्षण खत्म करने की साजिश रची जा रही है। आरक्षण के नियम का उल्लंघन कर बेरोजगारों को ठगा जा रहा है। एक साल में दो लाख नौकरियां देने के बजाय अभ्यर्थियों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं और उनके सिर फोड़ दिए जा रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी से जवाब देने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस को जनता के विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

## दशकीय समारोह में शामिल होंगे केटीआर

हैदराबाद, 20 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव को 9 नवंबर को कुआलालंपुर में आयोजित होने वाले मलेशियाई तेलंगाना एसोसिएशन के दशकीय समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह निमंत्रण रविवार को यहां नंदी नगर स्थित उनके आवास पर पूर्व विधायक गदारी किशोर और मलेशियाई तेलंगाना एसोसिएशन के अध्यक्ष तिरुपति के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा दिया गया।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.